हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

**नीरज चौपड़ा, मनु भास्कर होंगे महिला आयोग के ब्रॉड एंबेसडर**

Page 10



देश

**उद्धव ठाकरे से अजित पवार-महाराष्ट्र चुनाव कई दिग्गजों के लिए अस्तित्व की लड़ाई**

शुक्ल पक्ष, रेवती, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • गुरूवार • 17 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 306 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 77,890 | ₹97,000 |

## आज का इतिहास

- **1970 : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व लेग स्पिनर और कप्तान अनिल कुंबले का कर्नाटक की राजधानी बेंगलोर (अब बेंगलुरु) में जन्म हुआ। इन्होंने अपने करियर में 619 टेस्ट और 337 वनडे विकेट चटकाए।**
- **2014 : विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सेनेगल अब इबोला वायरस से मुक्त है।**

## न्यूज बाइट्स

### नायब सैनी ही रहेंगे हरियाणा के सीएम

**नई दिल्ली (ए.)।** हरियाणा में नायब सिंह सैनी ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। बुधवार (16 अक्टूबर) को पंचकूला में BJP विधायक दल की मीटिंग में उन्हें नेता चुना गया। मीटिंग में विधायक कृष्ण बेदी ने नायब सैनी के नाम का प्रस्ताव रखा। जिसका अनिल विज और आरती राव ने समर्थन किया। फिर सभी विधायकों ने नायब सैनी के नाम पर सहमति दे दी। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने नायब सैनी के सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा की। शाह ने कहा हरियाणा की स्थापना से लेकर अब तक कोई भी मुख्यमंत्री लगातार तीसरी बार सफल नहीं हुआ। युवा नायब सैनी के नेतृत्व में हम तीसरी बार चुनाव जीत पाए हैं। शाह के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी ऑब्जर्वर के तौर पर मौजूद रहे।

### केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की बढोतरी

**नई दिल्ली (ए.)।** सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते तथा पेंशनभोगियों की महंगाई राहत में तीन प्रतिशत की बढोतरी करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बाद में एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत में तीन प्रतिशत की बढोतरी एक जुलाई से लागू होगी। यह निर्णय सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों में स्वीकृत फार्मूले के अनुरूप लिया गया है। इस निर्णय से सरकारी खजाने पर 9448.35 करोड़ रूपये का वार्षिक बोझ बढेगा। इस निर्णय से केन्द्र सरकार के 49 लाख 18 हजार कर्मचारियों और 64 लाख 89 हजार पेंशनभोगियों को फायदा मिलेगा।

### बिहार में इन्वेस्ट करेंगे जेके सीमेंट, ब्रिटानिया और पारले

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई। बैठक में ब्रिटेनिया, पारेल, जे के सीमेंट की नई यूनिट लगाई जाने पर हरी झंडी दे दी गई है। राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की बैठक में कुल 62 इकाईयों को उद्योग लगाने की हरी झंडी दी गई है। इन इकाई में 2 हजार 347.47 करोड़ रुपए निवेश करने की स्टेज 1 सैद्धांतिक सहमति दी गयी है। इसके साथ ही कुल 45 इकाईयों में 868.69 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दे दी गयी। बता दें कि अब तक बिहार में वित्तीय वर्ष 2024 25 में अब तक कुल 243 इकाईयों को कुल 4 हजार 646.57 करोड़ की स्टेज 1 स्वीकृति और 146 इकाईयों को 1 हजार 723 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति की हरी झंडी मिली है।

---

बिहार में जहरीली शराब का कहर, कई की आंखों की गई रोशनी

# जहरीली शराब से आठ की मौत

**निज संवाददाता | छपरा-सीवान**

बिहार में एक बार फिर जहरीली शराब का कहर देखने को मिला है। सारण (छपरा) और सीवान जिले में 24 घंटे के भीतर 8 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, कई लोगों की आंखों की रोशनी चली गई है, जिनका अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। स्थानीय लोग इसकी वजह जहरीली शराब बता रहे हैं, हालांकि प्रशासन ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। सीवान में 6 को छपरा में अभी तक दो लोगों की मौत की आशंका है। मरने वालों का आंकड़ा और बढ़ सकता है। बता दें कि बिहार में 2016 से पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है। पिछले कुछ सालों से अवैध शराब का प्रचलन बढ़ा है। छपरा और आसपास के इलाकों में पहले भी दर्जनों लोग जहरीली शराब से जान गंवा चुके हैं।

कथित जहरीली शराबकांड से शुरू हुए मौतों के सिलिसिले के बाद बुधवार को सीवान और सारण दोनों ही जिलों के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस प्रभावित इलाकों में जाकर बीमार लोगों की तलाश कर रही है। आशंका है कि वे पूर्व में जहरीली शराबकांड में हुई कार्रवाई के डर से वे छिपे हुए हैं। प्रशासन का कहना है कि वह संदिग्ध मौतों की असली वजह पता लगाने में जुटा है। मरने वालों का आंकड़ा और बढ़ने की आशंका है।



### एक दिन पहले हुई थी माछ-भात और दारू की पार्टी

कथित शराबकांड में आंखों की रोशनी गंवाने वाले मुमताज के पिता आलम अंसारी ने बताया कि उसके परिवार के तीन लोगों ने मंगलवार शाम को मछली-भात के साथ दारू पार्टी की थी। कुछ घंटों बाद जिन लोगों ने शराब का सेवन किया, वे सभी उलटी करने लगे। उन्हें बेचैनी, सिर दर्द की शिकायत होने लगी एवं आंखों के सामने धुंधलापन छाने लगा। उन्होंने बताया कि भतीजे इस्लामुद्दीन अंसारी की कथित जहरीली शराब पीने के बाद तबीयत बिगड़ने लगी। उसे मशरक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे छपरा सदर अस्पताल रेफर किया गया। मगर छपरा जाते वक्त रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सारण के डीएम अमन समीर ने दो लोगों की मौत की पुष्टि की है। हालांकि, कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि ये मौतें जहरीली शराब के सेवन से हुई हैं। पीड़ितों की हालत देखकर यही लगता है। बिहार पुलिस की शराबबंदी से जुड़ी यूनिट के एक पदाधिकारी ने बताया कि इस मामले की जांच के लिए एएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है।

सारण के एसएसपी राकेश कुमार बुधधवार को छपरा सदर अस्पताल पहुंचे और कथित जहरीली शराब कांड के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मशरक थाना इलाके के इब्राहिमपुर में तुरंत एक टीम को भेजा गया है, जहां संदिग्ध मौतों की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि धर्मेंद्र शाह, मोहम्मद शमशाद और मुमताज अंसारी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीनों की आंखों की रोशनी चली गई है। वहीं, एक अन्य व्यक्ति इस्लामुद्दीन अंसारी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने इब्राहिमपुर के लोगों से अवैध शराब तस्करी की सूचना देने की अपील की है। एएसपी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि इस कांड में किसी भी मासूम या निर्दोष व्यक्ति को परेशान नहीं किया जाएगा। गांव में एक मेडिकल टीम भेज दी गई है।

### सीवान में 6 की मौत

छपरा के पड़ोसी जिले सीवान में भी 6 लोगों की मौत होने की सूचना है। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से चार मौतों की पुष्टि ही की गई है। सीवान के डीएम मुकुल कुमार गुप्ता ने बुधवार को बताया कि भगवानपुर हाट थाना इलाके के मगहर-कौरिया पंचायत में 15 से ज्यादा लोग बीमार हो गए। सभी को सीवान सदर अस्पताल लाया गया, जिनमें से तीन लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, चौथे की पटना पीएमसीएच ले जाते समय मौत हो गई। फिलहाल सीवान सदर अस्पताल में 8 लोगों का इलाज चल रहा है। जबकि, तीन को गंभीर हालत में पटना रेफर किया गया है। पुलिस का कहना है कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कथित जहरीली शराबकांड में जान गंवाने वाले दो लोगों अरविंद सिंह और जगमोहन सिंह का स्थानीय पुलिस ने दबाव डालकर अंतिम संस्कार करवा दिया गया। सीवान एसपी अमितेश कुमार ने कहा कि उन्होंने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली है।

---

# बिहार में बालू माफिया को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा
## हेलीकॉप्टर से अवैध बालू खनन की होगी निगरानी

- **15 अक्टूबर से शुरू है खनन, ड्रोन से भी रखी जाएगी नजर**

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में बालू की अवैध खनन की निगरानी हेलीकॉप्टर से होगी। खनन विभाग ने हेलीकॉप्टर उतारने का फैसला लिया है। अवैध खनन की ड्रोन से भी निगरानी होगी। ड्रोन खरीदने की कार्रवाई शुरू हो गई है। 15 अक्टूबर से बालू खनन शुरू हो चुकी है।

खनन मंत्री विजय सिन्हा ने साफ कर दिया है कि बिहार में बालू माफिया को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खनन विभाग जब 1 हजार करोड़ रुपए का आमदनी कर सकता है तो अवैध खनन को रोकने के लिए हेलीकॉप्टर का भी सहारा लिया जाएगा। विजय सिन्हा ने हेलीकॉप्टर की संख्या के सवाल पर कहा कि जरूरत के मुताबिक समय-समय पर बालू घाटों को रैंडम जांच में हेलीकॉप्टर से निगरानी की जाएगी। बालू माफियाओं पर नकेल कसने के लिए ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी। खान एवं भूतत्व विभाग ड्रोन की खरीदारी करेगा। उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर से घाटों से बालों निकलना शुरू हो गया है।खान एवं भूतत्व विभाग में साफ कर दिया है कि बालू माफियाओं



से अधिकारियों की सांठ-गांठ नहीं चलने वाली है। बालू माफिया से विभाग के अधिकारियों से सांठ गांठ पाएं जाने पर उसे सस्पेंड किया जाएगा। यहीं नहीं विजय सिन्हा ने कहा कि आने वाले दिनों में एक बड़ा खुलासा करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अफसर को सेवा से भी मुक्त कर दिया जाएगा।

### बालू का रेट खुला रहेगा

राज्य सरकार बालू के दाम को ओपन मार्केट कर कंट्रोल करेगा। ओपन मार्केट कर इसे कंट्रोल किया जायेगा। खान एवं भूतत्व विभाग के अपर मुख्य सचिव में कहा कि बालू का दाम नियंत्रण ओपन मार्केट कर किया जाएगा सरकार इसका दर तय नहीं करेगी। ऑनलाइन बालू बेचने में डिमांड और सप्लाई के अनुपात में बालू तय होते रहेंगे अर्थशास्त्र के नियम मुताबिक दाम तय होंगे।

बिहार में 190 घाट पर बालू खनन शुरू हो चुका है। आने वाले दिनों में 27 और घाट खनन के लिए तैयार होगा। बिहार में कुछ दिन में 217 घाट पर बालू का खनन शुरू हो जाएगा। पिछले साल यह संख्या 115 थी।

### इंस्पेक्टर राज किया जायेगा खत्म

खान एवं भूतत्व विभाग डिपार्टमेंट में इंस्पेक्टर राज को खत्म करना चाहती है। इसके लिए नए कानून लेकर आई है। नए कानून के तहत गाड़ी मालिकों को राहत दी गई है। ओवरलोडिंग पर इंस्पेक्टर राज को खत्म किया गया है। गाड़ियों पर बालू की 5 फीसदी की ओवरलोडिंग पर फाइन खत्म कर दिया गया है। साथ हीं अपनी खेत से मिट्टी खुदाई करने पर भी धड़-पकड़ नहीं की जाएगी। बिहार सरकार घाट को बंदोबस्त कर उसे बेचने वाली है। घाट की वीडिंग के एक सप्ताह के अंदर एलओआई जारी नहीं किए जाने पर विभाग अपने ही अधिकारियों पर 1 लाख रुपए का जुर्माना ठोक सकेगा। कानून में घाट की नीलामी के पहले पर्यावरण से एनओसी देने का प्रावधान किया गया है। पर्यावरण विभाग घाट का पहला निक देगा उसके बाद टेंडर जारी किया जाएगा। मंत्री विजय सिन्हा ने बताया कि पूर्व में घाट को एनओसी में 7 से 8 महीने की देरी होती थी लेकिन, अब इतनी देरी नहीं होगी।

---

# शिक्षा विभाग ने एक साथ पांच जिलों के डीईओ पर की बड़ी कार्रवाई

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार के 5 जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों (डीईओ) के खिलाफ शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जिन जिलों के डीईओ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गई है, उनमें बांका, जमुई, पटना, सहरसा और सीवान शामिल हैं। विभाग ने माना है कि बार-बार निर्देश के बावजूद इन जिला शिक्षा पदाधिकारियों ने जिलों में पदस्थापित कर्मचारियों को मानदेय या वेतन भुगतान में गंभीर लापरवाही बरती है। विभाग ने पीत पत्र के बदले आवश्यक पत्र जारी कर यह कार्रवाई की है। विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा से संबंधित यह आदेश शिक्षा विभाग के अपर सचिव संजय कुमार ने विभाग के प्रशासी निदेशक को दिया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार बांका, जमुई और पटना जिले के डीईओ ने बीपीएमयू का मानदेय और आधार ऑपरेटर का मानदेय भुगतान नहीं किया गया। वहीं सहरसा जिले के डीईओ ने विद्यालय सहायक, विद्यालय परिचारी और आधार ऑपरेटर का मानदेय भुगतान नहीं किया। इसी तरह सीवान जिले में शिक्षा विभाग के अधीन कार्यरत आधार ऑपरेटरों का मानदेय भुगतान नहीं किया गया। शिक्षा विभाग की ओर से इन सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों को कई बार चेतावनी दी गई थी। इसके बाद भी इन लोगों ने वेतन या मानदेय भुगतान के लिए आवश्यक कार्रवाई नहीं की। स्थिति यह रही कि 15 अक्टूबर को जब शिक्षा विभाग के वरीय अधिकारियों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक में इसकी समीक्षा की तो पता चला कि संबंधित कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि बार-बार निर्देश के बावजूद इन जिलों के कर्मचारियों के वेतन भुगतान में लापरवाही बरती गई है।

---

# सीएम ने कटिहार में 183 योजना का किया शिलान्यास

- **5400 भूमिहीन परिवारों को दिया बासगीत पर्चा**

**निज संवाददाता | कटिहार**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कटिहार के बरारी प्रखंड पहुंचे। जहां उन्होंने 405.5 करोड़ रुपए की लागत से 183 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने लगभग 5400 भूमिहीन परिवारों को बासगीत का पर्चा भी वितरित किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने एक बार फिर आरजेडी के साथ गठबंधन करने को अपनी गलती माना। उन्होंने कहा कि वे दो बार गलती से इधर-उधर चले गए थे, लेकिन अब ऐसी गलती कभी नहीं करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम नीतीश ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। साल 2005 से पहले के हालातों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पहले कुछ काम





नहीं हुआ था। अब काम हो रहा है। सभी लोग काम कर रहे हैं। गांव से लेकर प्रदेश तक के विकास में लगे हुए हैं। बरारी से विधायक विजय सिंह निषाद ने भी लोगों से बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार बेहतर काम कर रही है।

इस कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी, कटिहार प्रभारी मंत्री नीरज सिंह बबलू, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, और अन्य कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान हेलीपैड पर प्रवेश न मिलने से जदयू कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखने को मिली। सुरक्षा के कारण केवल चिन्हित लोगों को ही हेलीपैड पर जाने की अनुमति थी, जिससे जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुशवाहा सहित कई कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। हालांकि, विधायक विजय सिंह निषाद के हस्तक्षेप के बाद कार्यकर्ताओं को शांत कराया गया।

वहीं बिहार की खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, प्रभारी मंत्री नीरज सिंह बबलू, जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद सहित कई नेता मौजूद रहे।

---

# सुरक्षित प्रसव के लिए 14 हजार एएनएम और नर्स होंगी प्रशिक्षित

- **स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने सुरक्षित संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए स्टाफ नर्स और एएनएम को स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट (एसबीए) प्रशिक्षण देने का दिया निर्देश**

**निज संवाददाता | पटना**

सुरक्षित संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए राज्य के 14 हजार से ज्यादा स्टाफ नर्स एवं एएनएम को स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट (एसबीए) का और प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह निर्देश स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने समीक्षा बैठक में दिये। मंत्री ने अगली समीक्षा बैठक के पहले प्रशिक्षित स्टाफ नर्स और एएनएम की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया है। मुजफ्फरपुर, गया, सीतामढ़ी और



भागलपुर में कम प्रशिक्षण की स्थिति को सुधरने पर जोर दिया गया। उपनिदेशक प्रशिक्षण को निर्देश दिया गया है कि जिलों में उपलब्ध स्टाफ नर्स एवं एएनएम की संख्या के अनुरूप एसबीए प्रशिक्षण के बैच को बढ़ाया जाय। उसी के अनुरूप मास्टर ट्रेनर की संख्या भी बढ़ाई जाय। स्वास्थ्य मंत्री ने एसबीए प्रशिक्षण को दो साल के अंदर पूरा करने को कहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 तक एसबीए प्रशिक्षित की संख्या को 50 प्रतिशत तक करने का निर्देश दिया गया। सभी निर्देशों का अनुपालन सिविल सर्जन, डीपीएम, आरपीएम और उप निदेशक प्रशिक्षण सुनिश्चित करेंगे।

---

# बृज बिहारी हत्याकांड : मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी को उम्रकैद की सजा, कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार के पूर्व मंत्री बृजबिहारी प्रसाद हत्याकांड मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला को उम्रकैद की सजा दी है। आज 16 अक्टूबर को मुन्ना शुक्ला सहित मंटू तिवारी ने पटना के एमपी एमएलए कोर्ट में अपने आप को आत्म समर्पण कर दिया। जिला कोर्ट में सरेंडर करने से पहले उन्होंने अपने पैतृक गांव में मीटिंग की, जिसमें उनके चाहने वाले लोग शामिल हुए थे। मुन्ना शुक्ला को यह सजा 26 साल पुराने बृज बिहारी हत्याकांड मामले में मिली है।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 1998 के बृज बिहारी प्रसाद हत्याकांड में



आत्मसमर्पण के लिए समय मांगने वाली बिहार के पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला की याचिका खारिज कर दी थी। 3 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने मुन्ना शुक्ला और एक अन्य आरोपी को 1998 में पूर्व मंत्री बृज बिहारी की हत्या के सिलसिले में दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा, जबकि छह अन्य को बरी कर दिया। मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी को अपनी-अपनी सजा की शेष अवधि काटने के लिए 15 दिनों के भीतर संबंधित जेल अधिकारियों, अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने को कहा गया था, जबकि पूर्व सांसद सूरजभान सिंह और छह अन्य को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया है। बता दें कि 13 जून 1998 को बृज बिहारी प्रसाद और उनके बॉडीगार्ड लक्ष्यमेश्वर साह की हत्या पटना के आईजीआईएमएस परिसर में कर दी गई थी।

---

# दाखिल-खारिज मामलों का जल्द होगा निपटारा

**पटना(नि.सं.)।** बिहार में दाखिल खारिज सहित राजस्व की सभी लंबित ऑनलाइन सेवाओं का अगले तीन महीने में समाधान किया जायेगा। इसके लिए दाखिल खारिज और परिमार्जन के अधिक लंबित मामलों वाले अंचलों में राजस्व अधिकारियों की तैनाती की जायेगी। इस संबंध में विभागीय समीक्षा बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने अधिकारियों को निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने लापरवाह अधिकारियों की पहचान करने के लिए कहा है। बैठक में विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, सचिव जय सिंह और निदेशक भू–अभिलेख एवं परिमाप जे प्रियदर्शिनी ने भाग लिया।

---

# अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं पर मासिक बैठक आयोजित

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को पटना स्थित हज भवन में मासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता विभाग के सचिव ने की, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से उप निदेशक, सहायक निदेशक और जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य में चल रही अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और उनकी प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना था। बैठक में विशेष रूप से अल्पसंख्यक कल्याण छात्रावास योजना पर चर्चा हुई, जिसके तहत सभी छात्रावासों को उनकी पूर्ण आवासन क्षमता के साथ चलाने का निर्देश दिया गया। छात्रों को प्रति माह 1000 रुपये का छात्रावास अनुदान और 15 किलोग्राम खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। जिन जिलों में बालक और बालिका छात्रावास के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां के अधिकारियों को भूमि का प्रस्ताव भेजने के लिए निर्देशित किया गया। वक्फ विकास योजना के तहत राज्य की सभी वक्फ संपत्तियों के निबंधन, प्रबंध समिति के गठन और बहुउद्देश्यीय भवनों के निर्माण की समीक्षा की गई। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे वक्फ संपत्तियों का निबंधन और प्रबंध समिति का गठन शीघ्र पूरा करें। अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय योजना के तहत जिन जिलों से सरकारी भूमि प्राप्त हो चुकी है, वहां भूमि का दाखिल-खारिज करने के निर्देश दिए गए। जिन जिलों में भूमि चिन्हित नहीं की गई है, वहां वक्फ या सरकारी भूमि का चयन कर प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में सचिव ने अधिकारियों को योजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए तत्परता से कार्य करने और समयबद्ध तरीके से रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग सुविधा

हज भवन, पटना में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे बीपीएससी, एसएससी, बैंकिंग और रेलवे की तैयारी के लिए कोचिंग कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन कोचिंग कार्यक्रमों का उद्देश्य अल्पसंख्यक छात्रों को उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है, ताकि उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। यह कोचिंग सुविधा राज्य भर में विभिन्न अल्पसंख्यक छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को भी प्रदान की जा रही है।

---

रबी सीजन के लिए एमएसपी घोषित

# केन्द्र सरकार ने गेहूं और चना समेत 6 फसलों पर एमएसपी बढ़ाई

**एजेंसी | नयी दिल्ली**

केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए गेंहू, चना और जौ समेत छह रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने वर्ष 2025-26 के लिए अनिवार्य रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के प्रस्ताव का अनुमोदन किया । बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सरकार ने



किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के वास्ते वर्ष 2025-26 में रबी फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है। एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि रेपसीड और सरसों के लिए 300 रुपये प्रति क्विंटल और मसूर के लिए 275 रुपये प्रति क्विंटल की घोषणा की गई है। चना के लिए 210 रुपये प्रति क्विंटल, गेहूं के लिए 150 रुपये प्रति क्विंटल, कुसुम के लिए 140 रुपये प्रति क्विंटल और जौ के लिए 130 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है।

### फसल कितनी बढ़ी एमएसपी

- गेहूं 2425 रुपये प्रति क्विंटल
- जौ 130 रुपये प्रति क्विंटल
- चना 210 रुपये प्रति क्विंटल
- मसूर 275 रुपये प्रति क्विंटल
- सरसों 300 रुपये प्रति क्विंटल
- कुसुंभ-140 रुपये प्रति क्विंटल

उन्होंने बताया कि नये एमएसपी के अनुसार गेंहू का मूल्य 2275 रुपए से बढाकर 2425 रुपये, जौ का मूल्य 1850 रुपए से बढाकर 1980 रुपए, चना का मूल्य 5440 रुपए से बढाकर 5650 रुपए, मसूर का मूल्य 6425 रुपए से बढाकर 6700 रुपए, रेपसीड एवं सरसों का मूल्य 5650 रुपए से बढाकर 5950 रुपए और कुसुम का मूल्य 5800 रुपए से बढाकर 5940 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया गया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रिमंडल के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने रबी सीजन 2025 - 26 के लिए छह रबी फसलों गेहूं, जौ, चना, मसूर, रेपसीड एवं सरसों और कुसुम के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़े, वह सशक्त और समृद्ध बनें, इसके लिए केंद्र सरकार संकल्पित है। रबी फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी के फैसले के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक अभिनंदन।

---

# बिहार में पहली बार स्पोर्ट क्लाइंबिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में पहली बार स्पोर्ट क्लाइंबिंग चैंपियनशिप 2024 का भव्य आयोजन हुआ। इस चैंपियनशिप का उद्घाटन बिहार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने बुधवार को पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग में किया। इस अवसर पर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण भी मौजूद थे। चैंपियनशिप के उद्घाटन के दौरान खेल मंत्री ने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया और स्पोर्ट क्लाइंबिंग वॉल का निरीक्षण कर इस खेल के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

इस कार्यक्रम में खेल मंत्री को क्लाइंबिंग का होल्ड, कैप और टी-शर्ट देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि बिहार में एडवेंचर स्पोर्ट्स के प्रति युवाओं की बढ़ती रुचि को देखते हुए इस चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। यह पहली बार है कि बिहार में स्पोर्ट क्लाइंबिंग की प्रतियोगिता हो रही है, जो रॉक क्लाइंबिंग की तरह एक रोमांचक खेल है। उन्होंने बताया कि पाटलिपुत्र खेल परिसर में हाल ही में स्पोर्ट क्लाइंबिंग वॉल का निर्माण किया गया है, जहां यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरपा में चलती मेमू ट्रेन से गिरा किशोर, हालत गंभीर

**फतेहपुर**। गया-कोडरमा रेल खंड के गुरपा रेलवे स्टेशन के रेल फाटक के पास आसनसोल से गया जा रही मेमू एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किशोर को आरपीएफ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रात में ही निजी वाहन से इलाज के लिए गुरपा से फतेहपुर अस्पताल पहुंचाया और उसकी जान बचाई। घायल किशोर करण कुमार (15) फतेहपुर थाना क्षेत्र के समदा गांव निवासी विनोद चौहान का पुत्र बताया गया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि घटना के समय करण अपने परिजनों के साथ ट्रेन संख्या 13545 अप आसनसोल-गया मेमू एक्सप्रेस ट्रेन में तेतुलमारी से पहाड़पुर स्टेशन तक सफर कर रहा था। यह ट्रेन जब गुरपा रेलवे स्टेशन से खुलकर रेलवे फाटक के पास से गुजर रही थी, तभी ट्रेन के गेट पर खड़ा रहे करण चलती ट्रेन से अचानक नीचे गिर गया। इस घटना की सूचना उन्हें स्टेशन मास्टर चंदन कुमार से मिली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक मृत्युंजय कुमार अकेला, प्रधान आरक्षी हरिमोहन मीणा, आरक्षी मिंकु कुमार व रंजीत सिंह को तत्काल घटना स्थल पर भेजा गया। उनके वहां पहुंचने पर रेल किलोमीटर संख्या 425/23ए के पास झाड़ी में करण को घायल अवस्था में गिरा पड़ा पाया गया।

### विश्व हाथ धुलाई दिवस पर विद्यालयों में कार्यक्रम

**करायपरसुराय**। प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में मंगलवार को विश्व हाथ धुलाई दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया।कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को भोजन करने से पहले तथा शौच के बाद साबुन से हाथ को अच्छे तरीके से धोने की बात बतायी गई। उत्क्रमित मध्य विद्यालय करायपरसुराय, आदर्श मध्य विद्यालय डियावां, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सांध, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सतरजावाग में भी आयोजन हुआ।

### उद्घाटन के 8 माह बाद शुरू हुई हो पाई ओपीडी सेवा

**परवलपुर**। स्थानीय बाजार स्थित डाकबंगला मैदान में नवनिर्मित तीस बेड वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन के आठ महीने बाद मंगलवार से ओपीडी शुरू की गई है। बता दें कि अस्पताल का वर्चुअल उद्घाटन बीते 25 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। मंगलवार से अस्पताल चालू कर दिया गया है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि जब इस तरह का अस्पताल नहीं था तो प्रखंड एवं नगर पंचायत के लोगों को साधारण बीमारी का इलाज के लिए भी बिहारशरीफ जाना पड़ता था। अब यह परेशानी दूर हो गयी है। अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर, एक्सरे मशीन, इमरजेंसी सेवा, ओपीडी आदि की सुविधा मिलनी शुरू हो गयी है। करीब सात करोड़ की लागत से अस्पताल को बनाया गया है। बीते 9 सितंबर को हिलसा एसडीओ प्रवीण कुमार ने भी नवनिर्मित सामुदायिक अस्पताल का निरीक्षण कर जल्द से जल्द शुरू करने का आदेश दिया था। इसके बाद सिविल सर्जन के आदेश पर मंगलवार से ओपीडी शुरू की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डाक्टर नूतन कुमारी ने बताया कि मरीजों का इलाज शुरू हो गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों का इलाज शुरू हो गया। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पहली मरीज ममता कुमारी का स्वागत फूल माला, अंग वस्त्र और उपहार देकर किया। ममता कुमारी को सामान्य डिलीवरी से लड़का हुआ और डॉक्टर महेश कृष्ण के देखरेख में जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। इस अवसर पर समाजसेवी अक्षय कुमार, मनीष कुमार कोबरा, रामकली देवी, वार्ड कमिश्नर मोचू सिंह और अन्य उपस्थित थे।

### हथियार के साथ कुख्यात अपराधी गिरफ्तार, STF और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**पटना**। गया जिले में एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। चंदौती थाना से लूटी गई राइफल और कारतूस के साथ कुख्यात अपराधी बैद्यनाथ यादव को गिरफ्तार किया है। बैद्यनाथ का आपराधिक इतिहास रहा है। इसके खिलाफ आधा दर्जन से ज्यादा गंभीर मामले दर्ज हैं। पटना एसटीएफ और गया पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की है। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि लूटी गई राइफल के साथ अपराधी गुरुआ थाना क्षेत्र कठवाड़ा गांव में छिपा हुआ है। इनपुट के आधार पर एक टीम का गठन को अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधी के पास से 303 बोर की पुलिस राइफल, 21 जिंदा कारतूस और 1 मैगजीन बरामद हुआ है। बरामद राइफल 1997 में चंदौती थाना से नक्सलियों ने लूट लिया था। इस मामले में चंदौती थाना में मामला दर्ज किया गया था।

### बंद घर का ताला काटकर जेवरात नकदी समेत लाखों की संपत्ति चोर

**मानपुर**। मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सिद्दार्थपुरी कॉलोनी रोड नम्बर 1 में दुर्गा पूजा के अवसर पर घर बंद कर गांव जाना गृहस्वामी को भारी पड़ गया। अपराधियों ने मुख्यद्वार का ताला काट कर लाखों रुपए मूल्य के सामान पर अपना हाथ साफ कर दिया। पीड़ित द्वारा मामले की लिखित तहरीर स्थानीय थाना में दी गई। भुक्तभोगी हेमंत कुमार सिंह ने कहा कि बीते 10 अक्टूबर को दुर्गा पूजा के अवसर पर घर बंद कर सपरिवार अपने गांव विशनपुर गए थे। 14 अक्टूबर को पड़ोसी द्वारा मुख्यद्वार का ताला टूटे होने की सूचना दी। जिसके बाद जब वापस लौटे तो घर के अंदर की स्थिति देख पाव तले जमीन खिसक गया। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। गोदरेज में रखे लगभग तीन लाख के सोने के जेवर सहित 50 हजार नगद गायब था। उन्होंने कहा कि इस दौरान किरायेदार के कमरे से भी लगभग 10 हजार नगद सहित 80000के समान लेकर चंपत हो गए। चोरी की सूचना जंगल में लगी आग के तरह मोहल्ले में फैल गई। बड़ी संख्या में आसपास के लोग पहुंच गए। मौकाए वारदात पर पुलिस की नाकामी को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। स्थानीय लोगो ने कहा कि कई बार पुलिस गश्त का मांग की गई हैं। लोगो ने कहा कि पुलिस गश्ती के नाम पर केवल मुख्य सड़क पर ही दिखती है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही एस आई रविराज मौके पर पहुंच कर छानबीन की।

### रास्ता न होने से नहीं स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण नहीं

**नगरनौसा**। प्रखंड क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड कर 30 बेड वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण को लेकर वर्षों से चली आ रही समस्या अब भी बरकरार है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को लेकर जमीन तो उपलब्ध करा दी गई है, लेकिन रास्ता नहीं होने के कारण आज तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। जिससे प्रखंड क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का बेहतर लाभ नहीं मिल रहा है।लोग भवन का निर्माण कार्य शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। सीओ सत्येंद्र कुमार ने बताया कि सीएचसी निर्माण को लेकर प्रखंड के कैला पंचायत अंतर्गत उस्मानपुर-लोदीपुर मौजा के खेसरा नम्बर 414 में 70 डिसमिल जमीन उपलब्ध करा दिया गया है। लेकिन रास्ता नहीं होने के कारण सीएचसी का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। रास्ता को लेकर दो डिसमिल जमीन अधिग्रहण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव स्वीकृत होने पर जल्द ही ज़मीन अधिग्रहण कर लिया जायेगा। बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन लिमिटेड के उप महाप्रबंधक परियोजना ने 20 दिसम्बर 2021 में ही सिविल सर्जन नालंदा को नगरनौसा, करायपरसुराय एवं नूरसराय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण को लेकर ज़मीन उपलब्ध कराने को कहा था। लेकिन नगरनौसा में अभी तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। जबकि नूरसराय में तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन भी हो चुका है। इस बात को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है। लोगों को प्राइवेट अस्पताल की शरण लेनी पड़ती है। स्वास्थ्य सुविधाओं का होगा विस्तार बता दें कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अपग्रेड होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनने पर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलने लगेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आउटडोर के अलावा प्रसव, प्रसव पूर्व जांच, ब्लड प्रेशर, टीकाकरण, डायबिटीज, एक्स-रे, 14 विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती, ऑपरेशन की सुविधा, पर्याप्त मात्रा में दवा की व्यवस्था, अल्ट्रासाउंड, सभी प्रकार के जांच, शिशु, महिला, सर्जरी, नेत्र व सामान्य चिकित्सकों की तैनाती, उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं के अलावा अन्य सुविधाएं भी मिलेगी। लेकिन जब तक भवन का निर्माण नहीं होता तबतक लोगों को इन सेवाओं के लिए इंतजार करना होगा।

# किसान कॉलेज में प्रशासनिक अव्यवस्था के खिलाफ आक्रोश

## अभाविप ने चलाया हस्ताक्षर अभियान, TC-माइग्रेशन सर्टिफिकेट लेने में परेशानी

निज संवाददाता। नालंदा



किसान कॉलेज में पिछले दो सप्ताह से जारी प्रशासनिक शून्यता के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) ने बुधवार को एक हस्ताक्षर अभियान चलाया। कॉलेज में प्रिंसिपल और इंचार्ज की अनुपस्थिति के कारण छात्रों के भविष्य पर गंभीर प्रश्न चिह्न लग गया है। अभाविप नालंदा के जिला संयोजक प्रतीक राज ने इस मुद्दे पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, "यह अत्यंत दुखद है कि पिछले 15-16 दिनों से किसान कॉलेज बिना किसी प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी के चल रहा है। इससे हजारों छात्रों का भविष्य दाव पर लग गया है।" राज ने बताया कि इस अव्यवस्था के कारण छात्रों को अपने आवश्यक दस्तावेज जैसे TC, माइग्रेशन सर्टिफिकेट आदि प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, "कई छात्रों ने मुझसे संपर्क किया है कि वे समय पर CLC न मिलने के कारण अन्य संस्थानों में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं।"

**प्रांतीय स्तर पर चर्चा हो चुकी**: अभाविप ने इस मुद्दे को हल करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। राज ने कहा, "हमने चार बार कुलपति महोदय से बात करने की कोशिश की, लेकिन वे उपलब्ध नहीं हुए। रजिस्ट्रार ने केवल आश्वासन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।" इस स्थिति के मद्देनजर, अभाविप ने आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। राज ने चेतावनी दी, "यदि हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो हम कुलपति कार्यालय का घेराव भी करेंगे। इस संबंध में अभाविप के प्रांतीय स्तर पर चर्चा हो चुकी है।" इस अभियान में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साहिल मेहता, अमित कुमार, सुमित जैंसन, अभिषेक कुमार, प्राची कुमारी सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# नालंदा में बोलेरो ने बुजुर्ग को रौंदा, मौत

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में मंगलवार को सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मामला चिकसौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निरिया गांव के समीप की है। मृतक की पहचान चिकसौरा थाना क्षेत्र के खोखना गांव निवासी स्व.शिवनंदन चौधरी के (65) वर्षीय पुत्र लक्ष्मण चौधरी के रूप में की गई है। देर शाम परिजन शव के पोस्टमर्टम को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक के परिजन ने बताया कि लक्ष्मण चौधरी सोमवार को अपने ससुराल निरिया गांव आए थे। जहां उनके ससुराल में पूजा-पाठ के बाद बलि दी गई थी। जहां वह प्रसाद ग्रहण कर मंगलवार की सुबह अपने घर लौट रहे थे। तभी गांव के बाहर बोलेरो ने उन्हें कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के क्रम में देर शाम उनकी मौत हो गई। इसके उपरांत स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

♦ ससुराल से प्रसाद खाकर लौट रहे थे घर, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही**: चिकसौरा थानाध्यक्ष बबन कुमार ने बताया कि इलाज के क्रम में बुजुर्ग की मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस पर मामले की जांच में जुट गई है। वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# नालंदा में दिव्यांगों के लिए विशेष शिविर

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में दिव्यांगजनों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर के निर्देशानुसार, जिले के सभी स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों, अनुमंडलीय स्वास्थ्य केंद्रों और जिला सदर अस्पताल में 17 से 19 अक्टूबर तक विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में दिव्यांग UDID कार्ड बनवा सकेंगे और कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण के लिए आवेदन कर सकेंगे।


**क्या है UDID कार्ड?**: UDID कार्ड एक विशिष्ट पहचान पत्र है जो दिव्यांगजनों को दिया जाता है। इस कार्ड के जरिए दिव्यांग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

**शिविर में क्या होगा?**: शिविरों में दिव्यांगजनों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा और उनके दिव्यांगता प्रमाण पत्रों को UDID कार्ड से लिंक किया जाएगा। साथ ही, दिव्यांगजन कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण के लिए भी आवेदन कर सकेंगे।

♦ UDID कार्ड और कृत्रिम अंग के लिए आवेदन, 17 से 19 अक्टूबर के बीच विशेष अभियान

# गोपनीय शाखा के लापता क्लर्क स्टेनो छत्तीसगढ़ से बरामद, पत्नी ने गुमशुदगी की रिपोर्ट कराई थी दर्ज

निज संवाददाता। गया



गया में जिले के डीएम दफ्तर की गोपनीय शाखा के आशु लिपिक पंकज कुमार लापता थे। जिन्हें गया पुलिस ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग रेल थाना की मदद से सकुशल बरामद कर लिया है। पंकज का मोबाइल सोमवार की सुबह 10:00 बजे के बाद से बंद था। 10:00 बजे के आसपास उनका लोकेशन रामपुर थाना क्षेत्र में मिला था। उसके बाद से उनका लोकेशन ट्रेस नहीं हो रहा था। पंकज कुमार किस हाल में है कहां है इस बात की जानकारी न तो उनके घर वालों को थी और न ही उनके ऑफिस वालों को। पंकज कुमार की पत्नी संगीता कुमारी ने रामपुर पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हालांकि रिपोर्ट दर्ज कराने में पीड़ित परिवार को सिविल लाइंस और रामपुर थाने का कुछ देर के लिए चक्कर काटना पड़ा।

**क्वाटर से ऑफिस के लिए निकले थे**: दसअसल में पंकज कुमार सोमवार सुबह अपने क्वाटर सेवा नगर से ऑफिस के लिए निकले थे। उसके बाद से ही वे लापता चल रहे थे। सोमवार देर शाम तक जब पंकज कुमार घर नहीं लौट सके थे तो उनके घर वालों की चिंता बढ़ने लगी थी। उन्होंने आस पड़ोस और उनके दोस्तों से जानकारी ली थी पर कहीं से कोई पता नहीं चल सका था। मंगलवार शाम तक पंकज नहीं मिले तो उनकी पत्नी ने रामपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। खास बात यह कि पंकज की स्कूटी डीएम कोठी परिसर में पाई गई थी लेकिन उनका कोई अता पता नहीं चल रहा था।

♦ ऑफिस जाने के बाद नहीं लौटे घर

**पंकज को लाया जा रहा**: एसएसपी आशीष भारती ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया है कि आशु लिपिक जो लापता थे। उनकी सकुशल बरामदगी हो गई है। पुलिस की विशेष टीम छानबीन में जुट गई थी। जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि पंकज को साउथ बिहार एक्सप्रेस ट्रेन में सफर करते हुए देखा गया है। इस पर गया पुलिस ने दुर्ग रेल थाना की मदद से उन्हें बरामद कर लिया गया है। दुर्ग रेल पुलिस को पंकज ने बताया है कि वह अपनी मर्जी से दुर्ग तक आए। एसएसपी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पंकज को वापस लाया जा रहा है। गया आने बाद उनसे पूछताछ के बाद ही विशेष जानकारी शेयर की जा सकेगी।

# नालंदा में 5 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार, फर्जी एटीएम, सिम कार्ड और मोबाइल फोन बरामद

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा जिले में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में 5 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह में साला-बहनोई सहित कई राज्यों में सक्रिय अपराधी शामिल थे। पुलिस ने इनके पास से बड़ी संख्या में फर्जी एटीएम कार्ड, सिम कार्ड और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मानपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। सदर डीएसपी वन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ युवक बाइक पर फर्जी सिम और एटीएम कार्ड लेकर आ रहे हैं। जानकारी के आधार पर धनकी मोड़ के पास एक बाइक पर सवार तीन युवकों को रोका गया। तलाशी के दौरान उनके पास से बड़ी मात्रा में फर्जी एटीएम कार्ड, सिम कार्ड और अन्य संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुए। इन तीनों की निशानदेही पर दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया गया।

**कई राज्यों के लोगों को ठगते थे**: गिरफ्तार अपराधियों में नवादा जिले के पृथ्वी राज कुमार, मोनू कुमार उर्फ आशिक राज, पंकज कुमार तथा नालंदा के मंटू कुमार और प्रदीप कुमार शामिल हैं। ये लोग विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फर्जी विज्ञापन और लॉटरी जीतने के झांसे देकर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों के लोगों को ठगते थे। पुलिस ने इस गिरोह से कुल 19 फर्जी एटीएम कार्ड, 15 फर्जी सिम कार्ड, दो बाइक और पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं। यह मामला साइबर अपराध की बढ़ती चुनौतियों को रेखांकित करता है, जिसमें अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर आम लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं।

गिरोह में साला-बहनोई भी शामिल

# गया में राज्यस्तरीय अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन



निज संवाददाता। गया

खेल विभाग बिहार सरकार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और जिला प्रशासन गया द्वारा राज्यस्तरीय अंदर-19 बालक वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले दिन पटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर और ईस्ट चंपारण की टीम विजयी रही। खास बात यह कि राज्य में हर प्रकार के खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकार खासा प्रयास कर रही है। लेकिन दूसरी ओर राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन के लिए न तो राज्य सरकार के मंत्री के पास समय है और न ही जिला प्रशासन के पास। खेल को बड़े ही हलके में लिया जा रहा है। गया में शुरू हुई राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन से डीएम जरूरी काम में बिजी हो गए। डीएम ने उप समाहर्ता राजीव रंजन को भेज कर अपनी जिम्मेदारी पूरी की, लेकिन मंत्री ने ऐसा कुछ भी नहीं किया। प्रतियोगिता हरिहर सुब्रमण्यम स्टेडियम गांधी मैदान में हो रही है। इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी 38 जिलों की क्रिकेट टीम भाग ले रही है। खास बात यह भी है कि फुटबॉल के मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उद्घाटन मैच पटना बनाम मधुबनी खेला गया। मधुबनी के मैच में राजीव रंजन वरीय उप समाहर्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इनके द्वारा खिलाड़ियों को अनुशासन साथ खेलने का मंत्र दिया गया। दिन के अपराह्न में डॉ ओमप्रकाश जिला शिक्षा पदाधिकारी गया, शिवहर मोतिहारी के मैच में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के लिए उपस्थित हुए। इनके द्वारा खिलाड़ियों को खूब मेहनत और लगन के साथ लक्ष्य निर्धारित कर खेलने का मंत्र दिया गया। जिला खेल पदाधिकारी गया नरेश कुमार चौहान द्वारा सभी का स्वागत किया गया एवं स्मृति चिन्ह एवं पुष्प - गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

♦ समारोह में नहीं पहुंचे मंत्री-डीएम, 29 अक्टूबर तक बालक वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**आज खेले गए मैच के परिणामः** पहला मैच पटना वनाम मधुबनी के बीच खेला गया जिसमें पटना ने 7 ओवर में कल 109 रन 2 विकेट खोकर बनाया। वहीं मधुबनी की टीम सात विकेट खोकर 24 रन ही बना सकी। दूसरा मैच वैशाली और समस्तीपुर के बीच खेला गया, जिसमें वैशाली ने 06 ओवर में कुल 66 रन 1 विकेट खोकर बनाया। समस्तीपुर की टीम 7 विकेट खोकर 54 रन ही बना पाई। तीसरा मैच मुज्जफरपुर और जहानाबाद के बीच खेला गया। जिसमें मुजफ्फरपुर ने 7 ओवर में कुल 78 रन 2 विकेट खोकर बनाया। वही जहानाबाद 03 विकेट खोकर 67 रन ही बना पाई। इस मौके पर शैलेंद्र, धनंजय सिंह, गुलरेज अख्तर,विनय कुमार,सुनील कुमार, सचिन कुमार,मुकेश प्रकाश व अन्य तकनीकी पदाधिकारी मैदान पर उपस्थित रहे। बुधवार का पहला मैच दरभंगा व बक्सर के बीच खेला जाएगा। यह प्रतियोगिता 29 तक चलेगी।

# गया-लोकमान्य तिलक के बीच नई ट्रेन दौड़ेगी रेल यात्रियों को 23 अक्टूबर से मिलेगी सुविधा

निज संवाददाता। गया



गया व लोकमान्य तिलक टर्मिनल मुंबई के बीच अब एक नई ट्रेन की भी सुविधा रेल यात्रियों को मिलने जा रही है। रेलवे यह सेवा 23 अक्टूबर से ही मुहैया कराई जाएगी। 22358/22357 गया-लोकमान्य तिलक-गया एक्सप्रेस का नियमित परिचालन गया से 23 अक्टूबर से हर बुधवार को और लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 25 अक्टूबर से प्रत्येक शुक्रवार को किया जाएगा। गाड़ी सं. 22358 गया-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस गया से हर बुधवार को 19.00 बजे खुल कर 20.15 बजे कोडरमा, 21.20 बजे हजारीबाग टाउन, 22.30 बजे बरकाकाना, 23.34 बजे मेसरा रुकते हुए गुरुवार को 00.05 बजे रांची, 00.25 बजे हटिया, 03.10 बजे राउरकेला, 04.53 बजे झारसुगडा, 05.52 बजे रायगढ़, 08.00 बजे बिलासपुर, 09.55 बजे रायपुर, 10.55 बजे दुर्ग, 12.57 बजे गोंदिया, 14.55 बजे नागपुर, 15.58 बजे वर्धा, 18.16 बजे बडनेरा, 19.15 बजे अकोला, 21.25 बजे भुसावल, 21.58 बजे जलगांव, शुक्रवार को 01.42 बजे नासिक रोड और 04.47 बजे कल्याण रुकते हुए 05.50 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनल मुंबई पहुंचेगी।

**लोकमान्य तिलक टर्मिनल से हर शुक्रवार चलेगी गाड़ी**: वापसी में गाड़ी सं. 22357 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-गया एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक टर्मिनल से प्रत्येक शुक्रवार को 13.15 बजे खुलकर पूर्व निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुए शनिवार को 15.50 बजे हटिया, 16.20 बजे रांची, 17.08 बजे मेसरा, 18.00 बजे बरकाकाना, 19.10 बजे हजारीबाग टाउन और 20.15 बजे कोडरमा रुकते हुए 22.50 बजे गया पहुंचेगी । नई ट्रेन में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01 कोच, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03 कोच, तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 03 कोच, शयनयान श्रेणी के 06 कोच और साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे ।

अप और डाउन दिशा में यह ट्रेन गया और लोकमान्य तिलक टर्मिनल के बीच कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बरकाकाना, मेसरा, रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगडा, रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बडनेरा, अकोला, भुसावल, जलगांव, नासिक रोड एवं कल्याण स्टेशनों पर रुकेगी।

## न्यूज बाइट्स

### आधार सेंटर का हुआ शुभारंभ

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखण्ड के गायत्री प्रोजेक्ट इंटर विद्यालय कौआकोल में बुधवार को नया आधार कार्ड बनाने एवं आधार में सुधारने का कार्य शुभारंभ किया गया। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार ने बताया कि विभाग के निर्देश पर उनके विद्यालय में आधार कार्ड बनाने एवं सुधारने का सेंटर का उद्घाटन बुधवार को किया गया। इस सेंटर के खुल जाने से 18 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं को आधार कार्ड बनाने एवं इसमें किसी तरह की त्रुटि को सुधारने का कार्य करवाने में सुविधा होगी।

### 25 अक्टूबर को अंतिम पैक्स मतदाता सूची को होगा प्रकाशन

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** सरकार ने पैक्स चुनाव की घोषणा कर दिया है। नारदीगंज प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पैक्सों में होने वाले पैक्स चुनाव 2024 को लेकर पैक्स मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है। प्रभारी बीडीओ सह प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह ने कहा पैक्स चुनाव होने वाले हैं। इस चुनाव को लेकर पैक्स मतदाता सूची का पारूप का प्रकाशन प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में कर दिया गया है। वैसे मतदाता सूची में आपत्ति भी दर्ज कर सकते हैं। दावा आपत्ति का कार्य बीते नौ अक्टूबर से शुरू हुआ है,जो आगामी 22 अक्टूबर तक प्रखंड कार्यालय में आपत्ति दर्ज कराई जाएगी। दावा आपत्ति के लिए दो तरह का प्रपत्र है, प्रपत्र एम(3) और प्रपत्र एम (4) है। कहा गया दावा आपत्ति के लिए प्रखंड कार्यालय में कार्य अवधि में लिया जाएगा। इसके लिए तीन सहायक सहायक निर्वाची पदाधिकारी हैं, जिसमे सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह एमओ रविरंजन कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रामसागर पाल के अलावा प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आदित्य कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं 25 अक्टूबर को पैक्स मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उसी मतदाता सूची के अनुसार आगामी तिथि को होने वाले पैक्स चुनाव कराया जाएगा। उक्त मतदाता सूची को पैक्स बेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इस प्रखंड में 11 पैक्स हैं। जिसमे ननौरा पैक्स को छोड़कर अन्य दस पैक्सों में चुनाव होगा। आगामी 25 नवम्बर से पांच दिसम्बर 2024 के बीच में पैक्स चुनाव होने की सम्भावना है।

### यात्री बस से 21 बोतल विदेशी शराब साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के चितरकोली पंचायत स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी ने एक यात्री बस की जांच में 21 बोतल विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। साथ ही शराब पीकर बिहार प्रवेश करने वाले 16 लोगों को भी हिरासत में लिया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर जांच चौकी पर झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। बीती रात्रि रजौली उत्पाद टीम ने झारखण्ड की ओर से आने वाले एक यात्री बस की तलाशी लेने पर बस में सवार एक व्यक्ति के पास से ब्लेंडर्स प्राइड के 750 एमएल के 21 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान वैशाली जिले के भगवानपुर गांव निवासी पप्पू कुमार के रूप में किया गया है। वहीं मंगलवार की संध्या से लेकर बुधवार की सुबह तक 16 शराबियों को हिरासत में लिया गया। सभी लोगों के शराब पीये होने की पुष्टि ब्रेथ एनालाइजर मशीन से हुई। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं शराबियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां सभी लोगों ने जुर्माना राशि जमाकर अपने-अपने घर चले गए। इस मौके पर उत्पाद एसआई, सिपाही, सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत आपूर्ति कार्यालय पर दिया धरना



**नवादा (नि.सं.)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा. अखिलेश प्रसाद सिंह के निर्देश पर जिला अध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मनटन सिंह की अध्यक्षता में नवादा विद्युत आपूर्ति कार्यालय के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस धरना के द्वारा सरकार को स्मार्ट मीटर और प्रीपेड मीटर से हो रही परेशानियों से अवगत कराना था। धरने में भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी बात रखी। जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा, "प्रीपेड मीटर और स्मार्ट मीटर से आम आदमी को काफी दिक्कतें हो रही हैं। जिनका बिल पहले 1000 रुपये आता था, अब वह 3000 रुपये तक पहुंच गया है, जिससे लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हिसुआ विधायक नीतू सिंह ने भी धरने को संबोधित करते हुए कहा, "अगर सरकार स्मार्ट मीटर और प्रीपेड मीटर लगाने का काम नहीं रोकती, तो हमारा आंदोलन जारी रहेगा। इस धरने में पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष बंगाली पासवान, अंजनी कुमार पप्पू, रजौली प्रखंड अध्यक्ष राम रतन गिरी, नारदीगंज प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र सिंह, काशी चक प्रखंड अध्यक्ष सकलदेव सिंह, कौआकोल प्रखंड अध्यक्ष चंद्रभूषण, यूथ जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरशाद, रंजीत मुखिया, अखिलेश सिंह, मोहम्मद इमरान फरहत, एजाज अली मुन्ना, मुकेश कुमार, एजाज अली अहमद, ड्रोन कुमार, गणेश सिंह, शैलेंद्र सिंह, इंटक जिला अध्यक्ष मनीष कुमार, रजनीकांत दीक्षित, महिला जिला अध्यक्ष रामा परवीन, गायत्री देवी, नवादा प्रखंड अध्यक्ष संजीत कुमार, वारिसलीगंज प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू कुमार, रोह प्रखंड अध्यक्ष नीतीश पासवान आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। धरना प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की है और लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया है।

### बर्थडे में डीजे पर अश्लील गाने बजने से विरोध जताने पर जमकर किया मारपीट

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र में नवयुवकों द्वारा अपने संगी-साथियों के बर्थडे मनाने के अतरंगी होड़ देखने को मिल रहा है। कई लोग राज्यमार्ग एवं राजमार्ग के अलावे अन्य सड़कों पर अपने साथियों को बुला लेते हैं और बीच सड़क पर केक काटकर हल्ला-हंगामा करके बर्थडे मनाते हैं, तो कई लोग मोहल्ले के वैसे जगहों का चयन करते हैं, जो खाली हो। उस खाली स्थान पर डीजे को भाड़े पर लाकर अश्लील गाने बजाकर नाच-गाकर बर्थडे मनाते हैं। बुद्धिजीवियों की मानें तो पुलिस एवं प्रशासन को इन लोगों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई अथवा कड़ी चेतावनी की जरूरत है। क्योंकि ये लोग आसपास के लोगों के विरोध जताने पर आक्रोशित होकर मारपीट करने लग जाते हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला महसई मोहल्ला में सोमवार की रात्रि को देखा गया। जहां बर्थडे पार्टी मना रहे कुछ लोगों को घर के लोगों ने मना किया, तो पार्टी मना रहे लोग आक्रोशित होकर विरोध

# स्कॉर्पियो व हाइवा की जोरदार टक्कर में एक की मौत छह घायल

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



थाना क्षेत्र के हरदिया के सेक्टर 'ए' के समीप एन.एच-20 पर हाइवा ने सामने से आ स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें सवार एक 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई एवं चालक समेत आठ लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के घनसुपुर गांव में एक युवक को नौकरी बिहार पुलिस में लगी थी। जिसके कारण खुशी मनाने व रजरप्पा माई के पूजा हेतू परिजनों के साथ मंगलवार को झारखंड स्थित रजरप्पा जा रहा था। इसी दौरान रजौली थाना क्षेत्र में हरदिया के समीप एनएच 20 देर रात्रि करीब 11 बजे रात्रि में अज्ञात हाइवा ट्रक ने सामने से आ स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर दे मारी। जिसमें सवार एक व्यक्ति बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के घनसुरपुर गांव निवासी शनिचर महतो के पुत्र राजेन्द्र महतो की मौत घटन स्थल पर हीं हो गई। वहीं घायलों में बख्तियारपुर थानाक्षेत्र के घनसुपुर निवासी बिपिन कुमार, संजय राउत,(1) दीपक कुमार, चंदन कुमार,(2) दीपक कुमार और अभिषेक कुमार, अवधेश कुमार और पवन कुमार है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो हाइवा ट्रक ने इतनी जोरदार टक्कर मारी थी कि लगभग सौ मीटर तक स्कॉर्पियो हाइवा ट्रक में फंसी हुई पीछे चली गई थी। घटना की सूचना लोगों ने रजौली थाने को दी। हालांकि हाइवा ट्रक पुलिस बलों के पहुंचने से पहले हीं आगे पीछे कर फंसी हुई स्कॉर्पियो से छुटकारा पाकर लोगों को तड़पता हुआ छोड़ कर भाग निकला। दुर्घटना की सूचना मिलते हीं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार अपने पुलिस बलों के साथ पहूंचे। स्कॉर्पियो में सवार घायलों को निकाल कर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ सतीश चंद्रा घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु विम्स अस्पताल पावापुरी रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि स्कॉर्पियो में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई है तथा चार व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। बाकी अन्य चार लोगों को मामूली चोटे आई है, जिन्हें इलाज के लिए भेज दिया गया है। जब से फोरलेन सड़क चालू हुआ है, तब से हीं मरम्मत के नाम पर गाबर कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा अक्सर एक साइड के रास्ते को अवरुद्ध कर रखा जा रहा है। यही वजह है कि सामने से तेज रफ्तार वाले बड़े वाहन छोटी वाहनों को खिलौना समझ कर टक्कर दे मार रहे हैं। पिछले एक माह से बाइपास स्थित पुल छतिग्रस्त है। जिसका मरम्मती के नाम एक तरफ के रास्ते को पूर्णतया अवरुद्ध कर रखा गया है। यही वजह है कि रात्रि में आमने-सामने वाहनों की टक्कर अक्सर हो जा रही है। जिसमें कभी-कभी मौतें हो रहीं हैं तो कभी-कभी लोग गंभीर रूप से जख्मी हो जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण में अरबों रूपये लगाया तो गया है। लेकिन गुणवत्ता के नाम पर लूट खसोट किया गया। जिसका नतीजा है एक साल के अंदर सड़क की हालत खस्ता हाल है।

## चिकित्सा पदाधिकारी ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**काराकाट (रोहतास) (नि. सं.)।** गोडारी स्थित मां इमरजेंसी नर्सिंग होम में जच्चा बच्चा की मृत्यु पर उठे सवाल के बीच मंगलवार को सिविल सर्जन रोहतास के नेतृत्व में किए गए निरीक्षण के दौरान जो तथ्य सामने आए उसके आधार पर नर्सिंग होम के संचालक उमेश कुमार सिंह के खिलाफ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोडारी के द्वारा स्थानीय थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई। मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सिविल सर्जन ने अपनी जांच रिपोर्ट के बारे में बतलाया है कि थाना प्रभारी फूलदेव चौधरी चिकित्सा पदाधिकारी एवं चिकित्सा प्रबंधक के साथ निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि नर्सिंग होम का दरवाजा आगे से बंद था जबकि पीछे से दरवाजा का शटर केवल दिखावे के लिए बंद था। शटर को जब खोला गया तो अंदर दस से ज्यादा चौकी जो बेड के रूप में दिख रहे थे, पड़ा हुआ था जिस पर कोई रोगी भर्ती नहीं थे। सामान भी नर्सिंग होम से सब गायब थे। अगल-बगल कुछ कार्टून फेके गए थे जिसको देखकर यह प्रतीत हुआ कि कार्रवाई के डर से कथित नर्सिंग होम संचालक अपनी बोरिया बिस्तर समेट कर भागने का प्रयास किया।

## बिहार विद्यालय कराटे प्रतियोगिता में भाग ले रहीं जिले की छात्र-छात्राएं

**निज संवाददाता | नवादा**



कराटे में जिले की बेटियां अपना कमाल दिखायेंगी। राज्य स्तरीय बिहार विद्यालय खेल कराटे प्रतियोगिता के लिए जिले के खिलाड़ी की टीम रवाना हुई हैं। जिले से बालिका अंडर-14 एवं अंडर-17 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कुल 11 खिलाड़ी रवाना हुए हैं। अंडर- 14 वर्ग में नंदनी कुमारी, दिव्या कुमारी, संजना कुमारी, सिमरन कुमारी, अंबिका कुमारी व अक्सा भाग ले रही हैं। वहीं अंडर- 17 में रिया कुमारी, अंजली कुमारी, सुप्रिया कुमारी, सौंदर्या कुमारी भाग ले रही हैं। 15 से 18 अक्टूबर तक भागलपुर में होने वाले आयोजन के लिए टीम प्रभारी ओम कुमार व कोच के रूप में धीरज कुमार साथ गये हैं। जिले के खेल पदाधिकारी ने जीत की अग्रिम शुभकामना देकर टीम को रवाना किया।

## स्वास्थ्य शिविर में 113 दिव्यांग बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन में बिहार शिक्षा परियोजना और सर्व शिक्षा अभियान की ओर से प्रखंड स्थित दिव्यांग बच्चों के लिए मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 6 से 18 वर्ष तक के बच्चों की जांच की गयी। शिविर में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से आये दिव्यांग बच्चों का मूल्यांकन किया गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद बच्चों को जरुरत के अनुसार उन्हें किट दिया जायेगा। इस दौरान डॉ. आलोक कुमार, डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. किरण कुमारी, डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. सुप्रिया कुमारी व डॉ. नवलेश कुमार मौजूद रहे। चिकित्सक ने बताया कि शिविर में 6 से 18 वर्ष के 113 बच्चों की दिव्यांगता जांच की गयी एवं उनका रजिस्ट्रेशन किया गया। जांचोपरांत 33 बच्चों को ट्राई सायकिल व व्हील चेयर एवं 20 बच्चों को कान की मशीन दिया गया। वहीं 11 बच्चों को कृतिम अंग हेतु नाप आदि लिया गया है। साथ ही जांच के दौरान दिव्यांग पाए जाने बच्चे को इस दौरान दिव्यांग प्रमाणपत्र भी जारी किया गया। उन्होंने कहा कि इससे दिव्यांग बच्चों के जीवनचर्या में थोड़ी सुविधा होगी एवं पठन-पाठन में भी सहूलियत होगी। चिकित्सक ने कहा कि जांच के दौरान कृत्रिम अंग को लगाए जाने को लेकर एक बार पुनः शिविर का आयोजन कर वितरण कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## घर में घुसकर लाखों रुपये मूल्य के जेवरात व नकदी की चोरी

» **थाना में दिए आवेदन में पीड़ित दिवाकर कुमार ने बताया कि मंगलवार की संध्या लगभग पौने सात बजे कौआकोल बाजार स्थित अपने होमियोपैथी दुकान को बन्द कर जोगाचक घर पहुंचा, तो देखा कि सीढ़ी के बगल का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ। जिसके बाद उन्हें किसी के घर में प्रवेश करने का संदेह हुआ। इसके बाद घर के अंदर जाने पर पिछला दरवाजा भी खुला हुआ पाया।**

**निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)**



रोह मुख्य पथ पर जोगाचक गांव में एक निजी होमियोपैथी चिकित्सक के घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने एक लाख पांच हजार रुपये नकदी समेत लाखों रुपये के सोना,चांदी के आभूषण की चोरी कर लिया। इस सम्बंध में पीड़ित व्यक्ति व थाना क्षेत्र के भलुआही गांव निवासी स्वर्गीय नौरंगी साव के पुत्र दिवाकर कुमार ने बुधवार को कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस से चोरी गए सामानों की बरामदगी की गुहार लगाई है। थाना में दिए आवेदन में पीड़ित दिवाकर कुमार ने बताया कि मंगलवार की संध्या लगभग पौने सात बजे कौआकोल बाजार स्थित अपने होमियोपैथी दुकान को बन्द कर जोगाचक घर पहुंचा, तो देखा कि सीढ़ी के बगल का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ। जिसके बाद उन्हें किसी के घर में प्रवेश करने का संदेह हुआ। इसके बाद घर के अंदर जाने पर पिछला दरवाजा भी खुला हुआ पाया। वहीं घर के कमरे में रखा आलमीरा खुला हुआ था एवं सारा सामान बिखरा हुआ पाया। जिसके बाद चेक करने पर पाया कि आलमीरा में रखा सारा जेवर एवं एक लाख पाँच हजार रुपये नकदी की चोरी कर ली गई है। जिसके बाद पीड़ित द्वारा पुलिस से गुहार लगाई गई है।

## सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की हुई मौत

**बिक्रमगंज (आससे) (नि. सं.)।** बुधवार को डेहरी बिक्रमगंज पथ पर मोटरसाइकिल दुर्घटना से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी इलाज के क्रम में मौत हो गई। थानाध्यक्ष बिक्रमगंज ललन प्रसाद ने बतलाया कि विक्रमगंज और डेहरी पथ के सलेमपुर के पास वरना पेट्रोल पंप के सामने काराकाट थाना क्षेत्र के ग्राम मुंजी निवासी हाशिम खां, जिनकी उम्र उम्र 65 वर्ष बताई जा रही हूं। मोटरसाइकिल से दुर्घटना हो जाने के कारण गंभीर अवस्था में घायल होने के स्थिति में बिक्रमगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए।

## भोजपुरी गायिका अनुपमा यादव से अभद्रता, प्राथमिकी

**निज संवाददाता | नवादा**

जिले के वारिसलीगंज प्रखंड के नारोमुरार गांव में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भोजपुरी गायिका अनुपमा यादव व उनके सहयोगियों के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट का मामला सामने आया है। मामले को लेकर गोरखपुर के गोरखनाथ रसूलपुर गांव निवासी गायिका अनुपमा ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में कुटरी पंचायत की मुखिया अभिनव आनंद तथा पूजा समिति के सदस्यों समेत अन्य ग्रामीणों को आरोपित किया है। गायिका के अनुसार, जब वह टोली समेत कार्यक्रम समाप्त कर लौटने लगी, तब आरोपितों ने अभद्रता करते हुए मारपीट की। मारपीट में उनके सहयोगी भी जख्मी हो गए, जिनका उपचार स्थानीय सीएचसी में कराया गया। कलाकारों के गले की चेन छीन लेने तथा वाहन का शीशा तोड़कर नुकसान पहुंचाने का आरोप भी लगाया। घटना का वीडियो बना रहे पकरीबरावां थाना क्षेत्र के कैसौरी ग्रामीण रंजय सिंह का मोबाइल छीन लिया। अनुपमा की टोली के घायल कलाकार वरुण पासवान का आवेदन अलग से एससी-एसटी थाना नवादा में दिया गया है। वारिसलीगंज थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा ने प्राथमिकी व आवेदन की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि आरोपों की जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। मुखिया अभिनव आनंद ने कहा है कि कलाकार के सारे आरोप निराधार हैं।

## नगर परिषद क्षेत्र में इलेक्ट्रीक शव दाह गृह बनाने को लेकर अधिकारियों ने लिया जायजा



**निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)**

नगर परिषद क्षेत्र के विकास एवं नगरवासियों की सुविधा के लिये सरकार के द्वारा जारी निर्देश के आलोक में नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी समीर कुमार एवं अंचल अधिकारी राजेश कुमार ने क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया। अधिकारीयों ने बताया की सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लेकर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार नगर परिषद क्षेत्र में श्मशान घाट को सुविधा जनक बनाने एवं शव दाहसंस्कार के लिये आधुनिक इलेट्रिक शव दाह घर बनाने के लिये उपयुक्त भूमि की जाँच कर प्रतिवेदन की मांग की गयी है। साथ ही साथ नगर परिषद क्षेत्र में बस स्टैंड एवं मछली तथा शब्जी बाजार को बाजार से बाहर करने के लिये उपयुक्त भूमि की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा की बाजार के मुख्य सड़क पर बस स्टैंड एवं मछली बाजार रहने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है जिसके कारण लोगों को आवागमन में काफ़ी परेशानी होती है। नगर परिषद क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को सुलभ बनाने के लिये भूमि की तलाश की जा रही है। बिहार सरकार की जमीन नहीं रहने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाबजूद जल्द ही इस दिशा में कार्य किये जायेंगे। अंचल अधिकारी ने कहा की सरकार के द्वारा जारी निर्देश के अनुसार मरघट, नाला, पोखरा, तालाब आदि जमीन पर किसी प्रकार का बसावट नहीं किया जा सकता है, बहरहाल वारिसलीगंज में बस स्टैंड एवं मछली तथा शब्जी बाजार के लिये पर्याप्त जमीन बिहार सरकार की नहीं उपलब्ध हो पा रही है। उन्होंने कहा की दाह संस्कार करने के लिये लकड़ी का प्रयोग किया जाता है, कई स्थानों पर विधुत शव दाह घर का निर्माण व प्रयोग किया जा रहा है, वारिसलीगंज में भी शव का दाह संस्कार के लिये विधुत शव दाह गृह, सरोवर एवं शेड बनाने के लिये भूमि का जाँच प्रतिवेदन भेजा जायेगा। उसके बाद जिलाधिकारी के आदेशानुसार कार्य योजना तैयार किया जायेगा। मौके पर नगर परिषद मुख्य पार्षद रेखा देवी, कनीय अभियंता अरुण कुमार एवं नगर परिषद के कर्मी मौजूद थे।

# 19 को नवादा से हुंकार भरेंगे निशिकांत

**निज संवाददाता | नवादा**

आगामी 19 अक्टूबर को नवादा गया पथ पर स्थित आदर्श वाटर पार्क में आयोजित होने वाली जन आशीर्वाद संवाद यात्रा की सफलता के लिये जन सम्पर्क अभियान तेज हो गया है। जिला कुशवाहा सेवा समिति के सैकड़ों कार्यकता जिले के विभिन्न प्रखंड के विभिन्न गावं में जाकर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दें रहें है।समाज सेवी निशिकांत सिन्हा के द्वारा किये गए कार्यों एवं उनके संदेश को को घर घर तक पहुंचाया जा रहा है।निशिकांत सिन्हा ने कहा की मुझे लोकनीति के तहत राजनीति करने का संकल्प ही निशिकांत सिन्हा का संकल्प है। समाज का आर्थिक और शैक्षणिक विकास में राजनीति का बड़ा योगदान है। समाज के अंतिम पायदान पर खडे लोगों को न्याय के साथ विकास एवं संवैधानिक रूप से उनके अधिकारों को दिलाने एवं मुख्य धारा से जोड़ने में राजनीति का सबसे बड़ा महत्व है। मेरा मानना है की ज़ब तक आप राजनीति में शीर्ष पर नहीं है तब तक आप समाज का सर्वांगीण विकास और उसके हित के लिये कोई ठोस नीति नहीं बना सकते है। ज़ब आप राजनैतिक रूप से मजबूत होंगे तब ही आप समाज का चहुमुँखी विकास आप कर सकते हैं।बीते पांच बर्षो में निशिकांत सिन्हा के द्वारा किया गया सामाजिक कार्य विशेष लोकनीति की श्रेणी में है जिसकी ख़ास आवश्यकता समाज को है। अब समाज का कर्तव्य ही नहीं बल्कि फर्ज है की ऐसे लोगों को राजनीति में प्रवेश दिलाने के लिये पूरी प्रतिवद्द्ता के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का संकल्प भी ले। और यह समय की मांग भी है। लोकनीति और राजनीति, दोनों ही समाज को संचालित करने और जनहित के मुद्दों को सुलझाने की महत्वपूर्ण प्रक्रियाएँ हैं। हालांकि, इन दोनों में स्पष्ट अंतर है। जहां राजनीति सत्ता और शासन से जुड़ी होती है, वहीं लोकनीति का उद्देश्य समाज के लिए बेहतर नीति-निर्धारण और समग्र विकास होता है। दोनों के बीच अंतर को समझना, लोकतांत्रिक व्यवस्था को बेहतर ढंग से चलाने और आम जनता की भलाई सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। राजनीतिः राजनीति शब्द को आमतौर पर सत्ता से जोड़कर देखा जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य शासन व्यवस्था में प्रवेश करना, पद प्राप्त करना और उसे बनाए रखना होता है। राजनीति का आधार सत्ता प्राप्ति और उसका संरक्षण होता है, चाहे वह लोकतंत्र हो, तानाशाही हो या किसी अन्य प्रकार की शासन प्रणाली। राजनीतिक दल, चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से सत्ता में आते हैं और अपने एजेंडा के आधार पर शासन करते हैं। वर्तमान समय में, राजनीति अक्सर सत्ता संघर्ष और व्यक्तिगत या दलगत स्वार्थों के इर्द-गिर्द घूमती दिखाई देती है। कई बार, इसका मूल उद्देश्य जनसेवा और समाज की भलाई से हटकर सत्ता के लिए संघर्ष और लाभ अर्जित करना बन जाता है। चुनावी राजनीति में धनबल, बाहुबल और वोट बैंक की राजनीति हावी हो जाती है। सत्ता में बने रहने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा विभाजनकारी नीतियों और जनहित को नज़रअंदाज़ करने की घटनाएँ भी देखी जा सकती हैं। लोकनीतिः लोकनीति का शाब्दिक अर्थ है "जननीति" यानी जनता के हित में नीति निर्माण। लोकनीति राजनीति से अलग इसलिए है क्योंकि इसका केंद्रबिंदु सत्ता नहीं, बल्कि समाज की सेवा और भलाई है। इसमें नीतियों का निर्माण इस उद्देश्य से होता है कि समाज के सभी वर्गों को समान अवसर मिले, समाज का विकास हो और जनकल्याण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएँ।लोकनीति का आधार नैतिकता, पारदर्शिता, और समावेशी दृष्टिकोण पर टिका होता है। इसमें नीतियां जनता की भलाई और सामाजिक न्याय पर आधारित होती हैं, न कि किसी दल या व्यक्ति के स्वार्थ पर। लोकनीति समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान पर विशेष ध्यान देती है, और यह सुनिश्चित करती है कि सरकारी नीतियां केवल कुछ चुनिंदा लोगों के फायदे के लिए नहीं बनाई जाएं, बल्कि पूरे समाज के कल्याण के लिए हों।महात्मा गांधी, जिन्होंने स्वराज और ग्राम स्वराज की अवधारणा प्रस्तुत की थी, लोकनीति के सच्चे प्रतिनिधि थे। उनका विचार था कि सत्ता का विकेंद्रीकरण होना चाहिए और नीतियों का निर्माण स्थानीय स्तर पर जनता की जरूरतों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए।अब है की वर्तमान परिवेश में राजनीति और लोकनीति के बीच कैसे संतुलन बनाया जाय ताकि दोनों एक साथ सामान्य गति से सामाजिक अवधारणाओं को पूरा कर सके। लोकनीति और राजनीति के बीच संतुलन की आवश्यकता है, क्योंकि किसी भी लोकतांत्रिक समाज में राजनीति के बिना शासन संभव नहीं है। लेकिन अगर राजनीति केवल सत्ता संघर्ष तक सीमित हो जाए और लोकनीति की उपेक्षा हो, तो इसका समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जनता का विश्वास शासन और सरकार से उठने लगता है और



व्यवस्था में भ्रष्टाचार, असमानता और अन्याय बढ़ने लगते हैं। इसलिए, राजनीतिक दलों और नेताओं को लोकनीति के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए। नीतियों का निर्माण इस तरह से होना चाहिए कि वे समाज के विकास और जनता की भलाई पर केंद्रित हों, न कि केवल सत्ता प्राप्ति के लिए। लोकनीति और राजनीति के बीच का अंतर हमें यह सिखाता है कि केवल सत्ता प्राप्ति ही शासन का उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि जनता के हित में नीतियों का निर्माण और कार्यान्वयन होना चाहिए। राजनीति का उपयोग अगर जनहित में किया जाए और लोकनीति के साथ संतुलन स्थापित किया जाए, तो एक समृद्ध, न्यायपूर्ण, और समावेशी समाज का निर्माण संभव हो सकता है।और इसके लिये बिहार में परिवर्तन और लोकनीति की राजनीति करने के लिये नवादा से इसका आगाज निशिकांत सिन्हा के नेतृत्व में 19 अक्टूबर से प्रारम्भ होने वाला है जिसका उद्देश्य लोकनीति ही है। इस कड़ी में वारिसलीगंज, हिसुआ, नारदीगंज, नवादा, रोह, मेस्कोर, अकबरपुर, गोविंदपुर, रजौली, कौआकोल सहित अन्य प्रखंडो में सघन जन सम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### कार्यशाला में जैविक खेती की दी गई जानकारी

**भागलपुर।** कृषि विज्ञान केंद्र, सबौर में मंगलवार को आईसीसीओए की ओर से जैविक खेती पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में किसानों को जैविक खेती से जुड़े संसाधन व प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कृषि अधिकारी अनिल यादव ने किया। कहा कि उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उपजाऊ क्षमता में कमी आई है। ऐसे में जैविक खेती न केवल भूमि की उर्वरता को बनाए रखती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाती है। वरीय वैज्ञानिक डॉ. राजेश कुमार ने जैविक खेती के महत्व, इसके लाभ और इस दिशा में किसानों के लिए उपलब्ध तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला में सहायक प्रोफेसर डॉ. शंभू प्रसाद ने जैविक खेती के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जैविक खेती में खेती की पारंपरिक विधियों का उपयोग किया जाता है, जिससे मिट्टी की सेहत बनी रहती है।

### भागलपुर की रग्बी टीम भोजपुर के लिए हुई रवाना

**भागलपुर।** भागलपुर की टीम भोजपुर में अंडर-17 वर्ग की रग्बी प्रतियोगिता में भाग लेगी। बालक की इस प्रतियोगिता के लिए टीम मंगलवार को रवाना हुई। भागलपुर की टीम के जिला खेल पदाधिकारी जय नारायण कुमार ने भोजपुर के लिए रवाना किया। इस दौरान सतीश चंद्र, आमिर, भागलपुर रग्बी संघ के कोच कुणाल कर्ण, टीम प्रभारी कृति गौतम, टीम मैनेजर रौनक कुमार मौजूद थे। प्रतियोगिता में जो टीम भागलपुर का प्रतिनिधित्व करेगी उसमें प्रीतम पंडित, सुमित कुमार, आयुष कुमार, कुणाल कुमार हर्ष, सनी कुमार, विशाल कुमार, आशुतोष कुमार चौरसिया, आदित्य कुमार, आनंद कुमार, आशीष कुमार, राहुल कुमार और रामजी कुमार शामिल हैं।

### जिला नियोजन कार्यालय में कल लगेगा जॉब कैंप, 40 अभ्यर्थी का होगा चयन

**मुंगेर।** प्रभारी जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने बताया कि 17 अक्टूबर यानी गुरुवार को जिला नियोजन कार्यालय में जॉब कैंप लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 11 बजे से शाम 4 बजे तक इच्छुक अभ्यर्थी जॉब कैंप में नियोजक से जॉब के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपना आवेदन व बायोडाटा जमा कर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। जॉब कैंप में भाग लेने वाले आवेदक कार्यालय में आकर एनसीएस पोर्टल पर निबंधन अवश्य करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आमधाने प्राइवेट लिमिटेड की ओर से आईटीआई फीटर ट्रेड में 15 रिक्ति, 10वीं पास के लिए 15 रिक्ति और 8वीं पास के लिए 10 रिक्ति पदों पर अभ्यिर्थियों का चयन होगा।

### तेजी से बदल रहा मौसम , दिन व रात के पारा में बढ़ रहा अंतर

**मुंगेर।** दुर्गा पूजा के शुरूआत के साथ ही जिले के मौसम में भी बदलाव आना शुरू हो चुका है, जो माता की विदायी के साथ पूरी तरह सुहाना हो चुका है। विगत एक पखवाड़े से जिले के मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। दिन-रात के तापमान में भी अंतर साफ दिख रहा है। सुबह और शाम लोगों हल्की ठंड का एहसास करवा रहा है। वहीं दोपहर की धूप भी निस्तेज हो चुकी है। हल्की पुरविया हवा सुबह-शाम शरीर को ठंड की सिहरन दे रही। आने वाले 2-3 सप्ताह में जिले का पारा काफी अधिक लुढ़कने का अनुमान है। मंगलवार को आसमान में सुबह बादलों का कब्जा बना रहा और धूप पर बादल भारी रहा, जिसके कारण धूप निस्तेज रही। इन दिनों सूर्योदय और सूर्यास्त के बीच भी लगभग प्रत्येक दिन 1-2 मिनट का उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सूर्योदय जहां 1 से 2 मिनट विलंब दर्ज किया जा रहा है। वहीं सूर्यास्त भी 1-2 मिनट पहले हो रही है। कुल मिलाकर कहा जाए तो दिन छोटा और रात लंबी हो रही है। दिन और रात के तापमान का बढ़ रहा अंतर जिससे बीमार हो रहे लोग सोमवार को दिन का तापमान 32 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि मंगलवार को दिन का तापमान 32 डिग्री से गिरकर 31 पर आ गया। वहीं रात का पारा 2 डिग्री गिर कर 23 पर पहुंच गया। आर्द्रता 62% व पुरवा हवा 7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रही थी। मौसम विभाग ने कहा है कि इस बार सर्दी का सितम अधिक होगा। नवंबर से जनवरी तक सबसे अधिक ठंड महसूस होगी। ला-नीना के 20 अक्टूबर के बाद से सक्रिय होने के कारण ही मौसम अपना रंग बदलेगा। इस बार सर्दी लंबे समय तक पड़ेगी और ला-नीना समय से पहले सक्रिय हो जायेगा। रात के तापमान में भी तेजी से बदलाव आ रहा है। आने वाले कुछ हफ्तों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट देखने को मिल सकती है।

### पीएचसी जैसी हालत हो गई है सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की, अधीक्षक कहते हैं-अकेले कहां-कहां जाकर चेक करेंगे

**भागलपुर।** उद्घाटन के सवा माह बाद भी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में पीएचसी की तरह ही मरीजों का इलाज हो रहा है। यहां आनेवाले अधिकतर मरीजों को डॉक्टर बिना जांच कराए ही दवा लिख देते हैं। उन्हें एक सप्ताह से 15 दिन तक दवा खाने की सलाह देते हैं। इसके बाद दोबारा आने पर ही आगे की जांच कराने की सलाह देते हैं। लिहाजा मरीजों का इलाज इस तकनीकी युग में भी इतने बड़े अस्पताल में अंदाज पर ही चल रहा है। जबकि इस अस्पताल में बड़ी गंभीरता से इलाज करने की सुविधा बहाल करने का निर्देश सरकार ने दिया है। यह स्थिति इसलिए है क्योंकि वहां खून, पेशाब व रेडियोलॉजिकल जांच की सुविधा ही नहीं है। मामले में जेएलएनएमसीएच के अधीक्षक डॉ. केके सिन्हा का कहना है कि हम कहां-कहां जाकर चेक करेंगे कि कैसे काम चल रहा है। छह सितंबर को उद्घाटन के दिन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने अफसरों से कहा था कि यहां के आधुनिक ऑपरेशन थियेटर का भी इस्तेमाल करें। पर अभी तक सिर्फ चार विभाग ही चालू हो सके हैं। उसमें भी अधिकतर मरीज न्यूरो सर्जरी के ही रहते हैं। मंगलवार को न्यूरो सर्जरी में जहां 32 मरीज आए, वहीं हार्ट के 22 मरीजों का इलाज हुआ। जबकि किडनी के डॉक्टर छुट्टी पर रहे तो वहां आए मरीजों को लौटना पड़ा। प्लास्टिक सर्जरी में भी मरीज नहीं आए। मुंगेर जिला के तारापुर अनुमंडल के धौनी गांव से अपनी पत्नी के साथ आए सुधांशु कुमार दास सुबह 6.30 बजे सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के गेट पहुंचे। वह सुबह आठ बजने के इंतजार में सड़क किनारे बैठे रहे। जब गेट खुला तो वहां मौजूद सुरक्षा गार्डों ने कहा कि आपका यहां इलाज नहीं होगा, मायागंज या प्राइवेट से रेफर करवाकर आइए। इसके बाद मरीज ने अपने नजदीकी रिश्तेदार को कॉल कर गार्ड से बात करवाई तो उसे अंदर जाने दिया गया। इसी तरह कहलगांव घोघा से आई आशा देवी को हार्ट का इलाज करवाना था। यहां बीपी जांच फोर्थ ग्रेड स्टाफ ने किया। वहीं खून जांच व एक्सरे एवं ईसीजी जांच मायागंज में करवानी पड़ी।

### कांग्रेस नेताओं ने भी बीडीओ को सौंपा ज्ञापनःसबौर में रिंग बांध के निर्माण के लिए ग्रामीणों का प्रदर्शन

**सबौर।** प्रखंड के मसाढ़ू व चांयचक गंगा का कटाव जारी है। मंगलवार को दोनों गांव के कटाव पीड़ितों व मुखिया ने कटावस्थल के पास प्रदर्शन किया। उनके हाथों में तख्तियां थीं, उस पर लिखा था कि कटाव रोको, घर बचाओ। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से रिंग बांध का निर्माण जल्द शुरू कराने की मांग की। तीन साल से बरारी, फरका, रजंदीपुर, ममलखा और शंकरपुर ग्रामीण सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन को आवेदन देकर रिंग बांध के निर्माण की मांग कर रहे हैं। ग्रामीण ने बताया कि करीब 6 महीने पहले डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी की पहल पर रिंग बांध निर्माण को लेकर पटना से एक टीम भी आई थी, जो रजंदीपुर से शंकरपुर तक करीब आठ किमी मुआयना की थी। मसाढ़ू में करीब 2 माह से कटाव हो रहा है। अब 40 लोगों के घर नदी में समा चुके हैं। ममलखा के पूर्व उपमुखिया चूल्हाय मंडल का मकान का आधा हिस्सा भी गंगा में समा गया। दूसरी ओर, कांग्रेस कार्यकर्ता विपिन बिहारी यादव, विनय मिश्र सहित अन्य लोगों ने रिंग बांध के निर्माण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि मसाढ़ू, चांयचक में भीषण कटाव हो रहा है। अब तक 40 से अधिक लोगों के घर कटाव की भेंट चढ़ चुके हैं। इसकी रोकथाम के लिए शंकरपुर से रजंदीपुर तक रिंग बांध का निर्माण कराया जाए। जिओ बैग और बंबू रोल डालकर कटाव रोकने रोकने का विफल प्रयास किया जा रहा है। बीडीओ प्रभात रंजन ने बताया कि कांग्रेस के सदस्यों ने रिंग बांध निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन दिया है।

# मॉब लिंचिंग में युवक की मौत मामले में FIR

## चोरी का आरोप लगाकर की गई थी पिटाई, पत्नी ने कहा- हत्यारों के खिलाफ लड़ूंगी

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के बायपास थाना क्षेत्र के डीवीसी कॉलोनी के समीप नमामि गंगे के तहत योजना कार्य के दौरान एक युवक पर चोरी का कथित आरोप लगाकर लोगों ने पिटाई की थी। हालांकि इलाज के दौरान उसकी मौत मायागंज अस्पताल में हो गई। मॉब लिंचिंग के शिकार शकरुल्लाहचक निवासी संजय शर्मा था। मृतक की पत्नी के फर्द बयान पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। दूसरी और जिस नमामि गंगे प्रोजेक्ट में कार्य के दौरान मृतक संजय शर्मा पर चोरी का आरोप लगाया था। उसकी ओर से बाइपास थाना में सोमवार को ही एक आवेदन दिया था। जिसके आधार पर पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। मामले में प्रोजेक्ट में काम कर कर रही कंपनी रामइंटर प्रोजेक्ट के गुजरात स्थित सूरत निवासी संजय कुमार मित्रा की ओर से केस दर्ज किया गया है। जिसमें इस बात



का उल्लेख किया गया है कि (14 अक्टूबर) सोमवार सुबह को किसी संदिग्ध व्यक्ति ने साइट पर चोरी की। पकड़े जाने और पब्लिक के द्वारा उसकी पिटाई की सूचना मिलने पर मैं मौके पर पहुंचा था। जिसके बाद उसे डायल-112 टीम को सुपुर्द कर दिया गया था।

**पत्नी गर्भवती हैः** मृतक की पत्नी काजल शर्मा ने बताया कि मेरा एक बच्चा है। मैं गर्भवती भी हूं। किन लोगों ने पति की पिटाई की थी यह नहीं पता है, पर पति उ्स जगह पहले बढ़ई का काम कर चुके थे। उनका पैसा वहां बकाया था। दुर्गा पूजा के पहले से वे हर रोज काम पर जाने से पहले कंपनी में जाकर पैसे की मांग करते थे। पर उन्हें पैसे नहीं दिए जाते थे। पति पर लगा चोरी का आरोप सरासर गलत है। पति के हत्यारों के विरुद्ध अंतिम सांस तक लड़ूंगी। पति की मौत के बाद अब घर में कोई भी कमाने वाला व्यक्ति नहीं बचा है। अपने होने वाले बच्चे सहित एक और बच्चे का कैसे पालन-पोषण करूंगी।

**केस दर्ज कर लिया गया है, कार्रवाई की जा रहीः** सिटी एसपी ने प्रेस रिलीज जारी किया है। जिसमें बताया गया है कि 14 अक्तूबर को सुबह साढ़े 9 बजे हबीबपुर थाना क्षेत्र के सकरुल्लाचक निवासी संजय शर्मा डीवीसी मोड़ के पास नमामी गंगे प्रोजेक्ट से चोरी करते हुए स्थानीय लोगों ने पकड़ा और उसके साथ मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। केस दर्ज किया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# रसेल वाइपर सांप का मुंह पकड़कर व्यक्ति पहुंचा अस्पताल

निज संवाददाता। भागलपुर



♦ घर जा रहे शख्स को डस लिया था, फर्श पर सांप के साथ लेटा पीड़ित

भागलपुर में मंगलवार की रात एक अधेड़ रसेल वाइपर सांप को गले में लटकाते हुए मायागंज अस्पताल पहुंच गया। रसेल वाइपर सांप एशिया का सबसे खतरनाक सांप है। जीरोमाइल थाना क्षेत्र के मीराचक में प्रकाश मंडल घर जा रहे थे। इसी दौरान सांप ने उसे दाहिने हाथ में डस लिया। इसके बाद प्रकाश मंडल ने सांप को कंधे पर लटकाया और इलाज के लिए मायागंज अस्पताल पहुंच गए। वे सांप के मुंह को पकड़े थे। कुछ देर बाद सांप के साथ फर्श पर लेट गए। डॉक्टर ने मरीज के पास जाने से इनकार कर दिया। इधर, इलाज में काफी लेट हो जाने के कारण मरीज की स्थिति गंभीर हो गई। फिलहाल इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा है।

**दुनिया के पांच सबसे जहरीले सांपों में से एक रसेल वाइपरः** दुनिया के पांच सबसे जहरीले सांपों में से एक रसेल वाइपर है। इससे भागलपुर में गंगा किनारे बसे लोग परेशान हैं। मंगलवार रात में भी एक व्यक्ति इस सांप के शिकार हुए। वे काफी देर तक हाथ में सांप को पकड़े इमरजेंसी वार्ड की गली में खड़े रहे। उसके साथ आए व्यक्ति उन्हें संभाल रहे थे। डॉक्टर ने कहा कि इलाज करना मुश्किल होगा, जबतक कि सांप हटाया नहीं जाता है। वहीं, कुछ लोग यह कह रहे थे कि देखिएगा कहीं हाथ से सांप छूट न जाए। किसी तरह से हाथ से सांप छुड़ाकर बंद किया, तो प्रकाश का इलाज शुरू हो सका। रात करीब 12 बजे तक उसका इलाज चल रहा था।

# अस्पताल अधीक्षक के फर्जी सिग्नेचर से ब्लड लेने की कोशिश

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में पूर्वी बिहार के सबसे बड़े अस्पताल मायागंज में अस्पताल अधीक्षक डॉ. KK सिन्हा का फर्जी हस्ताक्षर कर ब्लड बैंक से खून लेने का मरीज के परिजन ने प्रयास किया। जिसे पकड़ लिया गया। ब्लड बैंक के काउंटर पर मरीज के परिजन ने जैसे ही फ्री खून के लिए आवेदन जमा किया, तो आवेदन पर किए गए अस्पताल अधीक्षक की फर्जी हस्ताक्षर की कर्मचारी को आशंका हुई। इसके बाद कर्मचारी ने हेल्थ मैनेजर बृजेश कुमार को बुलाया और पूरी घटना की जानकारी दी। मैनेजर परिजन को अस्पताल अधीक्षक के पास ले गए। अधीक्षक ने जब परिजन से पूछताछ की तो परिजन ने कहा कि उसके परिवार के एक सदस्य ने उसे यह पर्चा दिया था। उसने कहा था की पर्ची दिखाने पर खून मिल जाएगा। अधीक्षक केके सिन्हा ने पकड़े गए व्यक्ति को कहा कि अपने रिश्तेदार को बुलाकर लाओ, तब मरीज के लिए खून मिलेगा। अपने रिश्तेदार को बुलाने की बात कह कर मरीज का परिजन भी फरार हो गया।



भागलपुर के मायागंज अस्पताल में मरीज के परिजन की चालाकी, आवेदन देने के बाद पकड़ा गया

मंगलवार की देर रात तक जब वापस नहीं लौटा तो अधीक्षक ने मरीज को खून देने पर रोक लगा दी। मालूम हो कि अस्पताल में कई तरीके से फर्जीवाड़े होते हैं।

पहले भी ब्लड की दलाली मामले का खुलासा हो चुका है। तब अस्पताल प्रशासन ने सभी कर्मी को आई कार्ड लटकाने का निर्देश दिया था। वही, पिछले महा झारखंड के गोड्डा के एक मरीज से सीटी स्कैन करने के नाम पर एक दलाल ने दो हजार की वसूली कर ली थी।

# भागलपुर में अज्ञात वाहन ने वृद्ध को रौंदा मौत, काम के बाद पैदल लौट रहे थे घर

निज संवाददाता। भागलपुर

## अस्पताल जाने के बाद दम तोड़ा



भागलपुर में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक वृद्ध को रौंद दिया। जिससे कि वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे में वृद्ध का दाहिना पैर पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके कारण ब्लड ज्यादा बह गया। खून ज्यादा निकल जाने के कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गई। लोगों ने घटना की जानकारी डायल-112 को दी। ASI विवेकानंद, महिला सिपाई प्रिया यादव एवं चालक ने घायल अवस्था में उसे मायागंज अस्पताल में स्थानीय लोगों के सहयोग से पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना तिलकामांझी थाना क्षेत्र के तनिष्क शोरूम के पास की है। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मैं कोरियर लेकर जा रहा था। इसी दौरान सड़क पर वृद्ध पड़ा हुआ था। अज्ञात वाहन ने उसके पैर को रौंद दिया था। हमने अपने गोद में उठाकर उसे ई-रिक्शा पर बैठाया, डायल-112 को सूचना दी। मरने वाले की पहचान सबौर के मनसरपुर निवासी महेश राम(62) के रूप में की गई है। महेश हलवाई का काम कर अपना घर का भरण-पोषण करता था। हर रोज की तरह काम कर देर रात तक लौटता था। मंगलवार की रात को भी वह रोज की तरह पैदल घर लौट रहा था। इसके बाद तनिष्क शोरूम के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया।

**अज्ञात वाहन का पता लगाया जा रहाः** पुलिस ने मृतक के मोबाइल से घटना की जानकारी परिजनों को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद सबौर से परिजन मायागंज अस्पताल पहुंचे। मृतक की पत्नी ने बताया कि थोड़ी ही देर पहले बात हुई थी। हादसे की जानकारी पुलिस ने कॉल कर दी इसके बाद हम लोग अस्पताल पहुंचे। इधर, घटना के बाद परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है डायल 112 के ऑन ड्यूटी ऑफिसर विवेकानंद ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंच कर घायल को अस्पताल पहुंचाए। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अज्ञात वाहन का पता लगाने में जुटी हुई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बोलेरो वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद



**प्रतिनिधि हरिहरगंज ।** आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर एसपी पलामू के निर्देश पर हरिहरगंज पुलिस ने बुधवार को एक बोलेरो पर लदे भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है. बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी, की एक बोलेरो बीआर 26ए 7477 पर भारी मात्रा में अवैध शराब बिहार की ओर ले जाया जा रहा है. सूचना के आलोक में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सघन छापामारी अभियान चलाया गया. छापामारी के क्रम में कौवाखोह एनएच 139 पर शराब के साथ बोलेरो को पकड़ा गया. उक्त बोलेरो चालक को पुलिस गिरफ्तार कर लिया. बोलेरो की तलाशी लेने पर उसपर लदा हुआ 264 बोतल बीयर बरामद किये गए. जिसमें गॉडफादर का 650 मिली के 216 बीयर तथा गॉडफादर का 500 मिली के 48 केन बीयर पाया गया. जिसका मूल्य 44 हजार है. वहीं पुलिस ने बोलेरो तथा शराब को जप्त कर लिया. इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि जब्त शराब बिहार ले जाया जा रहा था. तस्करी में शामिल लोगों के बारे में तफ्तीश की जा रही है. जल्द ही तस्करों को भी गिरफ्त में लेकर कार्रवाई की जाएगी. छापेमारी दल में एसआइ सतीश कुमार गुप्ता, धनंजय कुमार गोप, हेमंती बास्की तथा राकेश कुमार सिंह सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे.


कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

गर्म पोशाक (पैजामा) क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा रद्द संबंधी सूचना

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, पलामू के आदेशानुसार पलामू जिला अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 03–06 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (पैजामा) का क्रय/आपूर्ति हेतु अति अल्पकालीन निविदा इस कार्यालय के ज्ञापांक 1708/जि0स0क0, दिनांक 08.10.2024 PR No. 338400 के द्वारा आमंत्रित किया गया था।

अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा को अगले आदेश तक के लिए रद्द किया जाता है।

उप विकास आयुक्त,
पलामू।

PR 339146 (District) 24-25 (D)



चुनाव का पर्व DESH KA GARV

समाहरणालय, गढ़वा (जिला निर्वाचन शाखा)

आदेश

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/149/2024 दिनांक 15.10.2024 के अलोक में गढ़वा जिला अंतर्गत विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 हेतु मतदान की तिथि दिनांक 13.11.2024 (बुधवार) को प्रातः 07:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक निर्धारित है। इस निमित्त दूसरे राज्यों से आने वाले केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल का आवासन हेतु गढ़वा जिला के विभिन्न भवनों को पुलिस अधीक्षक, गढ़वा द्वारा चिन्हित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा का पत्रांक 102/चु0को0 दिनांक 14.10.2024 से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार चिन्हित भवन का विवरण निम्न प्रकार है:–

| कम | थाना/ओ.पी. का नाम | आवासन स्थल का नाम |
|---|---|---|
| 1 | मेराल | सामुदायिक तकनीकी महाविद्यालय, नेनुआ मोड़, मेराल। |
| 2 | केतार | बलिका उच्च विद्यालय कस्तूरबा गॉधी आवासीय विद्यालय, केतार। |

उक्त के प्ररिप्रेक्ष्य में मैं शेखर जमुआर (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए का उपरोक्त सारणी में अंकित भवन के कमरों को (इन कमरों/भवनों में उपलब्ध सभी उपस्करों सहित) दिनांक 16.10.2024 से 25.11.2024 तक की अवधि के लिए निर्वाचन कार्य हेतु अधिग्रहित करता हूँ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 339158 Election(24-25)#D



समाहरणालय, गढ़वा
(जिला निर्वाचन शाखा)
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए आयोग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 15/10/2024 को जारी कर दी गई है। प्रेस विज्ञप्ति निर्गत तिथि से ही पूरे गढ़वा जिला में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। आम जनता के लाभ के निमित्त् चुनाव की प्रक्रिया के दौरान प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मिडिया में चुनाव खर्च की निगरानी के लिए रिश्वत और निर्वाचनों असम्यक असर डालने के संदर्भ में BNS Section 170 और 171 पूर्ववर्ती IPC की धारा 171बी और 171सी गढ़वा जिला में लागू रहेगा।

**BNS Section 170 पूर्ववर्ती IPC की धारा 171बी – रिश्वत –**

1. जो कोई –

(i) किसी व्यक्ति को इस उद्देश्य से परितोशण देता है कि उस व्यक्ति को या किसी अन्य व्यक्ति को किसी निर्वाचन अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करे या किसी व्यक्ति को इसलिए इनाम दे कि उसने ऐसे अधिकार का प्रयोग किया हैय अथवा

(ii) स्वयं अपने लिए या किसी अन्य व्यक्ति के लिए कोई परितोशण ऐसे किसी अधिकार में प्रयोग में लाने के लिए या किसी अन्य व्यक्ति को ऐसे किसी अधिकार को प्रयोग में लाने के लिए उत्प्रेरित करने या उत्प्रेरित करने का प्रयत्न करने के लिए इनाम के रूप में प्रतिगृहित करता है, वह रिश्वत का अपराध करता है:

**परन्तु** लोक नीति की घोषणा या लोक कार्यवाही का वचन इस धारा के अधीन अपराध न होगा।

2. जो व्यक्ति परितोषण देने की प्रस्थापना करता है या देने को सहमत होता है या उपाप्त करने की प्रस्थापना या प्रयत्न करता है, यह समझा जाएगा कि वह परितोशण देता है।

3. जो व्यक्ति परितोषण अभिप्राप्त करता है या प्रतिगृहित करने को सहमत होता है या अभिप्राप्त करने का प्रयत्न करता है, यह समझा जाएगा कि वह परितोषण प्रतिगृहित करता है और जो व्यक्ति वह बात करने के लिए जिसे करने का उसका आशय नहीं है, हेतु स्वरूप, या जो बात उसने नहीं की है उसे करने के लिए इनाम के रूप में परितोषण प्रतिगृहित करता है, यह समझा जाएगा कि उसने परितोशण को इनाम के रूप में प्रतिगृहित किया है।

**BNS Section 171 पूर्ववर्ती IPC की धारा 171सी – निर्वाचनों में असम्यक् असर डालना –**

1. जो कोई किसी निर्वाचन अधिकार के निर्बाध प्रयोग में स्वच्छया हस्तक्षेप करता है या हस्तक्षेप करने का प्रयत्न करता है, वह निर्वाचन में असम्यक् असर डालने का अपराध करता है।

2. उपधारा (1) के उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जो कोई–

(क) किसी अभ्यर्थी या मतदाता को, या किसी ऐसे व्यक्ति को जिससे अभ्यर्थी या मतदाता हितबद्ध है, किसी प्रकार की क्षति की धमकी देता है, अथवा

(ख) किसी अभ्यर्थी या मतदाता को यह विश्वास करने के लिए उत्प्रेरित करता है या उत्प्रेरित करने का प्रयत्न करता है कि वह या कोई ऐसा व्यक्ति, जिससे वह हितबद्ध है, दैवीय अप्रसाद या आध्यात्मिक परिनिन्दा का भाजन हो जाएगा, या बना दिया जाएगा,

यह समझा जाएगा कि वह उपधारा (1) के अर्थ के अन्तर्गत ऐसे अभ्यर्थी या मतदाता के निर्वाचन अधिकार के निर्बाध प्रयोग में हस्तक्षेप करता है।

3. लोकनीति की घोषणा या लोक कार्यवाही का वचन या किसी वैध अधिकार का प्रयोग मात्र, जो किसी निर्वाचन अधिकार में हस्तक्षेप करने के आशय के बिना है, इस धारा के अर्थ के अन्तर्गत हस्तक्षेप करना नहीं समझा जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 339132 (Election) 24-25 (D)

# कैबिनेट के फैसले: कोसी-मेची नदी जोड़ योजना के फेज-2 के लिए 14.16 करोड़ रुपए मंजूर, डीपीआर बनेगी

## सीमांचल क्षेत्र के 2.51 लाख हेक्टेयर खेतों तक पानी पहुंचेगा



**पटना, एजेंसी।** कोसी-मेची नदी जोड़ योजना में फेज-2 के तहत डीपीआर तैयार होगी। इसके लिए 14.16 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। फेज-1 के तहत 2.78 करोड़ रुपए के लिए स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिली। बैठक में 22 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए।

कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि कोसी-मेची परियोजना की डीपीआर (विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन) तैयार होने के बाद क्रियान्वयन कराया जाएगा। योजना पूरी होने से सीमांचल क्षेत्र में सिंचाई की बेहतर सुविधा होगी। अररिया, किशनगंज, पूर्णिया व कटिहार के 2.51 लाख हेक्टेयर खेतों तक पानी पहुंचेगा। राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण द्वारा तैयार कोसी-मेची लिंक परियोजना की प्रथम पुनरीक्षित प्राक्कलित राशि 6282 करोड़ है। स्पेशल कैटेगरी के तहत इस परियोजना को 90 फीसदी केन्द्रांश व 10 फीसदी राज्यांश के फंडिंग पैटर्न पर स्वीकृति के लिए जल शक्ति मंत्रालय से अनुरोध किया गया है। फेज-1 में मुख्य नहर, शाखा नहर, वितरणी व इससे संबंधित संरचना के कार्य होने हैं, जबकि फेज-2 में उपवितरणियों, लघु नहरों व उप नहरों के कार्यों को शामिल किया गया है। वहीं, डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि कर्मनासा नदी पर पंप नहर योजना इस साल दिसंबर तक पूरी हो जाएगी। कैबिनेट ने इस परियोजना के लिए संशोधित व पुनरीक्षित प्राक्कलित राशि 89.95 करोड़ की मंजूरी दी है।

इसमें कर्मनासा नदी के पानी को चौसा शाखा नहर से रामपुर वितरणी के 9.50 किमी पर पंप द्वारा लिफ्ट कर पानी उपलब्ध कराना है। इससे 2786.10 हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी। उधर, जमुई की कुंडघाट जलाशय योजना जुलाई 2025 तक पूरी हो जाएगी। इस पर अब 270.32 करोड़ रुपए खर्च होंगे। पहले इस योजना के लिए 185.22 करोड़ रुपए स्वीकृत थे। कैबिनेट ने पुनरीक्षित राशि को मंजूरी दी। इस जलाशय का निर्माण जमुई के सिकंदरा में बहुआर नदी पर कराया जा रहा है।

## परीक्षा और अनुभव के आधार पर फार्मासिस्ट की नियुक्ति

कैबिनेट ने फार्मासिस्ट नियुक्ति नियमावली 2014 में संशोधन किया है। इसकी जगह नियमावली 2024 स्वीकृत हुई है। नई नियमावली के प्रावधानों के तहत फार्मासिस्ट में सीधी नियुक्ति की अधिकतम आयु सीमा 18 वर्ष होगी। इसमें आरक्षण के प्रावधान लागू होंगे। सरकार रिक्तियों के आधार पर विज्ञापन निकालेगी और लिखित परीक्षा व अनुभव के आधार पर पात्र उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। लिखित परीक्षा 75 अंकों की होगी। जबकि अनुभव के लिए 25 ग्रेस अंक दिए जाएंगे। प्रतिवर्ष अनुभव के लिए पांच ग्रेस अंक तय किए गए हैं।

### उच्च न्यायिक सेवा के स्वीकृत 714 पदों में से 35प्रतिशत प्रवर कोटि में होंगे

उच्च न्यायिक सेवा (जिला न्यायाधीश ग्रेड) के स्वीकृत कैडर पद संख्या के आधार पर प्रमुख ग्रेड और अतिरिक्त वेतनमान में पदों के परिवर्तन को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। उच्च न्यायिक सेवा के कुल 714 पद स्वीकृत हैं, जिसमें 35प्रतिशत पद प्रवर कोटि में और 15प्रतिशत अधिकाल वेतनमान में परिवर्तित किए जाएंगे। इसके तहत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रवेश बिंदु के 357 पद, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रवर कोटि) में 250 पद और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के 107 पदों का नया कैडर होगा।

### ये फैसले भी हुए

बापू टावर के संचालन, रखरखाव पर 1.63 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बापू टावर संग्रहालय के निदेशक पटना कार्यालय का गठन सहित कुल 20 पदों के सृजन की मंजूरी।

मोकामा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए 33 पदों का सृजन।

पैक्स चुनाव के लिए 18.64 करोड़ रुपए की स्वीकृति।

बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की अनुपस्थिति में वरिष्ठतम सदस्य को प्रशासनिक कर्तव्यों के प्रभार धारण करने की अवधि में 200 रुपए प्रति माह की जगह 15000 रुपये प्रति माह विशेष वेतन देने के प्रस्ताव की मंजूरी।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में जहरीली शराब का कहर, छपरा में एक की गई जान दो की आंख की रोशनी खत्म



**छपरा, एजेंसी।** बिहार में जहरीली शराब ने एक बार फिर कहर बरपाया है। जानकारी के मुताबिक सारण जिले के छपरा में एक शख्स की मौत के बाद जहरीली शराब पीने से हुई है। जिले के मशरक के बराहींपुर गांव में मंगलवार की रात शराब पीने से एक युवक की मौत हुई है। जानकारी के मुताबिक, जहरीली शराब की वजह से दो लोगों की आंख की रोशनी भी छिन गई है। इधर सारण की सीमा से सटे सीवान जिले के भगवानपुर प्रखंड के बेलासपुर में भी 3 की मौत की चर्चा है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, जिले के भगवानपुर थाने के कौड़ियां गांव में मंगलवार की रात 3 लोगों की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई है। पुलिस ने 2 शव बरामद किए हैं। कहा जा रहा है कि 1 शख्स के शव को परिजनों ने जला दिया है। परिजन जहरीली शराब पीने से मौत होने का आरोप लगा रहे हैं। यहां डीएम-एसपी जांच के लिए घटनास्थल पर रवाना हो चुके हैं। अभी प्रशासन इन मौतों की गहराई से जांच-पड़ताल कर रहा है।

### हाइवे पर ग्रामीणों ने झपटमार को पकड़ा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर से घर लौट रहे बेनीबाद के जाता निवासी ललन तिवारी के पुत्र आशीष कुमार से गरहां में बाइक सवार बदमाश ने पीछे से झपटा मारकर मोबाइल लूट लिया और भागने लगे। आशीष के शोर मचाने पर गरहां चौक पर स्थानीय ग्रामीणों ने बदमाश को घेरकर पकड लिया और धुलाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। बदमाश की पहचान अहियापुर जानकी मंदिर निवासी उमेश राय के 18 वर्षीय सोनू कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष आशीष कुमार ठाकुर ने बताया कि बदमाश की बाइक जब्त कर ली गई है। वहीं, लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### मेला देखने गयी महिला लापता, प्राथमिकी दर्ज

**भागलपुर, एजेंसी।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला लापता हो गयी। मंगलवार को उसके पति ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। उसने पुलिस को बताया कि मेरी पत्नी पुत्री के साथ 10 अक्टूबर को जगदीशपुर दुर्गा मेला गयी थी। जहां से देर रात तक लौटकर नहीं आई। इसके बाद उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। लगातार चार दिनों तक खोजबीन के दौरान पता चला कि बेलहर थाना क्षेत्र के चौरा गांव के शुभम कुमार ने शादी की नीयत से उसका अपहरण कर लिया है। इसके बाद थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। थानाध्यक्ष गणेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### बाजार में दुकानदारों को साफ-सफाई को लेकर किया जागरूक

**भागलपुर, एजेंसी।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु पदाधिकारी गरिमा लोहिया ने सोमवार को नगर परिषद कार्यालय नवगछिया में योगदान दिया। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवगछिया मुकेश कुमार द्वारा बुके देकर उनका स्वागत किया गया एवं उन्हें नगर परिषद, नवगछिया का प्रभार सौंपा गया। प्रभार ग्रहण करने के उपरांत नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, कार्यालय कर्मी के साथ बाजार में घुमकर चारों तरफ साफ-सफाई का जायजा लिए। उन्होंने दुकान के आगे फेंके गए पन्नी और कूड़ा को कूड़ेदान में फेकने की बात दुकानदारों से कही और कार्यालय कर्मी को निर्देश देते हुए बाज़ार में माइकिंग कराते हुए बाजार में यत्र-तत्र सड़कों, चौक-चौराहे पर कूड़ा नहीं फेकने की अपील नगर वासियों से करने को कही।

## पटना में डेंगू से बुजुर्ग की मौत, 58 नए मरीज मिले; बिहार में पीड़ितों की संख्या 4000 के पार



**पटना, एजेंसी।** राजधानी पटना स्थित एनएमसीएच के मेडिसिन वार्ड में भर्ती नालंदा के नगरनौसा निवासी डेंगू पीड़ित 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। अधीक्षक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मरीज को काफी गंभीर स्थिति में 13 अक्टूबर को भर्ती किया गया था। विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पटना में मंगलवार को डेंगू के कुल 58 नए मामले मिले। अब तक कुल पीड़ितों की संख्या बढ़कर 2373 हो गई है। मंगलवार को पाटलिपुत्रा से 20, कंकड़बाग से 19, एनसीसी से छह, अजीमाबाद और बांकीपुर से दो-दो पीड़ित मिले। वहीं एक पीड़ित की पहचान नहीं हो सकी। आसपास के प्रखंडों में दानापुर और फुलवारीशरीफ से तीन-तीन जबकि मनेर और संपतचक से एक-एक पीड़ित मिले। वहीं मंगलवार को चिकनगुनिया का एक मामला सामने आया है। जिले में चिकनगुनिया पीड़ितों की कुल संख्या 119 हो गई है। बता दें कि बिहार में डेंगू मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को मंगलवार को मिली रिपोर्ट के अनुसार राज्यभर में सोमवार (14 अक्टूबर) को डेंगू के 130 नए मरीज मिले हैं। इसमें सिर्फ पटना के 58 डेंगू पीड़ित हैं। पूरे राज्य में इस साल एक जनवरी से 14 अक्टूबर तक डेंगू मरीजों की कुल संख्या 4830 हो गई है। इस साल सिर्फ पटना में 2391 लोग डेंगू से पीड़ित हो चुके हैं। डेंगू से इस साल 12 लोगों की मौत हो चुकी है। गया में 10, मुजफ्फरपुर में 8, नालंदा 6, समस्तीपुर में 4, सारण में 4, गोपालगंज में 4, भागलपुर में 4, वैशाली में 3, नवादा में 3, मधुबनी में 3, पूर्वी चंपारण में 3 डेंगू मरीज मिले हैं।

### मारवाड़ी युवा मंच ने डांडिया का किया आयोजन :सहरसा में पूर्व मंत्री ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा में पहली बार मारवाड़ी युवा मंच ने डांडिया का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह बीजेपी विधायक आलोक रंजन झा, पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना और सहरसा नगर निगम की मेयर बैन प्रिया, उप मेयर गुड्डू हयात ने सम्मिलित रूप से दीप जलाकर किया। आयोजित कार्यक्रम में शहर की सैकड़ों महिलाएं शामिल हुई। बाहर से आए कलाकारों ने नृत्य संगीत के धुन महिलाओं ने डांडिया खेला और जमकर इंजॉय किया।

## पटना को गंदा करने वाले रहें सावधान, अदालत लगा कर मिलेगी सजा, क्या-क्या दंड मिलेंगे



**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना को गंदा करने वाले अब सावधान हो जाएं। ऐसा करने पर अब उन्हें सजा दी जाएगी। दरअसल पटना नगर निगम के सभी 75 वार्डों में स्वच्छता अदालत लगाई जाएगी। वार्ड पार्षदों और नगर निगम के कर्मियों की उपस्थिती में वार्ड के गली-मोहल्लों एवं सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ यह अदालत बैठेगी। इस दौरान दोषी पाये जाने वाले नगर शत्रुओं पर कार्रवाई होगी। प्रत्येक शनिवार को यह अदालत शहर के वार्डों में लगायी जाएगी। वार्ड पार्षद के नेतृत्व में इसका आयोजन होगा। साथ ही वार्ड की समस्याओं का निराकरण वार्ड में ही त्वरित गति से किया जाएगा। इस अदालत में नगर निगम के कर्मचारियों के साथ कार्यपालक पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में पटना नगर निगम के उत्कृष्ट प्रदर्शन के नगर निगम की ओर से नई पहल की जा रही है। पटना नगर निगम द्वारा शहर को गंदा करने वालों को न सिर्फ चिह्नित किया जा रहा है बल्कि अब उनके खिलाफ अदालत भी लगायी जाएगी। इस स्वच्छता अदालत में शहर को गंदा करने वाले नगर शत्रुओं के खिलाफ पटना नगर निगम द्वारा दंड भी लगाया जाएगा। पटना नगर निगम द्वारा निरंतर आमजनों को जागरूक करने के बावजूद कई जगहों पर ऐसा पाया गया है कि लोगों (प्रतिष्ठान एवं संस्थान) द्वारा पुन गंदगी फैलाई जाती है। ऐसे में पटना नगर निगम द्वारा अदालत लगाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्वच्छता अदालत में चार तरह के दिए जाएंगे दंड पटना नगर निगम की ओर से शहर में गंदगी फैलाने वालों को मुख्य रूप से चार प्रकार के दंड दिए जाएंगे। सर्वप्रथम उनका नाम काली सूची में प्रकाशित किया जाएगा। स्वच्छता अदालत में सुनवाई होगी। दोषी पाए जाने पर आर्थिक दंड के रूप में 5000 रुपये तक का जुर्माना लगेगा। वहीं उनसे ही उस जगह की सफाई कराई जाएगी जहां गंदगी फैलाई गई है। वहीं धारा 133 के तहत वाद चलेगा और एक हफ्ते तक सूखा गीला कचरा अलग-अलग कर देना होगा। समस्या एवं सुझाव के लिए टोल फ्री नबंर 155304 एवं वाट्सअप 9264447449 पर मैसेज करने की नगर निगम ने अपील की है।

### स्वच्छता अदालत से ये दंड दिए जाएंगे

आर्थिक दंड के रूप में 5000 रुपये तक जुर्माना

दोषियों द्वारा स्थल पर सफाई अभियान चलवाना

धारा 133 के तहत गंदगी फैलानेवाले पर वाद चलेगा

एक हफ्ते तक सूखा-गीला सेग्रीगेशन कर देने का निर्देश

## आयुष मंत्रालय की 100 दिनों की प्रमुख उपलब्धियां

निज संवाददाता | पटना



क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटना के प्रभारी डॉ. रोहित कुमार रावते ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में आयुष मंत्रालय की पहले 100 दिनों की प्रमुख उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आयुष मंत्रालय ने पारंपरिक भारतीय चिकित्सा को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। डॉ. रावते ने कहा कि आयुष मंत्रालय ने कई नई पहलों के माध्यम से भारतीय चिकित्सा पद्धतियों का वैश्विक स्तर पर प्रसार किया है। इनमें विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के साथ साझेदारी, वियतनाम और मलेशिया के साथ आयुर्वेद और औषधीय पौधों पर समझौता ज्ञापन शामिल हैं। इसके साथ ही, "एक जड़ी-बूटी, एक मानक" पहल को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 100 दिनों में 1489 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (आयुष केंद्रों) का एनएबीएच मूल्यांकन पूरा किया गया है। इसके अलावा, "हर घर आयुर्योग" अभियान के अंतर्गत स्वस्थ भारत के लिए व्यापक प्रयास किए गए हैं। वृद्धजनों के लिए आयुष शिविर आयोजित किए गए और आयुष उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। आयुष पैकेज को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) में शामिल कर दिया गया है। नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (AIIA) के दूसरे चरण का विकास कार्य और हरियाणा के पंचकूला में 294.91 करोड़ रुपये के निवेश से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना की जा रही है। इसके अलावा, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में तीन केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (CRYNN) की स्थापना की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है। इस अवसर पर राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल, कदमकुआँ, पटना के प्राचार्य डॉ. सम्पूर्णानंद तिवारी, डॉ. अमरेन्द्र कुमार सिंह (रोग निदान एवं विकृति विज्ञान विभाग), भूतपूर्व सहायक निदेशक डॉ. कृष्ण कुमार सिंह और अनुसंधान अधिकारी डॉ. बालाजी पोटभरे, डॉ. अशोक कुमार सिन्हा, डॉ. रितिका मिश्रा एवं डॉ. कुमारी अर्चना भी उपस्थित थे।

...ाफ ...ांग की

..., जो गलत है। अगर ...लूस में हुई होती है, तो ...र्रवाई क्यों नहीं किया। ...ड है। उस समय किसी ने ...ाद में प्राथमिकी दर्ज की ...होनी चाहिए। ...स्य संजय कुमार पांडे ने ...ड़की का एंगेजमेंट था। ...बर से 14 अक्टूबर तक ...र जिस दिन की घटना बताई जा रही है। मैं उस ...र में पूजा करने गया था। ...ी रिकॉर्ड में होगा, उसका ... ऊपर प्राथमिकी किस ...डयो भी एडिट किया हुआ ...ष्पक्ष तरीके से जांच होनी ...ी नहीं चलेगी।

## अखंड सौभाग्य का व्रत करवा चौथ 20 को, पति के भाग्योदय का महासंयोग

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अखंड सौभाग्य का व्रत करवा चौथ कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग के दीर्घायु और सुखी जीवन के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। करवा चौथ पर ग्रहों का महायोग है। ज्योतिषाचार्य पंडित प्रभात मिश्र ने बताया कि शनि कुम्भ राशि में, गुरु वृष राशि में और शुक्र वृश्चिक राशि में हैं। तीनों ग्रहों के शुभ प्रभाव से कई अच्छे संयोग बन रहे हैं। पति के भाग्योदय होंगे और बिगड़े काम बनेंगे। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक रविवार का दिन होने की वजह से व्रती महिलाओं को गणेश भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होगा। बताया कि इस बार रोहिणी नक्षत्र में चांद निकलेगा और पूजन होगा। कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 20 अक्टूबर रविवार की संध्या 07 बजकर 57 मिनट पर चांद निकलने का समय है। वहीं, पूजन के लिए शुभ मुहूर्त शाम 07:5 से लेकर 08:48 तक रहेगा।

### तैयारी में जुटीं मारवाड़ी व पंजाबी समाज की महिलाएं

करवा चौथ का व्रत यों तो सभी महिलाएं करती हैं मगर मारवाड़ी और पंजाबी समाज की महिलाएं बढ़चढ़कर हिस्सा लेती हैं। पर्व को लेकर इनकी तैयारी जारी है। महिलाएं पूरे दिन निर्जला उपवास रखती हैं। दोपहर में घर में पूजा करती हैं। मिट्टी की छोटी कुलड़ी में चीनी भरकर पूजा का शृंगार सजाती हैं। रात में चलनी में चांद और पति को देखकर जल ग्रहण करती हैं। इस दिन सुहागन घरों में पूजा में भोग लगाने के लिए तरह-तरह के व्यंजन तैयार करती हैं।

# बालू समेत सभी खनिजों के खनन में गड़बड़ी की तो 10 लाख तक जुर्माना



**पटना, एजेंसी।** राज्य में बालू, गिट्टी समेत अन्य खनिजों के खनन, भंडारण व परिवहन में गड़बड़ी की तो अब भारी जुर्माना वसूला जाएगा। बालू खनन शुरू होने के 12 घंटे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में संशोधित खनिज नियमावली को मंजूरी दी गई। 15 जून से 15 अक्टूबर तक राज्य में बालू खनन पर रोक रहती है। 16 अक्टूबर से बालू खनन शुरू होगा। अब बालू समेत सभी खनिजों का नियम विपरीत अनिबंधित और नॉन कमर्शियल वाहनों से परिवहन एवं भंडारण करने वाले ट्रैक्टर और ट्राली से 1 लाख, छोटे ट्रक से 2.50 लाख, बड़े ट्रक से 8 से 10 लाख रुपए के जुर्माने की वसूली होगी। पढ़ें शासन-प्रशासन भी

### वाहनों में जीपीएस जरूरी, नहीं हुआ तो 1 लाख तक दंड

खनिज ढोने वाली गाड़ियां जीपीएस युक्त होंगी। उनका खास रंग होगा। उन पर तय शब्द लिखा होना अनिवार्य होगा। जीपीएस नहीं होने पर ट्रैक्टर को 20 हजार और अन्य बड़े वाहनों को 1 लाख जुर्माना देना होगा। गीला बालू ढोने पर ट्रैक्टर को 5 हजार और बड़े वाहनों को 25 हजार जुर्माना देना होगा। यही जुर्माना बिना ढके बालू ढोने पर भी देना होगा। बालू घाटों के बंदोबस्तधारी पर खनन स्थल पर जीआईएस मैप/जियो कॉर्डिनेट के साथ सीमांकन नहीं करने पर 5 लाख जुर्माना लगेगा। साइन बोर्ड नहीं लगाने, पानी का छिड़काव नहीं करने, लाइट की व्यवस्था नहीं करने और खनन योजना के अनुसार वृक्षारोपण नहीं करने पर प्रत्येक के लिए 50-50 हजार जुर्माना देना होगा। खनन योजना की सैद्धांतिक मंजूरी के बाद निर्धारित समय में खनन योजना प्रस्तुत न करने पर 7 दिन की देरी के लिए 1 लाख, दो सप्ताह की देरी के लिए 2 लाख और एक माह की देरी पर उच्चतम बोली का 0.5त्न जुर्माना लगेगा।

**वन क्षेत्र की अड़चन दूर; कैमूर, रोहतास के 132 गांवों में अब बिजली पहुंचेगी :** कैमूर और रोहतास जिले के पहाड़ी क्षेत्रों के 177 बसावट (132 गांव) के 21,644 घरों को अब सीधे ग्रिड से बिजली पहुंचेगी। इसके लिए पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना के तहत कैबिनेट ने 117 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इन गांवों में वन क्षेत्र की बड़ी अड़चन थी। इसी वजह से अभी तक इन गांवों में सोलर लाइट से प्रकाश की व्यवस्था की गई थी जो बहुत कारगर नहीं थी। अब तार के जरिए सभी गांवों में बिजली पहुंचाई जाएगी।

### जांच अधिकारी 60 हजार में लैपटॉप और 20 हजार में स्मॉर्टफोन खरीदेंगे

देश में नए तीन आपराधिक कानूनों के प्रावधानों में किसी घटना की जांच के लिए इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड रखना अनिवार्य कर दिया गया है। साक्ष्यों के ब्यौरों को भी डिजिटली रिकॉर्ड करना जरूरी है। इसके मद्देनजर सभी आईओ को लैपटॉप और स्मार्टफोन रखना ही होगा। सरकार ने जांच अधिकारियों को 60 हजार में लैपटॉप और 20 हजार में स्मार्टफोन खुद खरीदने की अनुमति दी है। भरपाई सरकार करेगी। इसके लिए 190.63 करोड़ की मंजूर की है।

# इंडिया गठबंधन में 51 सिटिंग सीटों पर बनेगी बात, बाकी पर होगा मंथन



**रांची, एजेंसी।** झारखंड मे चुनावी बिगुल बज चुका है. चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद सियासी हलचल तेज हो गयी है. सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव की तैयारियों में लग गये हैं. सीट बंटवारे को लेकर भी मंथन चल रहा है. इंडिया गठबंधन की बात करें तो इसके पास 51 सिटिंग सीटें हैं. जो सीट जिनके पास हैं, उन्हें ही मिलेंगी. इसमें माले की सिटिंग सीट बगोदर, प्रदीप यादव की सिटिंग सीट पौड़ैयाहाट और भाजपा विधायक रहे जेपी पटेल की मांडू सीटें भी शामिल हैं. शेष बची सीटें, जिनमें पिछले चुनाव में गठबंधन दल जहां दूसरे स्थान पर रहे थे, उस पर ही निर्णय होना शेष है. इसमें भी कुछ सीटों की अदला-बदली संभव है. मिली जानकारी के अनुसार, 18 अक्टूर को रांची में प्रदेश कांग्रेस इलेक्शन समिति की बैठक होगी. इस बैठक की रिपोर्ट और सीट शेयरिंग का खाका लेकर प्रदेश नेतृत्व दिल्ली जायेगा, जिस पर अंतिम फैसला केंद्रीय नेतृत्व करेगा।

### माले को दो से तीन सीट देने की तैयारी

मिली जानकारी के अनुसार, झामुमो और कांग्रेस अपने-अपने कोटे से माले को दो और अधिक से अधिक तीन सीटें दे सकते हैं. इनमें बगोदर और निरसा सीट शामिल हैं. माले की मांग राजधनवार और सिंदरी की भी है. मगर इसमें बहुत अधिक जिच होने पर एक सीट राजधनवार मिल सकती है.

### इतनी सीटों पर, कोई कोई जिच नहीं

साल 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में झामुमो 43 सीट पर चुनाव लड़ी, जिसमें पार्टी को 30 सीट पर जीत हासिल हुई. वहीं कांग्रेस 31 सीट पर चुनाव लड़ी, जिसमें 16 सीटों पर जीत मिली. यानी कि इन तीनों दलों को मिलकार 47 सीट पहले से इनके खाते में रही. बाद में झाविमो के दो विधायक प्रदीप यादव और बंधु तिर्की कांग्रेस में शामिल हो गये, जिससे कांग्रेस की सीट बढ़कर 18 पहुंच गयी. मगर फिर रामगढ़ सीट में ममता देवी के जेल चले जाने के बाद रामगढ़ सीट गंवानी पड़ी. इसके बदले में मांडू सीट से जेपी पटेल के रूप में एक विधायक आये. लेकिन दलबदल के आरोप में उनकी भी सदस्यता चली गयी. अगर राजद की बात करें तो राजद सात सीटों पर चुनाव लड़ी, जिसमें मात्र एक सीट पर उसे सफलता हासिल हुई. अगर 2019 के हिसाब से देखा जाये, तो विनोद सिंह और मांडू के जेपी पटेल की सीट जोड़ ली जाये, तो इंडिया गठबंधन की सिटिंग की संख्या 51 तक पहुंच चुकी है. मतलब साफ है कि 50 से 51 सीट गठबंधन दलों को मिलना तय है. जिस पर कोइ जिच नहीं है।

### शेष बची सीटों पर खींचतान, राजद को होगी मुश्किल

शेष बची 30 सीटों पर इंडिया गठबंधन के बीच खींचतान होने की पूरी संभावना है. सबसे बड़ी मुश्किल तो राजद को लेकर होगी. राजद पिछली बार सात सीट पर चुनाव लड़ा था, जिसमें एक सीट पर जीत मिली. चार सीटों पर बहुत कम अंतर से पार्टी चुनाव हारी थी. इसलिए दूसरे स्थान पर रही सीटों को राजद छोड़ेगा, इसकी संभावना बहुत कम है. अब अंतिम निर्णय तो कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व, हेमंत सोरेन और तेजस्वी यादव ही करेंगे.

### भवनाथपुर पर झामुमो की नजर और कांग्रेस की रांची और सिल्ली पर

जहां तक सीटों की अदला-बदली की बात है. तो कई सीटों पर एक दूसरे की नजर है. पिछली बार भवनाथपुर सीट कांग्रेस लड़ी थी, मगर यह सीट इस बार झामुमो कांग्रेस से मांग रही है. अनंत प्रताप देव झामुमो में शामिल हो चुके हैं. इसलिए झामुमो इनके लिए यह सीट मांग रही है. चंदनक्यारी सीट से यह तय हो चुका है कि यह आजसू के खाते में नहीं जा रही है. भाजपा अपने सिटिंग विधायक अमर बाऊरी को ड्रॉप करने से मना कर दिया है. इसलिए झामुमो इस सीट पर नजर गड़ाये हुए है. संभव हो पूर्व विधायक उमाकांत रजक झामुमो में शामिल हो जाये. वहीं रांची और सिल्ली सीट कांग्रेस झामुमो से मांग रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष की गाड़ी गया में दुर्घटनाग्रस्त, घायल, चालक की मौत

**पलामू, एजेंसी।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष बह्मदेव प्रसाद उर्फ बी.डी. प्रसाद की गाड़ी बिहार के गया में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी. इस हादसे में कार चालक की मौत हो गयी. जबकि बह्मदेव प्रसाद और मंतोष ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गये. घायलों को तुरंत गया के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने पटना रेफर कर दिया है. मृतक ड्राइवर की पहचान विजय शर्मा के रूप में हुई है. बह्मदेव प्रसाद के परिजन और समर्थक सरकार से इस हादसे की गहन जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

**बाराचट्टी थाना के पास ट्रक ने कार में मारी जोरदार टक्कर :** घटना के संबंध बताया जाता है कि ब्रह्मदेव प्रसाद, मंतोष ठाकुर और विजय शर्मा अपनी इनोवा कार से रांची से गया जा रहे थे. गया के बाराचट्टी थाना के पास उनकी कार को एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गये. इस हादसे में गाड़ी के ड्राइवर विजय शर्मा की मौके पर ही मौत हो गयी. वहीं ब्रह्मदेव प्रसाद और मंतोष ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गये. इस हादसे की खबर पूरे क्षेत्र के लोग चिंतित हैं. स्थानीय लोग और उनके समर्थक उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं. बता दें कि ब्रह्मदेव प्रसाद ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष हैं. वहीं कहा जा रहा है कि वो विश्रामपुर विधानसभा से चुनाव लड़ सकते हैं.

### बाघमारा में इलाज के दौरान महिला की मौत, विरोध में सड़क जाम



**धनबाद , एजेंसी।** बाघमारा थाना क्षेत्र के हरिणा में एक झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से एक महिला की मौत हो गयी. गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने मंगलवार को शव सड़क पर रखकर हरिणा-गोमो मुख्य मार्ग को जाम कर दिया. बताया जाता है कि महुदा के भक्तुडीह निवासी 36 वर्षीय रेखा देवी को पाइल्स की शिकायत थी. वह डॉ एनके मंडल से इलाज करवा रही थी. डॉक्टर ने ऑपरेशन की बात कही थी. मंगलवार को इलाज के क्रम में रेखा देवी की अचानक तबीयत बिगड़ गयी. इसके बाद डॉ एनके मंडल ने बेहतर इलाज के लिए तत्काल दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी और वहां से निकल गए. परिजन महिला को बेहोशी की हालत में दूसरे अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी. इससे नाराज परिजनों व ग्रामीणों ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए शव के साथ सड़क जाम कर दी. वे तत्काल डॉक्टर की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे. पुलिस के आश्वासन के बाद करीब तीन घंटे बाद सड़क जाम हटाया गया. इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेजा.

### विस चुनाव की घोषणा से पूर्व भूली में 5 योजनाओं का शिलान्यास



**धनबाद , एजेंसी।** झारखंड में मंगलवार को विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले भूली सी ब्लॉक स्थित अटल स्मृति पार्क में धनबाद विधायक राज सिन्हा के मद से पांच योजनाओं का शिलान्यास किया गया. विधायक के निर्देश पर योजनाओं का शिलान्यास नारियल फोड़ किया गया. समारोह में लोगों को मिठाई भी खिलाई गई. जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया, उनमें दो शेड का निर्माण व तीन पीसीसी पथों का निर्माण शामिल है. इनमें बी ब्लॉक बुधनी हटिया से खटाल तक 400 फीट पीसीसी सड़क शामिल है. मौके पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमन सिंह, कोषाध्यक्ष इंद्रकांत झा, ओमप्रकाश झा, मनमोहन सिंह, पप्पू शर्मा, ऋषभ राज कश्यप, प्रयाग राज रविदास, महेश सिंह, राजेश कुमार सिंह, मिथलेश कुमार सिंह, विष्णु सिंह, मानस रंजन पाल आदि मौजूद थे।

## भाजपा नेता अभय सिंह ने बन्ना गुप्ता पर लगाये कई गंभीर आरोप, कहा- मंत्री के इशारे पर मुझे फंसाने की कोशिश

**रांची, एजेंसी।** भाजपा नेता अभय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मंत्री बन्ना गुप्ता पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं। अभय सिंह ने कहा कि मंत्री बन्ना गुप्ता के इशारे पर उन पर, उनके परिवार और अन्य लोगों पर केस दर्ज किया गया है। अभय सिंह के साथ संवाददाता सम्मेलन में भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह, भाजपा नेता हलधर नारायण शाह, भाजपा के जिला मंत्री पप्पू सिंह, यादव समाज के अध्यक्ष जीतेंद्र यादव भी मौजूद थे।अभय सिंह ने कहा कि काशीडीह में धर्मेंद्र नामक युवक बदमाशी कर रहा था। गोलगप्पा वाले को मारकर लहूलुहान कर दिया था। साथ ही पिंटू दास नामक व्यक्ति को भी अस्तुरा मारकर घायल कर दिया था। यह सब मंत्री गुप्ता बन्ना गुप्ता के इशारे पर किया गया है। एक साजिश के तहत हमारी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री गुप्ता चुनाव के समय नजदीक आने पर घबराकर इस प्रकार की रणनीति अपना रहे हैं। उनके अनुसार, यह सब उनके और उनके परिवार के खिलाफ एक सुनियोजित साजिश है, ताकि उन्हें जेल भेजा जा सके और उनकी लोकप्रियता को खत्म किया जा सके।

अभय सिंह ने कहा, मंत्री बन्ना गुप्ता ने जानबूझकर मेरे परिवार के सदस्यों, जिसमें तीन भाई, तीन भतीजे और एक भांजा शामिल हैं, के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कराये हैं। यह राजनीतिक साजिश का हिस्सा है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यदि धर्मेंद्र को इतनी गंभीर चोटें आई थीं, तो उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती न कराकर एक निजी अस्पताल में क्यों भेजा गया इसके साथ ही, उन्होंने पूछा कि घायल पिंटू दास और गोलगप्पे वाले को टाटा मेन हॉस्पिटल में भर्ती क्यों नहीं कराया गया।

अभय सिंह ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाये और यह सुनिश्चित किया जाए कि धर्मेंद्र को कितनी चोटें आई है। मैं जिला प्रशासन से अपील करता हूं कि धर्मेंद्र की मेडिकल जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाये। उन्होंने यह भी मांग की है कि घटना के सभी वीडियो फुटेज सार्वजनिक किये जायें। आरोप लगाया गया है कि मैंने और मेरे लोगों ने हथियार से धर्मेंद्र को मारा है। वीडियो फुटेज में मैं या मेरे लोग हथियार लेकर दिखें, तो मुझे तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजा जाये। भाजपा नेता ने दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर भी अपनी चिंता व्यक्त की और कहा कि पूजा समिति की प्राथमिकता मेले में आने-जाने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई असामाजिक तत्व माहौल को खराब करने की कोशिश करता है, तो उसे सख्त प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा।

अभय सिंह ने कहा कि मंत्री बन्ना गुप्ता का अश्लील वीडियो वायरल होता है और दूसरे को इंसानियत सिखाते हैं। आरोप लगाया कि मंत्री ने हाल ही में एक बिल्डर को हड़काकर विधायक कार्यालय खोला है। सोनारी बालीचेला स्कूल के पास की यह बिल्डिंग में बिजली नहीं आ रही थी। एक बिल्डर को उसने हड़काया। उसके भतीजे और बेटे ने सौदेबाजी की और पूरा निचला हिस्सा अपने नाम करा लिया है। इसका दस्तावेज भी नहीं बना है। मंत्री के भतीजा के इशारे पर सोनारी बिरसा बस्ती को पीछे ढकेल दिया गया, ताकि एक बिल्डर को लाभ पहुंचाया जा सके और उक्त बिल्डर के सोनारी के प्रोजेक्ट में साइलेंट पार्टनर बन्ना गुप्ता का भतीजा बन गया। बस्ती को पूरी बड़ी दीवार खड़ी कर पीछे खड़ा कर दिया गया। करीब तीन सौ घरों का रास्ता बंद कर दिया गया। भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि कांग्रेसी होश में आएं। इस प्रकार की अगर हरकत वरिष्ठ नेता अभय सिंह के साथ की गयी तो मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा।

## झारखंड पुलिस की वजह से ही विकास के कार्य जमीन पर उतर रहे वंदना दादेल

**रांची, एजेंसी।** रांची के डोरंडा स्थित जैप-1 में मंगलवार को 19वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने किया। मौके पर वंदना दादेल ने झारखंड पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि आज झारखंड पुलिस की वजह से ही विकास के कार्य जमीन पर उतर रहे हैं। झारखंड पुलिस बेहतरीन काम कर रही है, जिसे और बेहतर करना है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि राज्य की सुरक्षा के लिए अपराधियों का जेल में बंद रहना बेहद जरूरी है। बेहतर अनुसंधान से ही दोषियों को सजा दिलाई जा सकती है। इसके लिए झारखंड पुलिस लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आईटी, साइबर क्राइम, अपराध नियंत्रण, महिलाओं की सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर भी दिन-रात पुलिस अधिकारी काम कर रहे हैं। डीजीपी ने कहा कि अब हमें किसी अपराधी के प्रोफाइल के लिए छापेमारी करने और उसके पीछे भागने की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि एक बटन दबाते ही उसका पूरा प्रोफाइल सामने आ जाता है। बेहतर तकनीक के बल पर अब कांडों का खुलासा संभव है। डीजीपी ने बताया कि पुलिस ड्यूटी मीट तनाव से भरे पल से निकलने का एक जरिया भी है। आने वाले दिनों में ऑल इंडिया पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में भी बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए हमारे पुलिसकर्मी अच्छी तैयारी कर रहे हैं। पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान अनुसंधान की तरह-तरह के तरीके को भी प्रैक्टिकल रूप में दिखाया गया। इस दौरान सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज ने बताया कि बेहतर तकनीक, सूझबूझ, अनुसंधान के तौर तरीकों पर पुलिस खुद अपनी कसौटी पर कितनी खरी उतर रही इसके लिए हर वर्ष झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी झारखंड पुलिस के जवान बेहतर तकनीक के बल पर अपराधियों को सजा दिलाने के गुर सीखेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पर आने वाली टीमों को मिलाकर राज्य की टीम तैयार की जाएगी, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए भेजा जाएगा। पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान राज्य भर की आठ टीमों में शामिल 80 से ज्यादा पुलिसकर्मियों के बीच मुकाबला होगा।

## रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी ने कहा, सच्चाई की जीत हुई

**रामगढ़, एजेंसी।** झारखंड हाई कोर्ट से राहत मिलने के बाद रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि उन्होंने मां दुर्गा से सच्चाई की जीत की प्रार्थना की थी और आज उनकी जीत हुई है। विरोधियों को एक बार फिर वह परास्त करेंगी। उन्होंने कहा कि एक बड़ी



साजिश के तहत उन्हें सजा दिलवाई गई थी और उनकी विधायकी चली गई थी। झारखंड हाई कोर्ट के फैसले के बाद रामगढ़ में राजनीति की फिजा बदल गई है। पूर्व विधायक ममता देवी के अब चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। ममता देवी को कोर्ट से मिली राहत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में खुशी का माहौल दिख रहा है।

## धनबाद जिले में निष्पक्ष चुनाव कराने को प्रशासन तैयार: डीसी

**धनबाद , एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद धनबाद की डीसी माधवी मिश्रा ने कहा कि जिला प्रशासन निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तैयार है. मंगलवार को चुनाव की घोषणा के डीसी समाहरणालय में आयोजित प्रेसवार्ता में मीडिया से बात कर रही थीं. निर्वाचन आयोग की ओर से जारी विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया धनबाद जिले में चुनाव की अधिसूचना 22 अक्टूबर को जारी होगी. नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर है. 30 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 1 नवंबर है. धनबाद जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा. इनमें धनबाद, झरिया, सिंदरी, निरसा, झरिया, टुंडी व बाघमारा विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं. डीसी ने शहरी एवं युवा वोटरों से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की.



जिले में 1318 भवनों में कुल 2372 मतदान केंद्र बनाए गए हैं.

**जिले में कुल 2075869 मतदाता :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने बताया कि सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी व बाघमारा विधानसभा को मिलाकर जिले में कुल 20 75 869 मतदाता हैं. इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1072596, महिला मतदाताओं की संख्या 1003 221 व 52 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं. जिले 27944 दिव्यांग, जबकि 85 वर्ष से अधिक उम्र के 5443 वोटर हैं. वहीं, 18-19 वर्ष के वोटरों की संख्या 76656 है. 18-19 वर्ष के वोटरों में मेल वोटर की संख्या 33347, फीमेल की संख्या 43308 तथा एक ट्रांसजेंडर मतदाता है. उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है. चुनाव आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा. प्रेसवार्ता में एसएसपी एचपी जनार्दनन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, धनबाद एसडीओ राजेश कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## झारखंड में 23 हाथियों का झुंड पार कर रहा था रेल लाइन, तभी आ गई ट्रेन; एक की मौत



**चक्रधरपुर, एजेंसी।** झारखंड के चक्रधरपुर रेल मंडल के बंडामुंडा में मालगाड़ी की चपेट में आकर आठ महीने के नन्हे हाथी की मौत हो गई। वहीं, एक नन्हा व वयस्क समेत दो हाथी घायल हो गए। सोमवार रात लगभग 9.44 बजे ए केबिन के पास अप लाइन पर घटना के बाद ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया। रात्रि करीब एक बजे रेल कर्मियों द्वारा ट्रैक से शव को हटाए जाने के बाद करीब 2.15 बजे पांच घंटे बाद अप लाइन पर ट्रेनों का परिचालन बहाल हुआ। इस दौरान समलेश्वरी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें जहां-तहां खड़ी रहीं।

इधर, मंगलवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग ने सहायक चालक को हिरासत में ले लिया। इससे चालक भड़क गये और बंडामुंडा क्रूलॉबी में प्रदर्शन शुरू कर दिया। हालांकि, वन विभाग ने पूछताछ के बाद सहायक चालक को रिहा कर दिया।

### 23 हाथियों का झुंड पार कर रहा था रेल लाइन

बताया जाता है कि सोमवार रात हावड़ा-मुंबई मुख्य मार्ग पर बंडामुंडा ए केबिन के पास 23 हाथियों का झुंड रेल लाइन पार कर रहा था। तब एक मालगाड़ी दूसरी लाइन पर खड़ी थी। उसी दौरान अप मेन लाइन पर एन बॉक्स नामक मालगाड़ी आ गयी, जिसे देख हाथी इधर-उधर भागने लगे और आठ माह का नन्हा हाथी मालगाड़ी की चपेट में आ गया। मालगाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। वहीं, एक नन्हा हाथी समेत दो हाथी घायल हो गये।

### पांच घंटों तक ठप रहा ट्रेनों का परिचालन

वन विभाग द्वारा सुरक्षित सागवान के जंगल निकाल इलाज के लिए भेजा गया। बंडामुंडा ए केबिन के पास किमी संख्या 404/8-10 के पास हुई घटना के बाद रेल परिचालन पांच घंटे तक ठप रहा, जिससे कई ट्रेनें जहां-तहां फंसी रहीं। उसी प्रकार 22905 ओखा हावड़ा एक्सप्रेस पानपोष, 18190 एर्नाकुलम टाटानगर एक्सप्रेस, 18114 बिलासपुर टाटानगर एक्सप्रेस, 12810 हावड़ा मुंबई मेल सहित कई ट्रेनें प्रभावित हुईं और सभी ट्रेनें एक दो घंटें देरी से रवाना हुईं।

### सहायक चालक को हिरासत में लेने के विरोध में प्रदर्शन

रेल लाइन पर नन्हे हाथी की मौत खबर मंगलवार सुबह मिलते ही डीएफओ यशवंत सेठी समेत कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के बाद दफना दिया। वहीं, ट्रेन के सहायक चालक कवि राज महतो को हिरासत में ले लिया। दुर्घटना के समय ट्रेन की स्पीड और घटना की जानकारी लेने के बाद दोपहर करीब साढ़े तीन बजे रिहा कर दिया। एन बॉक्स नामक मालगाड़ी को टाटा क्रूलॉबी के चालक मनोज कुमार और सहायक चालक कवि राज महतो चला रहे थे। इधर, सहायक चालक कवि राज महतो को वन विभाग द्वारा हिरासत में लिये जाने की खबर बंडामुंडा क्रू लॉबी पहुंचते ही चालक भड़क गये। बंडामुंडा क्रू लॉबी में मौजूद ट्रेन चालक और सहायक चालकों ने क्रूलॉबी में ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

## अलका तिवारी होंगी झारखंड की नयी मुख्य सचिव !

**रांची, एजेंसी।** आईएएस अलका तिवारी को झारखंड का अगला मुख्य सचिव बनाया जा सकता है. भारत सरकार ने आईएएस अलका तिवारी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से उनके मूल कैडर झारखंड में वापस करने का आदेश जारी किया है. इसके बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि उन्हें मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित किया जा सकता है. अलका तिवारी 1988 बैच की आईएएस हैं. फिलहाल वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं.



वह झारखंड के कई जिलों में डीसी के पद पर भी काम कर चुकी हैं. बता दें कि वर्तमान में झारखंड में मुख्य सचिव के पद पर आईएएस एल ख्यांग्ते पदस्थापित हैं. एल ख्यांग्ते इसी माह 31 अक्टूबर को सेवानिवृत होंगे. झारखंड में अचार संहिता लागू हो गया है. इस कारण मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापन का फैसला चुनाव आयोग को ही लेना है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# सबकी सुरक्षा जरूरी

बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के पंडाल पर हमले और मंदिर से चोरी की खबरों ने एक बार फिर वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के मसले को केंद्र में ला दिया है। भारत ने ठीक ही इन घटनाओं को बेहद गंभीर बताते हुए इन पर न केवल चिंता जताई बल्कि अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई। गौर करने की बात है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का यह मसला धीरे-धीरे दोनों देशों के रिश्ते का एक अहम फैक्टर बनता जा रहा है। पिछले अगस्त महीने में छात्र आंदोलन के बेकाबू होने और फिर सत्ता परिवर्तन का कारण बनने के बाद बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की घटनाएं हुईं। तब नई सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने हालांकि इन हमलों को रोके जाने का आह्वान किया, लेकिन यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया में इन घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। उनका यही रुख अब तक बना हुआ है। दुर्गापूजा के पंडाल में बम फेंके जाने की खबर स्वाभाविक ही बांग्लादेशी हिंदू बिरादरी को सहमा देने वाली है। जेशोरेश्वरी मंदिर में मां काली के ताज की चोरी इस मायने में भी अहम है कि यह ताज 2021 में अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोहफे के तौर पर दिया था। यही नहीं, गुरुवार को चटगांव में दुर्गापूजा के दौरान कुछ लोगों द्वारा जबरन इस्लामी क्रांति के गीत गाए जाने की भी खबर आई। पूरे देश में इस तरह की 35 अप्रिय घटनाएं दर्ज हुई हैं। ऐसे में भारत अगर इन घटनाओं के पीछे सुनियोजित साजिश की आशंका जता रहा है तो उसे निराधार नहीं कहा जा सकता। ध्यान रहे, बांग्लादेश में सरकार के मुख्य कर्ता-धर्ता मोहम्मद यूनुस शुरुआती अस्थिरता से उबर चुके हैं। सत्ता पर उनकी पकड़ काफी हद तक बन चुकी है। इसका अंदाजा इस बात से भी होता है कि जल्द से जल्द चुनाव का वादा करते हुए सत्ता संभालने वाले यूनुस अब कहने लगे हैं कि सुधार का अजेंडा पूरा होने से पहले चुनाव नहीं होंगे। ऐसी स्थिति में यूनुस और उनके सहयोगियों को शासन और कूटनीति से जुड़े गंभीर मसलों पर परिपक्वता दिखानी होगी। आंदोलन से जुड़े गैर जिम्मेदार तत्व अनाप-शनाप आरोप लगाएं तो कुछ हद तक समझा जा सकता है लेकिन अगर शासन में बैठे लोग भी इन तत्वों का समर्थन करते हुए दिखें तो उसे सही नहीं कहा जा सकता। वक्त आ गया है कि बांग्लादेश की सरकार जहां-तहां हमले करने और ऊलजलूल बयान देने वाले ऐसे तत्वों को काबू करते हुए यह संदेश दे कि वहां हालात सरकार के नियंत्रण में है और अराजकता का राज नहीं है।

## ओबीसी वोटों पर निशाना

महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने गुरुवार को जिस तरह से ओबीसी आरक्षण के लिए निर्धारित नॉन क्रीमी लेयर सीमा को लगभग दोगुना करवाने का संकेत दिया, उससे दो बातें बिल्कुल साफ हो गई हैं। एक तो यह कि सत्तारूढ़ एनडीए खेमा हरियाणा में मिली अप्रत्याशित जीत से बने उत्साहपूर्ण माहौल में एक पल भी गंवाए बगैर अपना पूरा ध्यान महाराष्ट्र चुनाव पर लगा चुका है। दूसरी बात यह कि हरियाणा के अनुभव की रोशनी में उसने यहां सबसे बड़ा दांव ओबीसी समुदाय के वोटरों पर लगाने का फैसला किया है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से ऐन पहले की गई इस घोषणा का हरियाणा में भाजपा को मिली जीत से ही नहीं, वहां अपनाई गई रणनीति से भी सीधा संबंध है। चुनाव से पहले के हालात हरियाणा में भी भाजपा के अनुकूल नहीं थे। वहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसी साल जून महीने में ओबीसी समुदायों से जुड़े एक कार्यक्रम के दौरान नॉन-क्रीमी लेयर की सीमा बढ़ाने का वादा किया। कई एक्सपर्ट मानते हैं कि इस वादे ने अंदर ही अंदर इस समुदाय के वोटरों पर निर्णायक प्रभाव डाला। महाराष्ट्र की राजनीति के संदर्भ में देखें तो यह फैसला और ज्यादा अहमियत रखता है। यहां मराठा आरक्षण की मांग पिछले कुछ समय से खासी चर्चित रही है। लोकसभा चुनावों से पहले राज्य सरकार ने मराठा समुदाय को ओबीसी कोटे के अंदर से ही रिजर्वेशन देने की घोषणा की थी। माना जाता है कि महायुति को इसका खामियाजा ओबीसी वोटरों की नाराजगी के रूप में भुगतना पड़ा। इस लिहाज से महायुति सरकार के ताजा फैसले को लोकसभा चुनावों की गलती को दुरुस्त करने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है। यह मांग कुछ कोनों से उठाई भी जा रही थी। आठ लाख की मौजूदा सीमा के कारण ओबीसी परिवारों का एक बड़ा हिस्सा जो इस सीमा से थोड़ा ही ऊपर था, वंचित महसूस कर रहा था। आर्थिक तौर पर सशक्त न होने के बावजूद वह आरक्षण का फायदा नहीं उठा पा रहा था। अगर यह सीमा 15 लाख रुपये सालाना कर दी जाती है, और जैसा कि राज्य सरकार के स्तर पर संकेत दिया जा रहा है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सफलता का रहस्य

(बृजनन्दन राजू)

नागपुर से शुरू हुआ संघ विशाल वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है। इस वटवृक्ष की छांव में भारत की संस्कृति और परम्परा पुष्पित पल्लवित हो रही है। आज 50 से अधिक संगठन विविध क्षेत्रों में संघ से प्रेरणा लेकर कार्य कर रहे हैं। इस वर्ष 2025 विजयादशमी का पावन पर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष का शुभारम्भ है। हिन्दू संगठन और राष्ट्र को परमवैभव पर ले जाने के जिस उद्देश्य को लेकर सन 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में डा. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। उस ध्येय पथ पर संघ निरन्तर बढ़ता जा रहा है। किसी भी जीवंत संगठन के लिए शताब्दी वर्ष तक की यात्रा बहुत ही महत्वपूर्ण मानी जाती है। कोई भी संगठन किसी निश्चित उद्देश्य से बनता है और दस,बीस, पचास साल में उसकी महत्ता घट जाती है। जबकि संघ में ऐसा नहीं है। अभी भी संघ बूढ़ा नहीं बल्कि चिरयुवा है। इस सुदीर्घ यात्रा में संघ ने राष्ट्र के नवोत्थान का पथ आलोकित किया है। देशवासियों में देश के प्रति निष्ठा व समर्पण का भाव जगाया है। अब तक की यात्रा में हिन्दू संगठन के साथ-साथ आम लोगों का विश्वास जीतने और राष्ट्र जागरण के प्रयास में संघ पूर्णतया सफल रहा है। देश दुनिया में आरएसएस नाम से विख्यात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है। संघ की तुलना किसी दूसरे संगठन से नहीं कर सकते क्योंकि तुलना करने के लिए भी इसके जैसा कोई होना चाहिए। इसीलिए बहुत से लोग स्वार्थवश संघ को बुरा भला कहते हैं। कुछ लोग अज्ञानवश भी संघ की आलोचना करते हैं क्योंकि उनको संघ की असलियत पता नहीं है। नागपुर से शुरू हुआ संघ विशाल वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है। इस वटवृक्ष की छांव में भारत की संस्कृति और परम्परा पुष्पित पल्लवित हो रही है। आज 50 से अधिक संगठन विविध क्षेत्रों में संघ से प्रेरणा लेकर कार्य कर रहे हैं। यह सभी संगठन स्वायत्त जरूर हैं लेकिन उनके पीछे संघ की शक्ति ही सक्रिय है। विविध क्षेत्रों में कार्य करने वाले संघ के आनुषांगिक संगठन विश्व के शीर्ष संगठनों में शुमार हैं। चाहे किसान संघ हो, मजदूर संघ हो, विद्यार्थी परिषद हो, वनवासी बंधुओं के बीच कार्य करने वाला संगठन वनवासी कल्याण आश्रम हो, शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती,धर्म के क्षेत्र में सक्रिय विश्व हिन्दू परिषद हो या फिर राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय भारतीय जनता पार्टी। यह सब विश्व में चोटी के संगठन हैं। कुल मिलाकर देखेंगे तो पायेंगे समाजजीवन का ऐसा कोई क्षेत्र अक्षूता नहीं है जिस क्षेत्र में संघ के कार्यकर्ता काम न कर रहे हों। लोगों के लिए यह आश्चर्य का विषय है कि ऐसी कौन सी शक्ति या विजन है कि संघ इतना पुराना संगठन होने के बावजूद उसकी शक्ति नित्य-प्रति बढ़ती जा रहै। लोग कहते हैं कि आखिर संघ की सफलता का रहस्य क्या है? यह जानने के लिए संघ स्थापना की पृष्ठभूमि पर गौर करना आवश्यक होगा। डा. हेडगेवार ने राष्ट्र की समस्याओं का आकलन किया और उनके समाधान के सूत्र खोजे। जिसमें प्रमुख कारण था देशभक्ति का अभाव। आपसी संबंधों का अभाव। जागरूकता का अभाव। इसके लिए संघ संस्थापक ने शाखा नामक अभिनव कार्यपद्धति विकसित की। डा. हेडगेवार ने कहा कि हम शाखा के माध्यम से स्वयंसेवक तैयार करेंगे और यही स्वयंसेवक ही आगे चलकर समाज में बदलाव लायेंगे। नित्य प्रति लगने वाली शाखा डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने सन 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में संघ की स्थापना की। प्रथम संघ की शाखा मोहिते का बाड़ा में शुरू हुई। इसके बाद शाखा का विस्तार होता गया। व्यक्ति निर्माण में शाखा का प्रयोग अद्धितीय अनुपम व अनूठा है। संघ की सफलता का रहस्य शाखा में ही निहित है। अनेकों संगठन संघ की भांति शाखा चलाने की बात करते हैं लेकिन उन्हें यह पता नहीं कि शाखा चलाने के लिए अनेकों स्थानीय कार्यकर्ता व प्रचारकों की लम्बी श्रंखला का कठोर परिश्रम तथा समय लगता है। इसी त्याग तपस्या का प्रतिफल है शाखा। शाखा के माध्यम से संघ ने व्यक्ति निर्माण करने में सफलता प्राप्त की है। शाखा प्रतिदिन 60 मिनट की ही लगती है। शाखा के कार्यक्रम तय हैं। पूरे एक घंटे का शारीरिक व बौद्धिक कार्यक्रमों का नियोजन है। शाखा का प्रारम्भ व विकिर (समापन) सीटी से होता है। शाखा के कार्यक्रमों से स्वयंसेवकों में विविध गुणों का विकास होता है। देश का कार्य करने के लिए अपना शरीर सशक्त होना चाहिए। इसके लिए व्यायाम आवश्यक है। प्रतिदिन शारीरिक कार्यक्रम होते हैं। शाखा में मुख्य शिक्षक की आज्ञा का पालन सब करते हैं चाहे संघ के सरसंघचालक ही क्यों न हों। मुख्य शिक्षक की आज्ञा होती है अग्रेसर। शाखा में कितनी भी अधिक संख्या क्यों न हो जो स्वयंसेवक अग्रेसर रेखा पर आ गया शेष सब स्वयंसेवक अग्रेसर के पीछे ही खड़े होते हैं,फिर आयु या कद का बंधन नहीं रहता है। उसी तरह संघ में एकसह सम्पत एक आज्ञा होती है। इसका अर्थ होता है एक लाइन में खड़े होना। इसमें भी कोई भी स्वयंसेवक जो पहले आकर खड़ा हुआ उसके बगल में ही सब खड़े होंगे। छोटे बड़े का कोई भेद नहीं। शाखा में आने वाले सभी स्वयंसेवक एक दूसरे को भाई साहब कहकर अभिवादन करते हैं। पांच साल का स्वयंसेवक भी 70 साल के स्वयंसेवक को भाई साहब ही कहता है। स्वयंसेवकों में यह भाव पैदा किया जाता है कि हम सभी भारत माता के पुत्र हैं तो हम सब आपस में भाई-भाई हैं। संघ शाखा के इसी भाव के द्वारा ही नित्य सिद्ध शक्ति खड़ी होती है। डा. हेडगेवार ने नागपुर से बाहर अन्य प्रदेशों में संघ कार्य विस्तार के लिए युवाओं को भेजना शुरू किया। तब से प्रचारक पद्धति शुरू हो गयी। संघ में प्रचारक ऋषि परम्परा के समान साधक माने जाते हैं। संघ के स्वयंसेवक प्रचारकों को अपना आदर्श मानते हैं। संघ कार्य की मुख्य धुरी प्रचारक ही होते हैं। इन प्रचारकों के भोजन जलपान इत्यादि की चिंता स्वयंसेवक ही करते हैं। प्रचारक पूरा समय देकर संघ का कार्य करता है। प्रचारक हिन्दू-हिन्दू भाई का केवल गीत नहीं गाते हैं उसे जीवन में उतारते हैं। रज्जू भैया,अशोक सिंघल जैसे अनेकानेक युवा जो प्रचारक निकले क्षमता प्रतिभा की कोई कमी नहीं थी। पर सब कुछ संघ में रहकर भारत मां के चरणों में समर्पित कर दिया। बड़ी संख्या में निकले इन प्रचारकों के कारण ही संघ का काम तेजी से बढ़ा है।

*प्रचारक चार बजे अवश्य जग जाता है क्योंकि उसे नित्य प्रभात की शाखा पर प्रवास करना होता है। प्रचारक के नाते जिस क्षेत्र में वह है वहां संघ का काम बढ़े बस यही उसकी अपेक्षा रहती है। प्रचारकों का समय-समय पर स्थान परिवर्तन भी होता रहता है। उनका कार्यक्षेत्र यहां तक कि एक संगठन से दूसरे संगठन में भी भेजा जाता है। जब पंजाब में खालिस्तानी उग्रवाद चरम पर था।*

# संघ शताब्दी वर्ष में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का स्मरण

(प्रवीण गुगनानी )

हेडगेवार जी के विषय में कहते, लिखते, सोचते समय अपनी दृष्टि को संघ केन्द्रित कर लेते हैं। 'राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ' को ही उनके राष्ट्रीय शिल्प का मानक या केंद्र माना जाता है जो कि एक अधूरी, अपूर्ण व मिथ्या अवधारणा है। आ सिंधु-सिंधु पर्यन्ता, यस्य भारत भूमिका । पितृभू-पुण्यभू भुश्चेव सा वै हिंदू रीति स्मृता ।। इस श्लोक के अनुसार 'भारत के वह सभी लोग हिंदू हैं जो इस देश को पितृभूमि-पुण्यभूमि मानते हैं' वीर दामोदर सावरकर के इस दर्शन को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का मूलाधार बनाकर संघ का संगठन, संस्थापना करने वाले डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का प्रथम श्रेणी में डाक्टरी की परीक्षा को पास करना और उसके बाद चिकित्सा के पेशे से सर्वथा भिन्न समाज व राष्ट्र सेवा में आजीवन अविवाहित रहकर आकंठ डूब जाना एक गहन जिज्ञासा का विषय है। केशव बलिराम हेडगेवार जी को हम यदि पूर्ण रूप से अपनी कल्पना में पिरोने का कार्य करें तो यह कार्य तनिक दुष्कर ही होगा। यह कार्य दुष्कर इसलिए होगा क्योंकि अधिकतर विचारक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का प्रथम श्रेणी में डाक्टरी की परीक्षा को पास करना और उसके बाद चिकित्सा के पेशे से सर्वथा भिन्न समाज व राष्ट्र सेवा में आजीवन अविवाहित रहकर आकंठ डूब जाना एक गहन जिज्ञासा का विषय है। हेडगेवार जी के विषय में कहते, लिखते, सोचते समय अपनी दृष्टि को संघ केन्द्रित कर लेते हैं। 'राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ' को ही उनके राष्ट्रीय शिल्प का मानक या केंद्र माना जाता है जो कि एक अधूरी, अपूर्ण व मिथ्या अवधारणा है। वस्तुतः राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ उनके विशाल, महत्वाकांक्षी व विस्तृत वितान वाले 'भारत एक विश्व गुरु' व 'परम वैभवमयी भारत माता' के लक्ष्य का एक पाथेय भर है। वस्तुतः डॉ. हेडगेवार जी का समूचा जीवनचरित्र एक व्यापक एवं गहन अनुसंधान के साथ साथ सहज चिंतन व चर्चा का भी विषय है। उनके जीवन के विभिन्न गुणात्मक भाग गंभीर अध्येताओं व समाज शास्त्रियों हेतु हमेशा ही एक खोज का विषय बने रह सकते हैं। संक्षेप में यह कि लोग विचारते हैं कि संघ ही डॉ. हेडगेवार का जीवन लक्ष्य था जबकि सत्य यह है कि संघ को डॉ. साहब ने केवल अपना माध्यम बनाया था; उनका मूल लक्ष्य तो स्वर्णिम भारत, भारत माता की परम वैभव शिखर पर स्थापना व हिंदूत्व ध्वजा को विश्व भर में फहराना ही था; जो कि आज संघ का परम लक्ष्य है। यहां यह भी कहा जा सकता है कि डॉ. हेडगेवार जी ने स्वयं को तो संघ के रूप में संपूर्णतः व्यक्त कर दिया था किंतु संघ की संघटना, विचार शक्ति, योजना, कार्यशक्ति, कल्पना शक्ति, संवेदनशीलता को उन्होंने इस प्रकार शिल्प किया था कि संघ कभी भी, किसी भी काल में, किसी भी परिस्थिति में संपूर्णतः व्यक्त हो ही नहीं सकता है!! डाक्टर साहब के संघ को सदैव स्वयं अव्यक्त रहकर समाज को अभिव्यक्त करना आता है। संघ को स्वयं कुछ भी न करके सब कुछ कर देने का दिव्य अकर्ता भाव धारण करना आता है। संघ को सर्वदर्शी होकर कहीं भी न दिखने की दिव्य दृष्टि से परिपूर्ण डॉ. साहब ने ही किया है। संघ का यही निर्लिप्त भाव डॉ. हेडगेवार जी की सबसे बड़ी सफलता नहीं बल्कि उनकी अलौकिक उपलब्धि है। संघ का यही स्वरूप डाक्टर हेडगेवार जी को संघ से इतर ले जाकर एक संगठन शास्त्री ही नहीं अपितु एक ऐसे समाज शास्त्री के स्थान पर बैठाता है जिसमें समाज की दृष्टि राष्ट्र केन्द्रित होती है। यही कारण हैं कि आज राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व इसके देवतुल्य प्रचारक और इसके कार्यकर्ता भारत देश व इसके देशज समाज हेतु अमूल्य निधि हो गए हैं। यही कारण है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आज सम्पूर्ण विश्व हेतु कौतुहल व जिज्ञासा के साथ साथ श्रद्धा विषय हो गया है। विश्व के समस्त संगठन विज्ञानी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के इस विचित्र किंतु सत्य संगठन के अंतर्तत्व, मर्म व गुंठन-अवगुंठन को समझना चाहते हैं। किंतु, यह भी सत्य है कि संघ बड़े बड़े ज्ञानियों के समझ नहीं आता है और जब यही महाज्ञानी अपने भोलेपन व कुछ न जानने के बालपन के भाव से संघ की शाखा में जाते हैं तो संघ को सहजता से संपूर्णतः जान लेते हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5524

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | | 5 | 6 | |
| | 3 | 9 | | | 8 | | 7 | |
| 7 | | | 2 | 5 | | | | |
| 3 | 1 | | | | 6 | 7 | | |
| | | 5 | | 7 | | 1 | | |
| | | 6 | 4 | | | | 8 | 9 |
| | | | | 9 | 7 | | | 2 |
| | 2 | | 8 | | | 6 | 5 | |
| | 8 | 1 | | | | | 9 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5523

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 |

## वर्ग पहेली 5524

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | 9 | | |
| 10 | | 11 | | ■ | 12 | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 |
| 15 | 16 | | 17 | ■ | 18 | 19 | |
| ■ | | ■ | 20 | | | | ■ |
| ■ | 21 | | | ■ | ■ | 22 | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | | ■ | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. मुगल सम्राट अकबर का जन्म 15 अक्टूबर 1542 को यहां के राणा वीरसाला के महल में हुआ था (5)
5. बेबाक, चुकता किया हुआ (2)
7. निंदनीय, अहंकार, नशा (3)
8. देवमंदिर, खुदा का घर (5)
10. झंकृत होना (4)
12. पुराणानुसार सुषेण की कन्या और बाली की पत्नी का नाम (2)
13. विश्वामित्र की पिता और कुशिक राजा के पुत्र का नाम (2)
15. वे प्राणी जो पृथ्वी पर विचरित होते हों (4)
18. देश व राज्य में शांति व्यवस्था बनाए रखने के नियम (3)
20. अभ्यास, योग्यता, कार्यक्षमता (4)
21. हंसी, उपहास, विनोद (3)
22. पैगंबर, ईशदूत, रसूल (2)
24. योगी, ब्रहचारी, संयासी (2)
25. प्राचीन भारत का प्रसिद्ध ज्ञानक्रेंद (3)

**ऊपर से नीचे**

1. कश्मीर की राजधानी श्रीनगर से सात दिनों के पैदल मार्ग पर हिंदुओं का एक तीर्थ स्थान जहां बर्फ के शिवलिंग के दर्शन होते है (5)
2. मनोज, कामदेव, आलिंगन का एक भेद (3)
3. अपशब्द करहना, बुरा-भला कहना (3)
4. मंदिर में घंटा बजने का शब्द, एक अंग्रेजी तोल जो 29 मन के बराबर होती है (2)
5. पश्चिम अफ्रीका के दश घाना की यह राजधानी है (3)
6. पिता का पिता यह कहलाता है (2)
9. वोदे देने की पात्रता (5)
11. गंडा-तावीज, अंगत्राण, अंगरक्षी (3)
14. गौरव, दृढ प्रतिज्ञा (2)
16. कमबुद्धि, नासमझ (4)
17. झूमते या इतराते हुए चलना (3)
19. नया, नवीन, नवल (3)
23. जमीन नापने की प्राचीन नाम (2)

### वर्ग पहेली 5523 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| को | ल | का | ता | ■ | मो | सा | द |
| सी | व | न | ■ | ■ | म | ह | ल |
| ■ | ली | न | ■ | को | ■ | स | ह |
| का | न | ■ | वि | रा | ट | ■ | न |
| ल | ■ | सू | र | ज | ■ | श | ■ |
| बे | टा | ■ | ह | वा | म | ह | ल |
| ल | ल | क | ■ | ब | ह | ना | ■ |
| ■ | ना | द | ना | ■ | क | ज | री |

# आज का राशिफल

### मेष

आज करियर में लाभ होगा और आपका दिन संतोष और शांति का रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। आपको ऑफिस के लोगों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। नए अनुबंध होने की संभावना है, जिससे आपकी पदोन्नति होगी और आपके जीवन में मन प्रसन्न रहेगा। रात में कुछ अप्रिय लोगों से मुलाकात हो सकती है, जिससे थोड़ी परेशानी हो सकती है।

### वृष

आज भाग्य साथ दे रहा है और सफलता आपके कदम चूमेगी और आपकी खूब तरक्की होगी। आपके काम से आपके बॉस भी खुश रहेंगे और आपको हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। आपको हर कदम पर उनका साथ मिलेगा। बिजनस से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। संतान की ओर से कोई अच्छी खबर मिल सकती है और आपका कोई रुका कार्य पूर्ण हो सकता है।

### मिथुन

आज भाग्य साथ देगा और आपके लिए प्रॉपर्टी खरीदने के योग बन रहे हैं। करियर में तरक्की होगी और मान-समान बढ़ेगा। संतान से जुड़ी जिम्मेदारियों को पूरा कर पाएंगे। सारे रुके हुए काम पूरे होंगे। यात्रा सुखद रहेगी। शाम से रात तक दोस्तों से मदद मिलेगी और कोई खुशखबरी मिलेगी।

### तुला

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको करियर से जुड़े फैसले सोच-समझकर लेने चाहिए। नुकसान होने की आशंका है। संतान की शिक्षा में सफलता मिलेगी, जिससे आपको खुशी होगी। कोई कीमती वस्तु खोने या चोरी होने का डर सता सकता है। शाम को कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। रात में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आपको खुशी होगी और पैसों की आवक से मन प्रसन्न होगा।

### वृश्चिक

आज दिन लाभदायक रहेगा। कमाई के नए रास्ते खुलेंगे। मीठा बोलने से आपको फायदा होगा। शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। बिजनस में सफलता मिलेगी। ज्यादा भागदौड़ करने से आपकी सेहत खराब हो सकती है। कुछ वक्त आराम करें तो आपको लाभ होगा। विरोधी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे और न ही आपको नुकसान पहुंचा पाएंगे। आपके लिए लाभ और तरक्की के संयोग बने हैं।

### धनु

आज लाभ होगा और नौकरी में चल रहे प्रयास सफल होंगे। आपको अपार सफलता मिलेगी और आपको संतान पक्ष के लोगों से काफी संतोषजनक समाचार प्राप्त होगा। दोपहर बाद किसी कानूनी मामले में जीत मिल सकती है। शुभ खर्च और यश में वृद्धि होगी। धन में वृद्धि से मन प्रसन्न रहेगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपके धन में वृद्धि होगी और कानूनी मामलों में सफलता मिलने से मन खुश होगा।

### कर्क

आज नौकरी में चल रहे नए प्रयास सफल होंगे और आपको लाभ होगा। सहकर्मी आपका साथ देंगे। शाम के समय किसी भी झगड़े से बचें। रात में मेहमानों के आगमन के योग हैं और आपकी तरक्की होगी। माता-पिता का ख्याल रखें। धन में वृद्धि होगी और योजनाएं पूरी होंगी। घर में किसी के आने से खुशी होगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### सिंह

आज दिन परेशानियों से भरा रहेगा। कोई न कोई चिंता आपको परेशान करेगी। वैवाहिक जीवन में चल रही परेशानियां खत्म होंगी। परिवार के लोगों से लेन-देन न करें, संबंध खराब हो सकते हैं। धार्मिक यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधानी बरतें। कोई कीमती वस्तु चोरी हो सकती है, सावधान रहें। आपके धन में वृद्धि होगी और योजनाएं सफल होंगी।

### कन्या

आज बिना कारण शत्रुता हो सकती है। अपनी बुद्धि से किए गए कार्यों में ही नुकसान हो सकता है। किसी मामले में निराशाजनक समाचार मिल सकता है, जिससे आपका मन दुखी हो सकता है। अचानक यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और झगड़े से बचें। किसी से भी लेन-देन न करें।

### मकर

आज लाभ होगा और आनंद में वृद्धि होगी। आपके आस-पास का माहौल खुशनुमा रहेगा। परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। काफी दिनों से चली आ रही आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। विरोधियों का अंत होगा। यात्रा का कार्यक्रम स्थगित हो सकता है। आपको कहीं यात्रा पर जाना पड़ सकता है और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### कुंभ

आज लाभ होगा और करियर में भाग्य का साथ मिलेगा। सरकार और सत्ता पक्ष से लाभ मिलेगा। ससुराल पक्ष से धन लाभ हो सकता है। शाम से रात तक सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने का मौका मिलेगा। धन में वृद्धि से मन प्रसन्न रहेगा। आपके परिवार में सुख समृद्धि के योग बनेंगे और आपको ऑफिस के लोगों से प्रशंसा प्राप्त होगी। कुछ वक्त आराम करें तो आपको लाभ होगा।

### मीन

आज दिन लाभदायक रहेगा। आर्थिक मामलों में रुके हुए काम पूरे होंगे। आपकी योजनाएं सफल होंगी और हर काम में भाग्य आपका साथ देगा। बिजनस में लाभ होगा और धन-संपत्ति में वृद्धि होगी। आपकी किस्मत साथ देगी और सारी योजनाएं सफल होंगी। आपका भाग्य साथ देगा और मन काफी प्रसन्न होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार



### सरकारी कर्मचारियों के लिए दिवाली गिफ्ट, साय सरकार ने बढ़ाया महंगाई भत्ता

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने कर्मचारियों को बड़ा दिवाली गिफ्ट दिया है। साय सरकार ने राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत बढ़ाने का ऐलान किया है। इस तरह अब छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने के बारे में जानकारी देते हुए सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि आज कैबिनेट मीटिंग है। हमारी सरकार ने निर्णय किया है कि राज्य कर्मचारी जो अभी 46 प्रतिशत डीए पा रहे हैं, उसे 4 प्रतिशत बढ़ा दिया जाएगा। इस तरह अब राज्य कर्मचारियों का डीए बढ़कर 50 प्रतिशत पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि अब राज्य कर्मचारी 50 प्रतिशत का डीए पाएंगे। विष्णु देव साय ने बताया कि बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता कर्मचारियों के लिए अक्टूबर महीने से लागू होगा।

### हरियाणा की कंपनी ने दीपावली गिफ्ट में बांटी लग्जरी कारें, कर्मचारियों में खुशी की लहर




**चंडीगढ़, एजेंसी।** दीपावली पर हरियाणा के पंचकूला में एक फार्मा कंपनी ने अपने कर्मचारियों को लग्जरी कारें बांटी हैं। इससे कर्मचारियों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कंपनी के मालिक ने कहा कि बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 15 कर्मचारियों को दीपावली गिफ्ट के दौर पर टाटा पंच और ग्रैंड विटारा जैसी कारें तोहफे में दी गईं। पिछले साल भी अच्छा काम करने वाले 12 कर्मचारियों को दीपावली पर कारें बांटी गई थी। पंचकूला स्थित मिट्स हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड दवा कंपनी के मालिक एमके भाटिया ने कहा कि उन्होंने 15 कर्मचारियों को दिवाली के तोहफे के तौर पर कारें दी हैं। भाटिया ने कहा कि उन्होंने ने साल भर कड़ी मेहनत करने वाले 15 कर्मचारियों को चुना था। इसके बाद उन्हें गाड़ियां दी गई। 15 कर्मचारियों में से 13 को टाटा पंच कारें और दो सीनियर कर्मचारियों को ग्रैंड विटारा गाड़ियां गिफ्ट की हैं। भाटिया ने कहा कि वह अपने कर्मचारियों को अपना सुपरस्टार कहते हैं। मिट्स हेल्थकेयर की सफलता के लिए कर्मचारियों का समर्पण और योगदान महत्वपूर्ण रहा है। आज आठ कर्मचारियों को कारें दी गई हैं। दिवाली से पहले बाकी बचे सात कर्मियों को भी कार उपहार में दी जाएंगी। भाटिया ने कहा कि मेरा दिल्ली में एक छोटा-सा कार्यालय था। मैं 2015 में चंडीगढ़ आया और एक छोटा-सा ऑफिस खरीदा। अपने कर्मचारियों की मेहनत के बल पर ही आज मैं और मेरी कंपनी इस मुकाम पर पहुंची है।

### पराली जलाने वालों के खिलाफ क्यों नहीं करते कार्रवाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण को लेकर दिए गए पिछले आदेश का पालन नहीं करने को लेकर हरियाणा सरकार को फटकार लगाई है। देश की सर्वोच्च अदालत ने चेतावनी दी है कि यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो वह हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना का मामला दर्ज करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि राज्य सरकार पराली जलाने के लिए लोगों पर मुकदमा चलाने और मामूली जुर्माना लगाकर लोगों को छोड़ देने से क्यों कतरा रही है। इसरो आपको बता रहा है कि आग कहां लगी थी और आप कहते हैं कि आपको कुछ नहीं मिला।

# उद्धव ठाकरे से अजित पवार- महाराष्ट्र चुनाव कई दिग्गजों के लिए अस्तित्व की लड़ाई



**मुंबई, एजेंसी।**
चुनाव आयोग के आगामी विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा के बाद महाराष्ट्र में चुनावी बिगुल बज चुका है। अब सारी निगाहें पार्टी की रणनीतियों और राज्य के दिग्गजों पर आ टिकी हैं। जानकारों की माने तो चुनाव के नतीजे कई प्रमुख दिग्गजों के राजनीतिक भविष्य के लिए फैसले की घड़ी होगी। इनमें शरद पवार, उद्धव ठाकरे, एकनाथ शिंदे, अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस जैसे नेताओं के नाम भी शामिल हैं। 2019 में बनी महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) को विपक्षी एकता के लिए एक टेम्पलेट के रूप में देखा गया था। हालांकि भाजपा ने इन पार्टियों के अंदर विद्रोहियों का समर्थन करके इसका मुकाबला किया, जिसके कारण उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई। इसके बाद अजित पवार और उद्धव ठाकरे दोनों गुटों को आधिकारिक पार्टी का दर्जा खोना पड़ा। तब से दोनों नेता नए नामों और प्रतीकों के तहत अपनी पार्टियों को फिर से खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं।

हाल के लोकसभा चुनावों में उद्धव ठाकरे ने 9 सीटें और अजित पवार ने 8 सीटें जीती थी। इस प्रदर्शन से उनके जमीनी समर्थन का पता चला। हालांकि विधानसभा चुनाव बड़ी परीक्षा है। एक राजनीतिक अंदरूनी सूत्र ने कहा, यदि एमवीए सत्ता में आती है तो पवार और ठाकरे दोनों महाराष्ट्र की राजनीति को प्रभावित करना जारी रखेंगे और अपनी पार्टियों को आगे बढ़ा सकते हैं। इसके उलट अगर महायुति सत्ता में लौटती है तो उनके प्रतिद्वंदी जीते हुए उम्मीदवारों को लुभाकर विरोधी गुटों को खत्म करने की कोशिश करेगी। शरद पवार पश्चिमी महाराष्ट्र में विशेष रूप से सक्रिय रहे हैं। उन्होंने बड़ी हलचल पैदा की है और सत्तारूढ़ भाजपा और एनसीपी के कई नेताओं को अपने पक्ष में कर लिया है। इधर उद्धव ठाकरे मुंबई में कई रणनीतिक बैठकें कर रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, जिन्होंने 7 लोकसभा सीटें जीती हैं, समाज के विभिन्न वर्गों को लुभाने के लिए सोची-समझी चालें चल रहे हैं। अपने चाचा शरद पवार के गढ़ में चुनौतियों का सामना करने के बावजूद अजित पवार ने एक राजनीतिक सलाहकार को नियुक्त किया है और महिला मतदाताओं को लक्षित करते हुए एक अभियान शुरू किया है।

इस बीच देवेंद्र फडणवीस के लिए यह चुनाव राज्य या राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका निर्धारित कर सकता है। नाम न बताने की शर्त पर एक भाजपा मंत्री ने कहा, अगर भाजपा सत्ता में लौटती है तो फडणवीस मुख्यमंत्री के रूप में वापसी की उम्मीद कर सकते हैं। अगर नहीं तो वह दिल्ली की राजनीति में जा सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषक प्रताप असबे समय से पहले निष्कर्ष निकालने के खिलाफ हैं। उनका मानना है, एमवीए ने अभी तक महायुति सरकार के खिलाफ एक अच्छी कहानी नहीं बनाई है। यह चुनाव सभी बड़े नेताओ के लिए अस्तित्व की लड़ाई है।

## गाजियाबाद में नौकरानी अपने पेशाब से बनाती थी कारोबारी के घर पर खाना

**गाजियाबाद , एजेंसी।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद से सामने आई इस खबर को पढ़कर आप हैरान हो जाएंगे। एक रियल एस्टेट कारोबारी के घर काम करने वाली नौकरानी परिवार को अपने पेशाब से खाना बनाकर खिलाती रही। जब इस पूरे परिवार को लीवर की बीमारी हुई तो उन्हें कुछ गड़बड़ी की आशंका हुई। उन्होंने रसोई में सीसीटीवी कैमरे लगवाए। इसके बाद सीसीटीवी में नौकरानी की शर्मनाक हरकत कैद हो गई। पीड़ित परिवार की शिकायत पर गाजियाबाद पुलिस ने मंगलवार को आरोपी नौकरानी गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि नौकरानी कई सालों से ऐसा कर रही थी।

क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र की एक सोसाइटी में रियल एस्टेट कारोबारी परिवार के साथ रहते हैं। थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कारोबारी की पत्नी ने बताया कि उनके घर में शांतिनगर निवासी रीना बतौर नौकरानी करीब 8 साल से काम करती थी। घर में चौका-बर्तन के अलावा परिवार का खाना भी वही बनाती थी। कारोबारी के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों से परिवार के लोग लीवर की बीमारी से ग्रसित होने लगे।

शुरू में तो उन्होंने कोई संक्रमण समझकर डॉक्टर को भी दिखाया, लेकिन स्थायी तौर पर राहत नहीं मिली। एक-एक के कर पूरा परिवार लीवर की बीमारी से ग्रसित होने लगा तो उन्हें शक हुआ और रसोई में सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। इसमें पूरे मामले का पता चल गया। रियल एस्टेट कारोबारी का कहना है कि उनका परिवार नौकरानी रीना पर आंख मूंदकर भरोसा करता था। वह उसे परिवार के सदस्य के रूप में मानते थे। हर सुख-दुख में वह उसके साथ खड़े रहते थे। पहले कई बार घर से नकदी और सामान भी चोरी हुआ, लेकिन उन्होंने उस पर कभी शक नहीं किया। सोमवार को उन्होंने सीसीटीवी कैमरे में रीना की करतूत देखी तो 8 साल का भरोसा पल भर में चकनाचूर हो गया। कारोबारी का कहना है उसकी इस हरकत से उनका पूरा परिवार सदमे में है।

## गुरुग्राम में एक ही दिन कई जगह गरजा बुलडोजर, कहीं भी चल सकने की चेतावनी



**गुरुग्राम, एजेंसी।**
गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने पुराने गुरुग्राम के दो मुख्य चौराहों पर मंगलवार को बुलडोजर चलाया। महाराजा अग्रसेन चौक और महावीर चौक के आसपास करीब 200 दुकानों के बाहर 20 से 30 फीट तक अतिक्रमण था, जिसे भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हटाया गया। अभियान के दौरान किसी तरह का विरोध सामने नहीं आया।

अतिक्रमण हटाने के बाद हुई गंदगी को डीटीपीई ने दुकानदारों से झाड़ू लगवाकर साफ करवाया। इसके अलावा 15 रेहड़ियों को तोड़ा गया। अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी कि यह अभियान जारी रहेगा। यदि दोबारा अतिक्रमण मिलता है तो एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। ओल्ड गुरुग्राम से आ रही दो मुख्य सड़क ओल्ड रेलवे रोड और न्यू रेलवे रोड, महाराजा अग्रसेन चौक और महावीर चौक से जुड़ी हुई हैं। शहर के अंदर जाने या बाहर निकलने के दौरान इन दोनों चौराहों के आसपास भारी अतिक्रमण में वाहन चालकों को फंसना पड़ता है। ए.श्रीनिवास के आदेश पर डीटीपीई आरएस बाठ ने इन दोनों चौराहों को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमणमुक्त करवा दिया। डीटीपीई आरएस बाठ ने बताया कि शहर की सभी सड़कों को अतिक्रमणमुक्त किया जाएगा। कभी भी किसी भी सड़क पर बुलडोजर चल सकता है। अतिक्रमणकारी स्वयं ही अतिक्रमण हटा लें। नहीं हटाने पर उनके सामान का नुकसान होगा। गुरुग्राम में नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए लगातार कार्रवाई हो रही है। मंगलवार को बस स्टैंड क्षेत्र में जीएमडीए व एमसीजी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को हटाया। मंगलवार को डीटीपी आरएस बाठ के नेतृत्व में जीएमडीए व निगम टीमें जेसीबी व पुलिस बल लेकर बस स्टैंड क्षेत्र में पहुंची। यहां पर सड़कों के किनारे व फुटपाथ क्षेत्र में अवैध रूप से रेहड़ी-पटरी, टीनशेडनुमा स्ट्रक्चरों सहित अन्य प्रकार के अवैध ढांचों के माध्यम से किए गए अतिक्रमण पर पीले पंजे से हटाया।

## इंस्टाग्राम पर कॉल उठाते ही चलने लगा अश्लील वीडियो

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम में शख्स को साइबर क्राइम का शिकार बनाया गया है। महिला ने उसे अश्लील वीडियो कॉल किया फिर एक लाख रुपए से ज्यादा की रकम ऐंठ ली। घटना 30 सितंबर की है। शख्स को इंस्टाग्राम पर एक कॉल आया। शख्स ने कॉल उठाया तो उस पर अश्लील वीडियो चलने लगा। वीडियो करीब 10-15 सेकेंड तक चला। इसके बाद ब्लेकमेलिंग का खेल शुरू हो गया। पीड़ित को पता ही नहीं आरोपियों ने कॉल की रिकॉर्डिंग कर ली और फिर उसे ब्लैकमेल करने लगे।

गुरुग्राम के रहने वाले हरीश माधवानी ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि 30 सितंबर को उन्हें इंस्टाग्राम पर एक वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले ने एक अश्लील वीडियो दिखाया और कॉल रिकॉर्ड कर ली जो 10-15 सेकंड तक चली। माधवानी ने कहा, उसकी कॉल रिकॉर्ड करने के तुरंत बाद वे पैसों की डिमांड करने लगे।

## महाराष्ट्र में जातियों को साधने में जुटी भाजपा, कई दिग्गज नेताओं को उतारा



**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। भाजपा के लिए यहां सत्ता बचाने की चुनैती है। इसके लिए भगवा पार्टी हर मोर्चे पर काम कर रही है। हाल के दिनों में चुनावी राज्य में कई विकास के काम का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही भाजपा महाराष्ट्र में जातियों को साधने की कोशिश भी कर रही है। ओबीसी के साथ-साथ दलितों को अपने पाले में करने के लिए अपने तमाम नेताओं को झोंक रखा है।

महाराष्ट्र के बीड जिले में दशहरा रैली को संबोधित करते हुए भाजपा नेता पंकजा मुंडे ने कहा, पिछड़ों ने मुझे वह बनाया है जो मैं हूं और मैं गोपीनाथ मुंडे की बेटी हूं। उन्होंने पिछड़ों से अपनी ताकत दिखाने का आह्वान भी किया। ठीक उसी समय पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू महाराष्ट्र में बौद्ध दलित समुदाय के नेताओं के साथ बैठकें कर रहे थे। ये बैठकें महाराष्ट्र में पिछड़ों और दलितों के बीच अपनी स्थिति को मजबूत करने और बढ़ाने के लिए भाजपा की चाल को दर्शाती हैं।

पंकजा मुंडे ने बीड में एक दशक से अधिक समय के बाद अपने चचेरे भाई धनंजय मुंडे के साथ मंच साझा किया है। पंकजा को मराठवाड़ा में भाजपा के ओबीसी चेहरे के रूप में देखा जाता है। पार्टी ने रिजिजू को बौद्ध दलितों, खासकर विदर्भ क्षेत्र में पैठ बनाने के लिए तैनात किया है। महाराष्ट्र में कुल एससी मतदाताओं में दलित बौद्धों की संख्या 50प्रतिशत से अधिक है। यह वर्ग आमतौर पर कांग्रेस या प्रकाश अंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन आघाड़ी के साथ रहा है। अब तक रिजिजू ने सौ से ज्यादा बैठकें की हैं और महाराष्ट्र में समुदाय के प्रमुख नेताओं से मुलाकात की है।

## चिंटल सोसाइटी की सीबीआरआई रिपोर्ट पर आरडब्ल्यूए ने उठाए सवाल




**गुरुग्राम , एजेंसी।**
गुरुग्राम के सेक्टर-109 स्थित चिंटल पैराडाइसो सोसाइटी की आरडब्ल्यूए ने केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) की रिपोर्ट पर सवाल खड़े किए हैं। आरडब्ल्यूए ने यहां तक आरोप लगाए हैं कि चिंटल इंडिया लिमिटेड इस सोसाइटी के सभी रिहायशी टावर को तोड़ना चाहती है, जिसके चलते इस तरह की रिपोर्ट तैयार करवाई जा रही है।

आरोप लगाया कि ए टावर की रिपोर्ट जिला प्रशासन और आरडब्ल्यूए को सौंपे बिना बिल्डर ने इस टावर को असुरक्षित बता दिया। इस मामले में चिंटल इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेएन यादव से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। चिंटल पैराडाइसो सोसाइटी की आरडब्ल्यूए के प्रधान राकेश हुड्डा ने कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए उन्हें लग रहा है कि यह रिपोर्ट सोची समझी साजिश के तहत तैयार हो रही है। आईआईटी, दिल्ली ने अपनी जांच रिपोर्ट में नौ में से छह टावर को असुरक्षित घोषित किया था। ए, बी और सी टावर को रहने लायक बताया था। चिंटल इंडिया लिमिटेड ने इन छह टावर के निर्माण की प्रक्रिया को शुरू करने की बजाय सीबीआरआई को ए, बी और सी टावर की जांच का जिम्मा सौंप दिया। अब सीबीआरआई ने ए और सी टावर को असुरक्षित घोषित कर दिया। हालांकि, अभी बिल्डर ने आरडब्ल्यूए से ए टावर की रिपोर्ट साझा नहीं की है। हुड्डा ने कहा कि सी टावर की रिपोर्ट को लेकर सीबीआरआई को यह बताना चाहिए था कि यह टावर सुरक्षा के लिहाज से रहने लायक है या नहीं, लेकिन उसने यह बताया कि इस टावर की मरम्मत में खर्चा बहुत अधिक आएगा, जिसके चलते इसे तोड़ना बेहतर होगा। आरडब्ल्यूए ने जिला प्रशासन ने हस्तक्षेप की मांग की है। 10 फरवरी, 2022 को चिंटल पैराडाइसो सोसाइटी के डी टावर में छह फ्लैट के ड्राइंग रूम की छत गिर गई थी।

## चेन्नई में भारी बारिश जारी, कई इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान

**चेन्नई , एजेंसी।** तमिलनाडु में चेन्नई और आसपास के जिलों में लगातार दूसरे दिन भी भारी बारिश जारी है। कई इलाकों में पानी भरने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश से पूर्वोत्तर मानसून के आगमन का संकेत मिल रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारी बारिश से अन्ना नगर पश्चिम, कोलाथुर, पम्मल, पेरम्बूर और राज्य की राजधानी के अन्य हिस्सों में आवासीय क्षेत्र में घुटनों तक पानी भर गया है। वहीं चेंगलपट्टू, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जिलों के कई हिस्सों में ट्रैफिक जाम की जानकारी सामने आई है। मौसम विभाग ने उत्तरी भागों और डेल्टा क्षेत्र के 12 जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार तक रानीपेट और वेल्लोर समेत अन्य उत्तरी जिलों में भी बारिश हो होने की संभावना है। चेन्नई और उसके पड़ोसी जिलों में गुरुवार को भी भारी बारिश हो सकती है। दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

## नहीं गिरेगी मंडी मस्जिद, कोर्ट ने लगाई रोक

**मंडी, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। मस्जिद गिराए जाने को लेकर नगर निगम की कोर्ट के गत 13 सितंबर को सुनाए गए फैसले पर शिमला में टीसीपी के प्रधान सचिव की कोर्ट ने रोक लगा दी है। आगामी आदेशों तक मस्जिद के अवैध निर्माण को नहीं गिराया जाएगा। आइए जानते हैं कोर्ट ने क्या कहा है।

इस मामले में टीसीपी के प्रधान सचिव की कोर्ट में अगली सुनवाई 20 अक्तूबर को निर्धारित की गई है। मंडी के नगर निगम के पास इन आदेशों की कॉपी भी पहुंच चुकी है। नगर निगम के आयुक्त एचएस राणा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जो फैसला उन्होंने सुनाया था उसपर रोक लगा दी गई है और उच्चाधिकारियों के आगामी आदेशों तक अब इसपर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। आने वाले समय में जो आदेश प्राप्त होंगे उसी के तहत कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, टीसीपी कोर्ट के फैसले पर हिंदू संगठनों की भी प्रतिक्रिया भी सामने आई है। देवभूमि संघर्ष समिति की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य घनश्याम ठाकुर ने टीसीपी की कोर्ट से हिंदू संगठनों को भी अपना पक्ष रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारे पास सभी दस्तावेज हैं और हमें भी अपना पक्ष रखने का मौका मिलना चाहिए। इस बारे में बात करते हुए ठाकुर ने कहा कि हिंदू संगठन 20 अक्तूबर को होने वाली सुनवाई का इंतजार करेंगे। यदि फैसला हक में नहीं आया तो वे कोर्ट जाने की तैयारी कर चुके हैं। अवैध निर्माण को गिराने के लिए चाहे संघर्ष का रास्ता ही क्यों न लेना पड़े, उससे पीछे नहीं हटेंगे। इन्होंने मुस्लिम समाज को अपना वो वादा भी याद दिलाया है जिसमें उन्होंने अवैध निर्माण को स्वयं गिराने की बात कही थी। इनका कहना है कि अवैध निर्माण को हर हाल में गिराया जाना चाहिए।

## कमलनाथ के फिर राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय होने के आसार



**भोपाल , एजेंसी।**
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ बीते कुछ समय से राजनीतिक तौर पर कम सक्रिय हैं मगर अब उनके फिर से राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय होने के आसार बन रहे हैं। यह अनुमान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से उनकी दिल्ली में हुई मुलाकात के आधार पर लगाए जा रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने वर्ष 2018 में राष्ट्रीय राजनीति से मध्य प्रदेश की ओर रुख किया था। उन्हें पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था और उसके बाद हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सत्ता हासिल की थी। कांग्रेस सत्ता में महज 15 माह रही, आपसी खींचतान के चलते सत्ता हाथ से खिसक गई और भाजपा की फिर सत्ता में वापसी हो गई। उसके बाद से कमलनाथ का दायरा लगातार सिमटता गया और वर्तमान में उनकी ज्यादा सक्रियता छिंदवाड़ा तक सीमित है। कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ छिंदवाड़ा से लोकसभा का चुनाव हार चुके हैं, वहीं उनके करीबी अमरवाड़ा से विधायक रहे कमलेश शाह ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। अभी हाल ही में हुए हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा के चुनाव में पार्टी ने कमलनाथ का राजनीतिक तौर पर कोई उपयोग नहीं किया। आगामी समय में महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के अलावा उप चुनाव भी होने वाले हैं। मध्य प्रदेश के दो विधानसभा क्षेत्र बुधनी और विजयपुर में उपचुनाव होना है। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कमलनाथ के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचकर उनसे न केवल मुलाकात की बल्कि दो घंटे तक दोनों साथ भी रहे। इस मुलाकात को राजनीतिक तौर पर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।कमलनाथ का छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र महाराष्ट्र की सीमा से लगा हुआ है और वहां के कई इलाकों में कमलनाथ का प्रभाव है और सियासी तौर पर दखलअंदाजी भी है। इतना ही नहीं महाराष्ट्र के औद्योगिक घरानों से भी कमलनाथ की नजदीकियां है। कांग्रेस महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में कमलनाथ के प्रभाव का उपयोग करना चाहती है और इसलिए राहुल गांधी ने उनसे लंबी चर्चा की है।

# नीरज चोपड़ा, मनु भाकर होंगे महिला आयोग के ब्रॉड एंबेसडर



**चंडीगढ़, एजेंसी।** महिला आयोग ने खेल विभाग से ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक खिलाड़ियों की सूची मांगी है। खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों की सूची तैयार कर दो दिन में महिला आयोग को भेज दी जाएगी। सभी खिलाड़ियों के साथ बातचीत के बाद आयोग की तरफ से अंतिम सूची फाइनल की जाएगी।

युवाओं को नशे से दूर रहने और खेल के प्रति जागरूक करने के लिए हरियाणा महिला आयोग एक विशेष अभियान शुरू करने जा रहा है।

इसको लेकर खेलों के क्षेत्र में दुनियाभर में भारत का नाम चमकाने वाले नीरज चोपड़ा, मनु भाकर, नवदीप श्योराण, प्रणव सूरमा समेत 20 ओलंपियन को आयोग ब्रॉन्ड एंबेसडर बनाने की तैयारी कर रहा है। महिला आयोग ने खेल विभाग से ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक खिलाड़ियों की सूची मांगी है। खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों की सूची तैयार कर दो दिन में महिला आयोग को भेज दी जाएगी। सभी खिलाड़ियों के साथ बातचीत के बाद आयोग की तरफ से अंतिम सूची फाइनल की जाएगी, लेकिन प्रदेश के 20 ओलंपियन को महिला आयोग का ब्रॉन्ड एंबेसडर बनाना तय है।

महिला आयोग की तरफ से 20 अक्तूबर को पानीपत में एक कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। आयोग की तरफ से इन सभी 20 ओलंपियन को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। इसके लिए खिलाड़ियों से संपर्क किया जा रहा है।

### जिलों में कार्यक्रम आयोजित कराएगा आयोग

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने बताया कि आयोग की तरफ से प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए मुहिम चलाई जाएगी। इसके तहत आयोग की तरफ से अलग-अलग जिलों में जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित कराए जाएंगे। जिस जिले में जागरूकता कार्यक्रम होगा, उस जिले के 20 से 25 स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया जाएगा। इसी कार्यक्रम में आने वाले ब्रॉन्ड एंबेसडर छात्र-छात्राओं को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएंगे। ये महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर भी युवाओं को जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि महिला आयोग का स्लोगन है कि गलत नशे

### से दूर रहो, खेल का नशा करो।

महिला आयोग युवाओं को नशे से दूर रहने और खेल के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान पर काम करेगा। इसी के तहत प्रदेश के 20 ओलंपियन को राज्य महिला आयोग का ब्रॉन्ड एंबेडसर बनाया जा रहा है। इसकी प्रक्रिया चल रही है। 20 अक्तूबर को पानीपत में कार्यक्रम आयोजित कर इसकी अधिकारिक घोषणा भी कर दी जाएगी।



आशालता के नाम दर्ज होगा रिकॉर्ड

# 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बनेंगी

**काठमांडू, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने यहां जारी बयान में कहा, मार्च 2011 में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका में ओलंपिक पूर्व मुकाबले में जब उन्होंने पहली बार भारतीय शर्ट पहनी थी, तो बहुत कम लोगों ने सोचा होगा कि आशालता देवी भारतीय महिला फुटबॉल में इस तरह का मुकाम हासिल करेंगी।

कप्तान आशालता देवी पाकिस्तान के खिलाफ गुरुवार को यहां सैफ चैंपियनशिप के शुरुआती मैच के लिए मैदान पर उतरेगी तो 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बन जाएंगी। मणिपुर की 31 साल कि इस खिलाड़ी ने मार्च 2011 में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका में ओलंपिक पूर्व टूर्नामेंट में भारत के लिए पदार्पण किया। तब से इस स्टार डिफेंडर ने एक लंबा सफर तय किया है।अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने जारी बयान में कहा, मार्च 2011 में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका में ओलंपिक पूर्व मुकाबले में जब उन्होंने पहली बार भारतीय शर्ट पहनी थी, तो बहुत कम लोगों ने सोचा होगा कि आशालता देवी भारतीय महिला फुटबॉल में इस तरह का मुकाम हासिल करेंगी। आशालता को 2008 में भारत की अंडर-17 टीम के लिए बुलाया गया था जब वह 15 साल की थीं।

इम्फाल में जन्मी इस खिलाड़ी ने 13 साल की उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू किया। वह शुरुआत में भारतीय रेलवे फुटबॉल टीम में थी और 2015 में मालदीव के न्यू रेडियंट महिला फुटबॉल क्लब में शामिल हुईं। उन्होंने इसके बाद भारत में इंडियन वुमेन लीग में राइजिंग स्टूडेंट क्लब (कटक), केआरवाईपीएचएसए (इम्फाल), सेतु (मदुरै) और गोकुलम केरल का प्रतिनिधित्व किया। वह फिलहाल ईस्ट बंगाल के साथ हैं।

आशालता ने यहां पहुंचने के बाद कहा, मैं उत्साहित और खुश हूं कि मैं पाकिस्तान के खिलाफ अपना 100वां मैच खेलूंगी। हमारा ध्यान हालांकि सभी मैचों को जीतकर ट्रॉफी को घर वापस ले जाने पर होगा। नेपाल आने का यही मुख्य सपना और मकसद है। उन्होंने कहा, मैं चैंपियनशिप के सभी मैचों का इंतजार कर रही हूं क्योंकि यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। हमें पिछले सैफ में पहले ही झटका लग चुका है, लेकिन इस बार यह अलग होगा। भारत 2022 सत्र में खिताब का बचाव करने में विफल रहा था।

## सचिन तेंदुलकर की मौजूदगी बनी NCL चैम्पियंस शिकागो क्रिकेट क्लब के लिए यादगार



**डलास, एजेंसी।** चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने राष्टीय क्रिकेट चैम्पियनशिप में शिकागो क्रिकेट क्लब को विजेता की ट्रॉफी प्रदान करके उनके लिये इसे यादगार पल बना दिया। शिकागो ने डलास यूनिवर्सिटी में अटलांटा क्रिकेट क्लब को फाइनल में हराकर खिताब जीता। दुनिया भर में एनसीएल को ढाई अरब से अधिक लोगों ने देखा। तेंदुलकर ने शिकागो के मुख्य कोच रॉबिन उथप्पा को ट्रॉफी दी, दर्शकों से बात की, हाथ मिलाया और तस्वीरें भी खिंचवाई। उन्होंने कहा, 'क्रिकेट ने मुझे इतना कुछ दिया है और यहां डलास में फाइनल देखकर और ट्रॉफी विजेता को देकर बहुत अच्छा लग रहा है। लोगों के उत्साह को देखकर लगता है कि अमेरिका में क्रिकेट का भविष्य उज्जवल है।



### टी-10 लीग खेलते दिखेगा चंद महीनों पहले रिटायर हुआ भारतीय क्रिकेटर, राशिद खान-जोस बटलर भी होंगे हिस्सा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अफगानिस्तान के स्टार क्रिकेटर राशिद खान, इंग्लैंड के व्हाइट बॉल कैप्टन जोस बटलर और इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के बाद संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक उन हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो 2024 अबू धाबी टी10 में खेलते दिखेंगे। बांग्ला टाइगर्स ने राशिद और कार्तिक को चुना, जबकि डेक्कन ग्लेडिएटर्स ने मार्कस स्टोइनिस के साथ बटलर को भी अपने साथ जोड़ा। रिपोर्ट के अनुसार बटलर को निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल और महेश तीक्ष्णा के साथ खेलते देखा जाएगा, जिन्हें ग्लेडिएटर्स ने रिटेन किया था। इस बीच, तीक्ष्णा के श्रीलंकाई टीम के साथी मतिशा को पथिराना न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने अपने साथ जोड़ लिया है। स्ट्राइकर्स, पिछली बार की विजेता है। उसने अपने कोर खिलाड़ियों कीरोन पोलार्ड, सुनील नरेन, अकील हुसैन, मोहम्मद आमिर को रिटेन किया है।

#### कार्तिक ने तीसरा फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट साइन किया

यूएई के मुहम्मद वसीम और मुहम्मद जवादुल्लाह की जोड़ी को भी टी10 फ्रेंचाइजी ने रिटेन किया है। दोनों आईएलटी20 में शारजाह वारियर्स के लिए भी खेल चुके हैं। अबू धाबी टी10, कार्तिक द्वारा साइन किया गया तीसरा फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट है। इससे पहले उन्होंने लीजेंड्स लीग 2024 और एसए20 2025 में हिस्सा लिया था। इससे पहले उन्होंने अंतरराष्ट्रीय और भारतीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। 39 वर्षीय कार्तिक को आईपीएल 2025 के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का बैटिंग कोच और मेंटर भी नियुक्त किया गया था।

#### कार्तिक के साथ खेलते दिखेंगे शाकिब

हाल ही में अपने टी20 क्रिकेट को अलविदा कहने वाले शाकिब अल हसन अबू धाबी टी10 में टाइगर्स में कार्तिक और आयरलैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश लिटिल साथ खेलते दिखेंगे। नॉर्दर्न वॉरियर्स में फिन एलन के साथ ट्रेंट बोल्ट फिर से खेलते दिखेंगे, जबकि लॉकी फर्ग्यूसन टीम अबू धाबी में शामिल हुए, जिसने जॉनी बेयरस्टो और शिमरॉन हेटमायर को भी साइन किया। इस सीजन में अबू धाबी टी10 का विस्तार दस टीमों की लीग में होगा, जिसमें बोल्ट अजमान और यूपी नवाब नई टीमें हैं।

# एक ओवर में 6 चौके 7 बल्लेबाजों ने जमाए, फिर श्रीलंका के पथुम निसंका का ऐसा करना सबसे अलग क्यों?



**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टी-टी-20 मुकाबला 15 अक्टूबर को दांबुला में खेला गया. इस मैच में श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को हराकर पहले टी-20 में मिली हार का हिसाब बराबर कर लिया. श्रीलंका ने दूसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को 73 रन से हराया, जिसके साथ ही 3 टी-20 की सीरीज अब रोमांचक मोड़ पर आ चुकी है. दूसरे टी-20 में श्रीलंका तो जीत गई. लेकिन उसके बल्लेबाज पथुम निसंका ने जो हाल वेस्टइंडीज के गेंदबाज शमर जोसेफ का किया, उसकी चर्चा सारी ओर है. निसंका ने जोसेफ के एक ओवर में 6 चौके लगाए. सवाल ये है कि अब तक 7 बल्लेबाज ऐसा कर चुके हैं, फिर निसंका का किया ये कारनामा सबसे अलग कैसे हुआ?

### पथुम निसंका ने एक ओवर में लगाए 6 चौके

पथुम निसंका ने दूसरे टी-20 में शमार जोसेफ के खिलाफ एक ही ओवर में 6 चौके, श्रीलंकाई पारी के चौथे ओवर में जमाया. इस ओवर में लगातार 6 चौके जड़ते हुए पथुम निसंका ने शमर जोसेफ के खिलाफ 25 रन बनाए. इसमें एक रन वाइड का भी शामिल है. शमर जोसेफ की तीसरी गेंद वाइड रही थी. कैरेबियाई गेंदबाज के खिलाफ श्रीलंकाई बल्लेबाज के टूटे कहर का ये वीडियो अब सुर्खियों में है.

### 6 चौके जड़ना सबसे अलग क्यों?

अब सवाल है कि एक ओवर में 6 चौके पहले भी लगे हैं, फिर पथुम निसंका पिछले सारे बल्लेबाजों से अलग कैसे हुए? क्यों उनका एक ओवर में 6 चौके लगाना सबसे अलग हुआ? इस सवाल का जवाब है टी20 इंटरनेशनल मैच. बेशक, पथुम निसंका एक ओवर में 6 चौके लगाने वाले दुनिया के 7वें और तिलकरत्ने दिलशान के बाद श्रीलंका के दूसरे बल्लेबाज हैं. लेकिन, टी20 इंटरनेशनल में ऐसा करने वाले वो पहले बल्लेबाज हैं. बस यही वजह है उनके बाकियों से अलग होने की. निसंका से पहले इन्होंने लगाए एक ओवर में 6 चौके

पथुम निसंका से पहले जिन 6 बल्लेबाजों ने एक ओवर में 6 चौके लगाए, उनमें संदीप पाटिल (टेस्ट), क्रिस गेल (टेस्ट), अजिंक्य रहाणे , तिलकरत्ने दिलशान (वनडे), रामनरेश सरवन (टेस्ट) और पृथ्वी शॉ शामिल हैं.

### श्रीलंका की जीत के हीरो बने निसंका

जहां तक वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 में पथुम निसंका के ओवरऑल प्रदर्शन की बात है तो उन्होंने ओपनिंग करते हुए 49 गेंदों पर 54 रन बनाए, जो कि उनके टी-20 करियर का 12वां अर्धशतक है. इस पारी के दौरान निसंका ने कुसल मेंडिस के साथ टी-20 में 1000 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप पूरी की और ऐसा करने वाली श्रीलंका की पहली जोड़ी बने.

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद लियोनेल मेसी का बयान

## बताया संन्यास को लेकर क्या है प्लान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** फुटबॉल जगत में पिछले दो दशकों से अर्जेंटीना के लियोनल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बीच प्रतिद्वंद्विता चल रही है। दोनों अंतरराष्ट्रीय और प्रोफेशनल फुटबॉल में एक-दूसरे के रिकॉर्ड तोड़ते आ रहे हैं।

मंगलवार को मेसी ने रोनाल्डो का सबसे ज्यादा हैट्रिक का रिकॉर्ड तोड़ा। इस रिकॉर्ड को तोड़ने के बाद मेसी ने अपने रिटायरमेंट को लेकर भी बड़ी बात कही। वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच में लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना बोलिविया का सामना कर रही थी। इस मैच में उन्होंने 6-0 से जीत हासिल की जिसमें मेसी की हैट्रिक का अहम रोल था।

37 साल के मेसी ने 19वें, 84वें और 86वें मिनट में गोल किए। अर्जेंटीना के दो गोल मेसी की पास पर हुए। उन्होंने लोटारो मार्तिनेज और जूलियन अल्वारेज के किए गए गोल में एसिस्टेंट की भूमिका निभाई थी। यह मेसी के करियर की 10वीं अंतरराष्ट्रीय हैट्रिक थी। इस मामले में उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की बराबरी की। वह दूसरे ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 10 हैट्रिक लगाई है।

दोनों सबसे ज्यादा हैट्रिक लगाने वाली खिलाड़ी हैं। लियोनल मेसी ने मैच को लेकर कहा, 'यहां आकर, लोगों का प्यार महसूस करके बहुत अच्छा लगता है, जिस तरह से वे मेरा नाम पुकारते हैं, उससे मैं बहुत प्रभावित होता हूं। यह मुझे प्रेरित करता है। मैं जहां हूं, वहां खुश रहना पसंद करता हूं। अपनी उम्र के बावजूद, जब मैं यहां आता हूं, तो मैं खुद को एक बच्चे की तरह महसूस करता हूं क्योंकि मैं इस टीम के साथ सहज हूं। रिटायरमेंट को लेकर मेसी ने कहा, 'मैंने अपने करियर की कोई डेडलाइन नही सोची है। जब तक मैं अच्छा महसूस करता हूं और अपनी इच्छानुसार प्रदर्शन कर सकता हूं, मैं इसका आनंद लेता रहूंगा'।

भारत-न्यूजीलैंड टेस्टः

# बारिश के कारण बिना टॉस के रद्द हुआ पहले दिन का खेल

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल बुधवार को बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इस दौरान टॉस भी नहीं हो सका। बेंगलुरु में बारिश की शुरुआत सुबह सात बजे से हुई और पूरे दिन लगभग चलती रही।



अंतिम सत्र दोपहर 2:45 से 4:45 बजे तक होगा। शाम को ओवर पूरा ना होने पर खेल को आधे घंटे के लिए बढ़ाया जा सकता है। पहले दिन के खेल को जब 2.30 बजे रद्द घोषित किया गया, तो बारिश और तेज हो गई। हालांकि दूसरे दिन फिर से बारिश का ही पूर्वानुमान है। यूं तो चिन्नास्वामी स्टेडियम का ड्रेनेज सिस्टम बहुत अच्छा है और एक मिनट में लगभग 10 हजार लीटर पानी को ड्रेन कर सकता है। लेकिन एक और बाधा यह भी है कि खराब मौसम के कारण ब्रॉडकास्टर हॉकआई को भी फॉर्मेट करके नए मैच के लिए तैयार नहीं कर सके हैं। इसमें लगभग एक घंटा लग सकता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीनों टेस्ट मैचों में जीत से भारत की अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावना बढ़ जाएगी।

एशेज सीरीज 2025-26 का शेड्यूल जारी

# 21 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा पहला मुकाबला

**मेलबर्न, एजेंसी।** एशेज सीरीज 2025-26 का शेड्यूल जारी हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को शेड्यूल का ऐलान किया। इसके अनुसार 142 साल पुरानी इस सीरीज का पहला मुकाबला 21 से 25 नवंबर के बीच पर्थ में खेला जाएगा। 1982-83 के बाद पहली बार इस सीरीज का पहला मुकाबला ब्रिसबेन की बजाय पर्थ में हो रहा है। इस बार इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रही है। पिछले सीजन में सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही थी। तब ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इंग्लैंड का दौरा किया था। दुनिया की सबसे पुरानी सीरीज द एशेज की शुरुआत 1882 में हुई थी। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड 1877 से टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं। दुनिया का पहला टेस्ट मैच भी इन्हीं देशों के बीच खेला गया था। यह मुकाबला 15 से 19 मार्च 1877 को मेलबर्न में



खेला गया। बाद में इसी सीरीज का नाम एशेज पड़ा। कंगारुओं ने 34 सीरीज जीतीं, इंग्लैंड ने 32 ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच हुई एशेज में ऑस्ट्रेलिया का पल?ा भारी है। अब तक दोनों देशों के बीच 73 सीरीज खेली गई हैं। इसमें से ऑस्ट्रेलिया ने 34 सीरीज जीतीं। वहीं, इंग्लैंड ने 32 सीरीज अपने नाम की हैं। बाकी की बची 7 सीरीज ड्रॉ रहीं।

डॉन ब्रेडमैन आज भी एशेज के टॉप स्कोरर एशेज सीरीज के टॉप 5 बैटर में से 3 ऑस्ट्रेलिया के हैं। इन बल्लेबाजों में सबसे पहला नाम डॉन ब्रैडमैन का आता है। ब्रैडमैन ने साल 1928 से साल 1948 के बीच 37 मैच में 5048 रन स्कोर किए। दूसरी ओर इंग्लैंड की ओर के टॉप बैटर जैक हॉब्स हैं। साल 1908 से 1930 के बीच हॉब्स ने 41 मैच में 3636 रन बनाए। एक्टिव प्लेयर्स में स्टीव स्मिथ टॉप पर हैं, उन्होंने 37 मैच में 3417 रन बनाए हैं। इसके बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट हैं। रूट ने 34मैच में 2428 रन स्कोर किए।

शेन वॉर्न ने लिए हैं सबसे ज्यादा विकेट एशेज के टॉप 5 गेंदबाजों में भी ऑस्ट्रेलिया के 4 शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के लीजेंडरी स्पिनर शेन वॉर्न टॉप पर हैं। उन्होंने साल 1993 से 2007 के बीच 36 मैच में 195 विकेट लिए हैं। इंग्लैंड की ओर से टॉप विकेट टेकर स्टुअर्ड ब्रॉड हैं।

## न्यूज बाइट्स

### बालू के अवैध उत्खनन मामलें में फरार आरोपी गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह पुलिस ने शेखपुरा गांव निवासी गुमानी यादव उर्फ नागेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि नागेंद्र कुमार गोह थाना कांड संख्या 66/22 का फरार अभियुक्त था। पुलिस ने पहले उसका ट्रैक्टर से अवैध बालू लदा पकड़ा था, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस ने गुप्त सुचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### वारंटी गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह पुलिस ने जमुआईं गांव से अजय शर्मा को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि अजय शर्मा के खिलाफ न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था और वह बहुत दिनों से फरार चल रहा था। पुलिस ने अजय शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### दहेज हत्याकांड का आरोपी ससुर गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज पुलिस ने दहेज हत्याकांड के एक मामले में फरार आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि गया जिला के बांके बाजार थाना के सौंन्दाहा गांव निवासी महेंद्र यादव ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसमें बताया कि पुत्री अनिता कुमारी का विवाह कपूर बिगहा निवासी रंजीत यादव, से हुई थी। विवाह के बाद 5 लाख रुपया की मांग ससुराल पक्ष से किया गया था। नहीं देने पर अनिता देवी की हत्या कर दी गयी। जिसमें पति रंजीत यादव, ससुर राजेंद्र यादव , सास राजकुमारी देवी, भैसुर सुनिल यादव, धनजीत यादव, सुजीत यादव, आत्मा यादव, सहित दो गोतनी को नामजद आरोपी बनाया।

### विद्युत स्पर्शाघात से महिला की मौत, परिजनों में मातम

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** मदनपुर थाना के सीमावर्ती आमस थाना क्षेत्र के ढिबरा गांव में एक खेत में टूट कर गिरे बिजली के तार के चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि बुधवार को ढिबरा निवासी बिजेंद्र यादव की पत्नी 45 वर्षीया सुनैना देवी अपने घर से 1 बजे खेत में घांस काटने गई थी। खेत में पूर्व से बिजली का तार टूट कर गिरा पड़ा हुआ था। जिसे वह देख नहीं सकी और घांस काटने के क्रम में तार में स्पर्श कर गई, जिससे वह छटपटाने लगी। तभी उसी रास्ते से स्कूल के छात्र छात्राएं जा रहे थे। छटपटाते देख शोर मचाए।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक

# गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें सुनिश्चित कराने की दिशा में करें कार्य : डीएम

**निज संवाददाता** | (औरंगाबाद)

बुधवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो। अनवर आलम ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति पर प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, नियमित टीकाकरण, वेक्टर जनित रोग, गैर संचारी रोग, संस्थागत प्रसव, अस्पतालों में डायग्नोस्टिक सेवाओं की उपलब्धता, इंजरी एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट, और हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों के संचालन पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए सरकारी अस्पतालों के प्रबंधन को पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा।

उन्होंने सभी सरकारी अस्पतालों में साफ-सफाई की उत्कृष्ट व्यवस्था बनाए रखने, आवश्यक दवाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने, और अस्पताल प्रबंधन को मरीजों की सुविधाओं का ध्यान रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा, सिविल सर्जन को सुझाव दिया गया कि अवैध रूप से संचालित अस्पतालों, क्लिनिकों, अल्ट्रासाउंड केंद्रों, और जांच केंद्रों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सभी हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों पर सरकार द्वारा निर्धारित सूची के अनुसार दवा और जांच की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिले के सभी बीसीएम को आशा कार्यक्रमों के प्रति अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्वास्थ्य संस्थानों में जन्म के 21 दिनों के भीतर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए। यदि इसमें विलंब होता है तो फाइन की व्यवस्था लागू होगी। उन्होंने संस्थागत प्रसव बढ़ाने के लिए निर्देश देने के साथ-साथ सभी प्रसव लाभार्थियों को एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने का भी सुझाव दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. रवि भूषण श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. किशोर कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश प्रसाद सिंह, जिला संचारी एवं गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन, और अन्य कई प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा, सभी अस्पताल एवं स्वास्थ्य प्रबंधक, सामुदायिक उत्प्रेरक, और विकास भागीदार जैसे विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, यूएनडीपी, पिरामल स्वास्थ्य, और सी थ्री के प्रतिनिधि भी इस बैठक में शामिल हुए। इस बैठक का उद्देश्य जिले के स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना और नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी सजगता से करने की अपील की, ताकि स्वास्थ्य क्षेत्र में आवश्यक सुधार संभव हो सके।

## भूमि मुआवजा के लिए कई प्रखंडों में विशेष शिविर का आयोजन

**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** भारतमाला परियोजना के तहत वाराणसी-कोलकाता खण्ड के 4/6 लेन पथ निर्माण के लिए मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के उद्देश्य से 17 अक्टूबर 2024 को सुबह 10 बजे पूर्वा० प्रखंड कार्यालय, नवीनगर, कुटुम्बा और देव के सभागार में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार, एनएच-120 दाउदनगर नगर बाईपास के निर्माण हेतु भी रैयतों को मुआवजा भुगतान में त्वरित सहायता देने के लिए उसी दिन और समय पर पूर्वा० तरार एवं तरारी मौज के पंचायत सरकार भवन, तरार में एक अलग कैंप आयोजित होगा। इस कैंप में संबंधित अंचल के राजस्व कर्मचारी, अचल निरीक्षक और राजस्व अधिकारी जमाबंदी पंजी तथा अन्य अभिलेखों के साथ उपस्थित रहेंगे। यहाँ पर रैयतों को एलपीसी (भूमि प्रमाण पत्र) निर्गत करने की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। इसके साथ ही, पंचायत सचिव और ग्राम कचहरी सचिव भी उपस्थित रहेंगे, जो वंशावली से संबंधित आवेदन प्राप्त करेंगे।

## फरार नक्सली गिरफ्तार, चार थानों में सात केस दर्ज

**निज संवाददाता** | मदनपुर (औरंगाबाद)



औरंगाबाद पुलिस ने बुधवार को एक वांछित नक्सली तपेश्वर भुइयां उर्फ कपिल भुइयां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कासमा थाना क्षेत्र के जगरूप बीघा दुगुल गांव निवासी 55 वर्षीय तपेश्वर भुइयां को कासमा पुलिस ने एक छापेमारी अभियान के दौरान गिरफ्तार किया। मदनपुर अनुमंडल के डीएसपी अमित कुमार ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि औरंगाबाद एसपी के निर्देश पर फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जिले भर में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कासमा पुलिस को सूचना मिली कि नक्सली तपेश्वर भुइयां अपने घर जगरूप बीघा दुगुल आया हुआ है। इसके बाद पुलिस ने चाल्हो पहाड़ के पास एक झोपड़ी में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। तपेश्वर भुइयां के खिलाफ औरंगाबाद जिले के चार थानों में 7 मामले दर्ज हैं। इनमें नक्सली गतिविधियों और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए हैं। कासमा थाना में 2, खुदवा थाना में 2, सलैया थाना में 2 और मदनपुर थाना में 1 प्राथमिकी दर्ज है। वह लंबे समय से फरार था और पुलिस की गिरफ्त से बचता आ रहा था। गिरफ्तारी के इस अभियान में कासमा थाना अध्यक्ष इमरान आलम के नेतृत्व में कई पुलिसकर्मी और अधिकारी शामिल थे। टीम में एसआई राजीव कुमार, ललन प्रसाद यादव, एएसआई अरुण कुमार सिंह, पीटीसी नवीन कुमार, उपेंद्र महतो, सिपाही मनीष कुमार, राज निगम कुमार, गोविंद सिंह कुशवाहा, दिवाकर ठाकुर, उपेंद्र कुमार, और चौकीदार गुड्डू कुमार ओमप्रकाश कुमार ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**निज सं.** | नवीनगर (औरंगाबाद)

देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई सशस्त्र सीमा बल काला पहाड़ और नबीनगर पुलिस के द्वारा संयुक्त कार्रवाई में की गई। पकड़े गए युवक की पहचान थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी शंभू सिंह के 23 वर्षीय पुत्र अमन कुमार के रूप में की गई है। सशस्त्र सीमा बल काला पहाड़ को सूचना मिली कि उक्त युवक के पास अवैध हथियार और कारतूस हैं। सूचना के आलोक में कार्रवाई के फलस्वरुप देसी कट्टा और कारतूस के साथ पकड़ा गया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने बताया कि संदर्भ में आवश्यक पूछताछ के बाद युवक को जेल भेज दिया गया।

अनुग्रह मध्य विद्यालय के टॉपर्स को एसडीएम ने किया सम्मानित

# पुरातन छात्र एवं समुदाय विद्यालय के विकास में भागीदार बनें : एसडीएम

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय में हाल ही में अर्धवार्षिक परीक्षा के टॉपर्स का एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रिंसिपल उदय कुमार सिंह ने की। समारोह के मुख्य अतिथि औरंगाबाद के एसडीएम संतन कुमार सिंह रहे, जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मनोरमा ईयर बुक, डेरेक ओ ब्रायन की क्विज बुक समेत कई मूल्यवान पुरस्कार प्रदान किए। प्रिंसिपल उदय कुमार सिंह ने बताया कि इन पुरस्कारों में शामिल सभी किताबें विद्यालय के पूर्व छात्र विजय कुमार गुप्ता द्वारा अहमदाबाद से भेजी गई थीं। समारोह के दौरान, एसडीएम ने विजय के प्रति सम्मान जताते हुए उनके लिए तालियां बजवाईं और कहा कि विद्यालय के विकास में समुदाय और उसके पूर्व छात्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

एसडीएम ने प्राचार्य उदय कुमार सिंह की संगठनात्मक क्षमता की सराहना की और बताया कि उन्होंने विद्यालय को पीएम श्री स्कूल के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके साथ ही, उन्हें राजकीय पुरस्कार प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित डीपीओ स्थापना दया शंकर सिंह ने बताया कि इस वर्ष अर्धवार्षिक परीक्षा का आयोजन एक नए और प्रभावी तरीके से किया गया था, जिससे पूरी प्रक्रिया सफल रही। मूल्यांकन का कार्य दूसरे विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया, जिसने परीक्षा की गुणवत्ता को और भी बढ़ाया। इस समारोह में जिले में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षु वरीय उप समाहर्ताओं बेबी प्रिया, रितेश कुमार और मोहित आनंद ने भी भाग लिया। उन्होंने टॉपर्स बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनका हौसला बढ़ाया। सम्मानित होने वाले बच्चों में शिवम कुमार, आदित्य कुमार, रितीकेश कुमार, पार्थ, मानवी, अनुप्रिया, लवली और दिव्यांशी शामिल हैं। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के मानसिक विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं।

## एनटीपीसी ने प्रारम्भिक विद्यालय का किया शिलान्यास

**निज सं.** | नवीनगर (औरंगाबाद)



एनटीपीसी (नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन) के मुख्य महाप्रबंधक सह परियोजना प्रमुख चन्दन कुमार सामंता ने बुधवार को नबीनगर प्रखंड के रघुनाथपुर गांव में एक प्रारम्भिक विद्यालय के निर्माण का शिलान्यास किया। यह विद्यालय एनटीपीसी नबीनगर द्वारा अपने नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत बनाया जा रहा है। इस विद्यालय के निर्माण से रघुनाथपुर और आसपास के गांवों के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। यह विद्यालय शिक्षा के विकास और विस्तार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्कूल भवन में बच्चों की आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद, इस भवन को बिहार सरकार को सौंप दिया जाएगा। शिलान्यास समारोह के पूर्व, चन्दन कुमार सामंता ने गांववासियों से मुलाकात की और एनटीपीसी के अन्य अधिकारियों के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण भी किया। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी नबीनगर के महाप्रबंधक (ओएंडएम) के डी यादव, महाप्रबंधक (परिचालन) एके त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रॉय थॉमस सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी नबीनगर अपनी नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक विकास योजना के तहत परियोजना के निकटवर्ती क्षेत्रों में निरंतर शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के विकास के लिए सक्रियता से काम कर रहा है। इस विद्यालय की स्थापना इस दिशा में एक और कदम है, जो ग्रामीण बच्चों को बेहतर भविष्य की ओर ले जाने में मदद करेगी।

## गला रेतकर अधेड़ की हत्या, गांव में मातम

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** स्थानीय थाना के बाला बिगहा गांव के 55 वर्षीय बालदेव महतो की गला रेतकर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना बाला बिगहा गांव की है। मुर्गी फॉर्म से पुलिज़ ने शव बरामद किया है। देखते हीं ग्रामीणों की भीड़ लग गई।।पुलिस शव कब्जे में ले रही थी कि ग्रामीणों ने विरोध कर दिया।ग्रामीण वरीय पदाधिकारी के आने व घटना की उचित जांच कर कार्रवाई की मांग कर रहे थे।घटना की खबर सुन दाऊदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषिराज पुलिसबल के साथ घटना स्थल पहुंचे। परिजनों से पूछताछ किया। फोरेंसिक टीम से जांच कराकार उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया तब जाकर ग्रामीण शांत हुए। मृतक की पत्नी राधिका देवी के व्यान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## समाज निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका : एसडीपीओ



**निज संवाददाता** | हसपुरा(औरंगाबाद)

हसपुरा प्रखंड के फतेगंज गांव स्थित श्री श्रवण कुमार बीएड कॉलेज में बुधवार को नए सत्र की शुरूआत को लेकर उन्मुखीकरण समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्ष विकास कुशवाहा ने सभी अतिथियों को अंग-वस्त्र से सम्मानित किया। दाऊदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषिराज ने नए सत्र के विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों के कंधों पर समाज निर्माण की पूरी जवाबदेही होती है।

## डीएम का देव प्रखंड में विकास योजनाओं का निरीक्षण

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

बुधवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने देव प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चल रही विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा, पंचायती राज, और स्कूलों के संबंध में विभिन्न कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। श्री शास्त्री ने इसरौर पंचायत के बिशनपुर स्कूल और उसके खेल मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि स्कूल की सुविधाओं में सुधार हो सके। इसके बाद, उन्होंने सरगांव पंचायत में पुस्तकालय के लिए स्थल चयन हेतु जुड़ी बिगहा और केसौर गांव का भ्रमण किया। केसौर गांव में निर्मित सामुदायिक भवन को मरम्मती कर पुस्तकालय में तब्दील करने का निर्देश दिया गया, जिससे स्थानीय लोगों को पढ़ाई और ज्ञान का लाभ मिल सके।

इसके अलावा, जिला पदाधिकारी ने मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया, जिसमें पौधा रोपण और पेवर ब्लॉक की स्थापना शामिल थी। उन्होंने इन कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति पर ध्यान दिया।

# थानाध्यक्ष पर 35 हजार रुपए के रिश्वत का आरोप



**निज संवाददाता** | गोह (औरंगाबाद)

जिला के गोह थाना क्षेत्र के देवहरा गांव निवासी गोरख चौधरी के पुत्र रवि कुमार ने गोह थानाध्यक्ष पर 35 हजार रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। यह आरोप मारपीट के मामले को समझौता करवाने को लेकर कहा गया है। मामले को लेकर पीड़ित रवि ने अपना पैसा वापस करवाने की मांग को लेकर औरंगाबाद एसपी से गुहार लगाया है। इसकी जानकारी एसपी को आवेदन के माध्यम से दी गई है।

मामले को रवि ने बताया कि 9 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे के आसपास मेरे और मेरे चाचा कपिल चौधरी के बीच आपसी विवाद और झगड़ा झंझट हो गया था। इस बात की जानकारी चौकीदार नाथुन पासवान ने गोह थाना अध्यक्ष कमलेश पासवान को दिया। जिसके बाद थानाध्यक्ष ने दोनों पक्ष को थाना बुलाया। मेरे पक्ष से समझौता करवाने के लिए अखिलेश चौधरी, लोटन चौधरी विनय चौधरी, राजू चौधरी एवं राजेश चौधरी थाना परिसर पहुंचे। उक्त लोग के मुंह से शराब का गंध आ रहा था। उक्त पांचों व्यक्ति को अल्कोहल पुष्टि उपरांत पुलिस ने हिरासत में ले लिया। हिरासत में लेने के बाद शेखपुरा गांव के सुदर्शन पासवान उर्फ भोला पासवान ने कहा कि बड़ा बाबू 35000 मांग रहे हैं, और यहीं से मामला को रफा दफा कर देंगे। इसके बाद मैंने अपने मोबाइल नंबर ( पे फोन ) 703329**** से 14000 भोला पासवान के पे फोन नंबर 620259**** पर ट्रांसफर किया और 21000 भोला पासवान के हाथ में नगद दिया। उक्त लेनदेन थाना

## अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की सक्रियता, कई गिरफ्तारियां और बरामदगी

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

बुधवार को नवीनगर थाना में एक महत्वपूर्ण घटना के तहत अमन कुमार, पिता-शंभु सिंह, निवासी रामनगर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक देशी कट्टा और दो जीवित कारतूस बरामद हुए। यह गिरफ्तारी आर्म्स एक्ट के तहत की गई और यह स्थानीय पुलिस की सक्रियता को दर्शाती है। 15 अक्टूबर को ओबरा थाना क्षेत्र में एक और बड़ी कार्रवाई हुई, जिसमें पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी अभियुक्त सुजीत कुमार, जयराम कुमार, विकास कुमार, कंयन कुमार, और नवल कुमार हैं, जो ट्रैक्टर, 120 सी.एफ.टी. बालू और दो मोटरसाइकिल के साथ पकड़े गए। इस मामले में आरोप 303 (2) और 317 (2) बी.एन.एस तथा एमएमडीआर एक्ट के तहत लगाए गए हैं। टण्डया थाना में भी 15 अक्टूबर को एक और ऑपरेशन के दौरान विकास कुमार और शिवभजन कुमार को विदेशी शराब और दो मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम 2018 के तहत की गई थी। कुटुम्बा थाना क्षेत्र में भी गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई, जिसमें रसोइया राजकुमार सिंह के पास से 30.06 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई।

दिबरा थाना में विरेन्द्र भुईया को 40 लीटर देशी शराब और 1000 लीटर विनिष्टीकरण के साथ पकड़ा गया। मदनपुर थाना में राकेश कुमार सिंह उर्फ दुधु सिंह के पास 0.375 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। अम्बा थाना में दीपक कुमार को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास 69.12 लीटर विदेशी शराब और एक मोटरसाइकिल थी। बंदेया थाना में 16 अक्टूबर को 40 लीटर देशी शराब बरामद की गई, जबकि मुफ्फसिल थाना में 172.8 लीटर देशी शराब और एक कार पकड़ी गई। फेसर थाना में अजीत कुमार उर्फ नमकवा को 9.72 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इन सभी मामलों में पुलिस की सक्रियता और अवैध गतिविधियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से स्पष्ट है कि प्रशासन अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से ले रहा है और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए तत्पर है।

बिहार सरकार
भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय
(राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग)
बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त जन जागरुकता श्रृंखला - 8
किस्तवार क्या है ?
किस्तवार दो शब्दों किस्त और वार से मिलकर बना है। किस्त का मतलब होता है जमीन का खण्ड यानि खेत जो कई मेड़ों से घिरा हो। उन्ही मेड़ों को एक निश्चित पैमाने के आधार पर जमीन के हू-ब-हू नक्शा निर्माण करने की प्रक्रिया को किस्तवार कहा जाता है। किस्तवार के माध्यम से प्रत्येक रैयत के हक को संरक्षित रखने हेतु एक मानचित्र का निर्माण किया जाता है। किस्तवार के आधार पर स्वामित्व के अनुसार अधिकार-अभिलेख का निर्माण होता है। अतः सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त में किस्तवार के आधार पर निर्मित अधिकार-अभिलेख ही न्याय-प्रणाली एवं विधि-व्यवस्था में अहम भूमिका अदा करते हैं। किस्तवार के प्रथम चरण में राजस्व ग्राम की सरहद (ग्राम-सीमा) को आधुनिक प्रौद्योगिकी की मदद से निश्चित किया जाता है। गाँव की सरहद पर पड़ने वाले सभी त्रि-सीमानों का नियत स्थान चिन्हित कर वहां पिलर गाड़ने का कार्य किया जाता है ताकि भविष्य में कोई समस्या ना हो। किस्तवार का सारा काम हवाई एजेंसी द्वारा किया जाना है जबकि निर्मित मानचित्र के सत्यापन का काम बन्दोबस्त कार्यालय से जुड़े विशेष सर्वेक्षण अमीन / कानूनगो / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा किया जाना है।
(सर्वेक्षण एवं राजस्व संबंधित विशेष जानकारी के लिए You Tube पर Directorate of Land Records and Survey Bihar सर्च करें)
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित किसी भी समस्या, शिकायत या सुझाव हेतु टॉल फ्री नंबर 18003456215 पर संपर्क किया जा सकता है।
Follow us: RevenueBihar BiharRevenue
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी
PR No.- 010700 (Revenue)D. 2024-25